

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 103 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 21 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# भाजपा में 'नबीन युग' की शुरुआत

## 45 साल की पार्टी को मिला 45 साल का राष्ट्रीय अध्यक्ष

### प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह समेत शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में नितिन नबीन ने संभाली कमान

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल गया है। मंगलवार को औपचारिक रूप से नितिन नबीन ने पार्टी की कमान संभाली। उनके शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के वरिष्ठ नेता, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और संगठन के शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा की स्थापना के 45 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक संयोग पर पार्टी को 45 वर्षीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मिला है। संगठन के भीतर इसे पीढ़ीगत बदलाव और भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाला क्षण माना जा रहा है। युवा ऊर्जा और प्रशासनिक अनुभव के संतुलन के साथ नितिन नबीन से पार्टी को नई राजनीतिक ऊंचाइयों तक ले जाने की अपेक्षा जताई जा रही है।



**रांची से पटना तक का राजनीतिक सफर**

23 मई 1980 को रांची में जन्मे नितिन नबीन की प्रारंभिक शिक्षा पटना के सेंट माइकल हाई स्कूल से हुई। दिल्ली से सीनियर से-केंडरी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। बिहार की राजनीति में उन्होंने खुद को एक जमीनी नेता और कुशल संगठनकर्ता के रूप में स्थापित किया।

**पिता की विरासत, अपनी पहचान**

नितिन नबीन के पिता नबीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे और पटना पश्चिम से चार बार विधायक चुने गए। पिता के निधन के बाद 2006 में उपचुनाव जीतकर नितिन नबीन ने राजनीति में प्रवेश किया और लगातार पांच बार विधायक बनकर अपनी अलग पहचान बनाई।

**नितिन नबीन : एक नजर में**

जन्म : 23 मई 1980, रांची
शिक्षा : पटना व दिल्ली
विधायक : 5 बार
प्रमुख विभाग : सड़क निर्माण, शहरी विकास, विधि
संगठन : युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव
उपलब्धि : छत्तीसगढ़ में भाजपा की सत्ता वापसी के रणनीतिकार

(राजनीतिक उपलब्धि)

**छत्तीसगढ़ जीत से बढ़ा कद**

सिक्किम प्रभारी और छत्तीसगढ़ सह-इंचार्ज के रूप में नितिन नबीन ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया। विपरीत अनुमानों के बावजूद भाजपा की स्पष्ट जीत ने उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व में मजबूत दावेदार बना दिया।

## पीएम मोदी ने दी बधाई

नितिन नबीन ने आज मंगलवार को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाला। वह इस पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के नेता बन गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस



अवसर पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर पार्टी के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के 'संगठन पर्व' के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के लक्ष्मण मंच पर मौजूद थे।

इस दौरान, के. लक्ष्मण ने नितिन नबीन को पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया और उन्हें चुनाव प्रमाण पत्र सौंपा। इस संगठन पर्व के दौरान पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता, जिनमें सभी केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, राज्य इकाई के अध्यक्ष और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य भी मुख्यालय में मौजूद रहे।

भाजपा ने सोमवार को नामांकन और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया, जिससे उनके निर्विरोध चुनाव का रास्ता साफ हो गया और वह पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए।

पिछले साल 14 दिसंबर को नियुक्त 45 वर्षीय राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन को प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और निवर्तमान पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से जबरदस्त समर्थन मिला। वरिष्ठ भाजपा नेताओं, मुख्यमंत्रियों और कई राज्यों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को नबीन के पक्ष में समर्थन पत्र जमा किए, जो मजबूत संगठनात्मक सहमति का संकेत है। एकमात्र उम्मीदवार होने के नाते, नबीन को भाजपा की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषदों के सदस्यों वाले इलेक्टोरल कॉलेज द्वारा औपचारिक रूप से चुना गया। यह प्रक्रिया नियमों के अनुरूप है, जिसके अनुसार एक उम्मीदवार को एक राज्य के कम से कम 20 इलेक्टोरल कॉलेज सदस्यों द्वारा प्रस्तावित किया जाना चाहिए और उसके पास कम से कम 15 साल की पार्टी सदस्यता होनी चाहिए। नबीन का उदय पार्टी संगठन में निरंतरता बनाए रखते हुए युवा नेतृत्व को शामिल करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## यात्रियों ने दिखाई जबरदस्त रुचि, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की टिकटें मिनटों में बुक

### पीएम मोदी ने 17 जनवरी को हरी झंडी दिखाई, पहले व्यावसायिक सफर के लिए टिकट बुकिंग 24 घंटे से भी कम समय में पूरी भर गई

समाज जागरण

नई दिल्ली/कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन की गई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को यात्रियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। रेल मंत्रालय के अनुसार, कामाख्या और हावड़ा के बीच चलने वाली इस ट्रेन की टिकट बुकिंग शुरू होने के कुछ ही घंटों में पूरी भर गई।

रेल मंत्रालय ने बताया कि पहली व्यावसायिक यात्रा 22 जनवरी 2026 को कामाख्या से और 23 जनवरी 2026 को हावड़ा से शुरू होगी। टिकट बुकिंग 19 जनवरी की सुबह 8 बजे शुरू हुई थी और 24 घंटे से भी कम समय में सभी श्रेणियों की सीटें बिक गईं।

**सुविधाएं और अनुभव**

*ट्रेन पूरी तरह वातानुकूलित, सेमी-हाई-स्पीड*
*आधुनिक शयनयान सुविधा, बेहतर यात्रा समय*
*विश्व स्तरीय रात्रिकालीन अनुभव*
*पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के बीच कनेक्टिविटी में सुधार*

रेल मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस नई ट्रेन के माध्यम से पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।





**रेल मंत्री का ऐलान**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को 9 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू करने का ऐलान किया।

**इनमें प्रमुख रूट्स हैं:**

कामाख्या - रोहतक
हावड़ा - आनंद विहार टर्मिनल
बेंगलुरु - अलीपुरद्वार
अलीपुरद्वार - मुंबई
गोमती नगर - डिब्रूगढ़

रेल मंत्रालय के अनुसार, इन नई सेवाओं से लंबी दूरी के यात्रियों को तेज और सुरक्षित विकल्प मिलेगा।

**टिकट बुकिंग का रिकॉर्ड**

*टिकट बुकिंग का त्वरित रिकॉर्ड*

बुकिंग शुरूः 19 जनवरी 2026, सुबह 8:00 बजे
सभी श्रेणियों की सीटेंः 24 घंटे से कम समय में पूरी भर गईं
रूटः कामाख्या - हावड़ा
ट्रेन संख्याः 27576
विशेषताः सेमी-हाई-स्पीड, वातानुकूलित शयनयान

## नोएडा में आरटीई योजना पर सवाल: संपन्न उठा रहे लाभ

### रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी व बीएसए को भेजी शिकायत, योजना में फर्जी लाभ पर कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

नोएडा। आरटीई (राइट टू एजुकेशन) योजना, जो गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा का अधिकार देती है, जनपद गौतम बुद्ध नगर में अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है।

रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन, नोएडा ने जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी को औपचारिक शि-िकायत सौंपी है। एसोसिएशन का आरोप है कि कई संपन्न परिवार फर्जी या गलत तरीके से बनाए गए एक लाख रुपये से कम आय के प्रमाण पत्र के आधार पर आ-रटीई का लाभ उठा रहे हैं।

इस वजह से वे बच्चे, जिनके माता-पिता वास्तव में आर्थिक तंगी में हैं—विशेषकर पथ विक्रेताओं के बच्चे—योजना से बाहर रह जाते हैं।

शिकायत में कहा गया है कि आरटीई योजना का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और सत्यापन प्रक्रिया में कमजोरियों के कारण इसका दुरुपयोग हो रहा है। एसोसिएशन ने इस दुरुपयोग के प्रमाण भी प्रशासन को सौंपे हैं।

**एसोसिएशन की मांग**

नोएडा के पथ विक्रेताओं के बच्चों को आरटीई योजना में विशेष प्राथमिकता
फर्जी आय प्रमाण पत्रों की जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई
गरीब और वंचित बच्चों के शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा

## नोएडा हादसे में अबतक क्या-क्या हुआ ?

नोएडाः नोएडा में हुए हादसे को लेकर लगातार बड़े अपडेट सामने आ रहे हैं. साथ ही कई बड़े एक्शन लिया जा रहा है. पहले मामले की तफ्तीश करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है. वहीं नोएडा अथॉरिटी के सीईओ एम लोकेश को हटा दिया गया. इसके अलावा बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं हादसे के कुछ दिनों के बाद मृतक इंजीनियर युवराज की कार निकाल ली गई है. इसको निकालने के लिए एनड-िआरएफ की टीम बुलाई गई थी. वहीं इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि समस्या केवल भ्रष्टाचार नहीं. समाज में जड़ें फैलाती लालच की वो लत भी है जो भारतीय शासन की जवाबदेही निगल गई है.





## भारत पर 500% टैरिफ का खतरा अब टल गया ? अमेरिका का दावा, लेकिन सच्चाई अलग

### ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के बयान से लग रहा है कि अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए दबाव में सफल माना, जबकि भारत ने न तो खरीद कम की और न ही बंद की

समाज जागरण

नई दिल्ली। अमेरिका में प्रस्तावित 500% टैरिफ बिल को लेकर भारत पर खतरे की चर्चा खत्म होती दिख रही है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने हाल ही में दावा किया कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद कर दी है, और इसी वजह से अब अमेरिका भारत पर 500% टैरिफ लागू नहीं करेगा।

बेसेंट ने कहा, "रूस से तेल खरीदने की वजह से राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगाया था। इससे भारत ने अपनी खरीद कम कर दी और अब रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है।" उनका कहना है कि ट्रंप की नीति का उद्देश्य पूरा हो गया है।



हालांकि, यह दावा वास्तविकता से मेल नहीं खाता। भारत ने न तो रूस से तेल की खरीद कम की है और न ही इसे पूरी तरह बंद किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बेसेंट के बयान के आधार पर अगर अमे-रिका 500% टैरिफ का कदम न उठाए, तो यह भारत के लिए राहत की बात है।

यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रूस से तेल खरीदना शुरू किया था, जिसे ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ के माध्यम से दबाने की कोशिश की थी। भारत की खरीदारी जारी है और अमेरिका के यह मानना कि भारत ने रूस से तेल लेना बंद कर दिया, सत्य से दूर है।

***टैरिफ का पूरा मामला***

***500% टैरिफ बिल और भारत***

अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्तावितः 500% टैरिफ बिल
उद्देश्यः डॉलर के वर्चस्व को बचाना और रूस से तेल की खरीद पर रोक
बेसेंट का दावाः भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद कर दी
वास्तविकताः भारत ने खरीद जारी रखी
नतीजाः फिलहाल 500% टैरिफ लागू होने का खतरा कम

## पहले सेट में पिछड़ने के बावजूद मैडिसन कीज की जीत, ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचीं

समाज जागरण

मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में उनका मुकाबला यूक्रेन की युवा खिलाड़ी ओलेक्जान्द्रा ओलिन्यकोवा से था। मुकाबले की शुरूआत में कीज थोड़ी दबाव में दिखीं, लेकिन अनुभव के दम पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया।

पहले सेट में कीज 0-4 से पीछे चल रही थीं। इतना ही नहीं, टाईब्रेक में भी वह पिछड़ गईं। इसके बावजूद उन्होंने दो सेट प्वाइंट बचाए और पहला सेट 7-6 से जीत लिया।



इसके बाद दूसरे सेट में उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 6-1 से जीत हासिल कर मैच समाप्त किया। कीज वर्ल्ड नंबर 9 खिलाड़ी हैं।

यह मुकाबला ओलिन्यकोवा का पहला ग्रैंड स्लैम मैच था और यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय स्तर का मुकाबला भी था। पिछले कुछ समय से उन्होंने ज्यादा मैच नहीं खेले थे और यह उनका किसी शीर्ष 50 खिलाड़ी के खिलाफ पहला मैच था। बावजूद इसके, उन्होंने शुरूआत में आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाया और कीज को परेशान कर दिया।

# योगी सरकार का स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से सवाल,
## आप क्यों लिखते हैं शंकराचार्य

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और मेला प्रशासन के बीच विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। मेला प्राधिकरण ने उन्हें शंकराचार्य पद के उपयोग पर नोटिस जारी कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया है, जिससे संत समाज में हलचल मच गई है। माघ पूर्णिमा पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपनी शोभायात्रा लेकर संगम स्नान के लिए पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन




ने उन्हें रोका। उनके शिष्यों के साथ कथित धक्का मुक्की और मारपीट के आरोप लगे, जिसके बाद वे बिना स्नान किए लौट आए और धरने पर बैठ गए। स्वामी ने प्रशासन पर लठैतों और गुंडों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया, जबकि मेलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के आदेश के तहत उन्हें शंकराचार्य प्रोटोकॉल नहीं दिया जा सकता। नोटिस में ज्योतिष पीठ शंकराचार्य पद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे केस का जिक्र है, जिसमें स्वामी को पद का दावा करने से रोका गया है।

यह विवाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पुराने संघर्षों की याद दिलाता है। 2022 में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन के बाद उनकी वसीयत से ज्योतिषपीठ शंकराचार्य घोषित हुए, लेकिन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और अन्य संन्यासी अखाड़ों ने इसे नियमों के खिलाफ बताकर अस्वीकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें नया शंकराचार्य बनाने पर रोक लगा दी, फिर भी वे ज्योतिर्मठ का प्रतिनिधित्व करते रहे। 2015 में वाराणसी में गणेश विसर्जन के लिए गंगा स्नान की मांग पर हाईकोर्ट के आदेश तोड़ने पर पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया, जिसमें वे घायल हुए।राजनीतिक मोर्चे पर भी स्वामी विवादों से अछूते नहीं रहे। 2024 में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया, इसे आधा-अधूरा बताते हुए पीएम मोदी की आलोचना की। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर निर्माण में मूर्तियों के अपमान पर 'मंदिर बचाओ यात्रा' निकाली और मोदी सरकार पर निशाना साधा। पिछले साल प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ कांड पर सीएम योगी आदित्यनाथ का इस्तीफा मांग लिया।

माघ मेले का यह नया नोटिस संत समाज और प्रशासनिक तनाव को बढ़ा रहा है। स्वामी ने कहा कि वे मेला क्षेत्र में रहेंगे लेकिन शिविर में प्रवेश नहीं करेंगे, जब तक माफी न मांगी जाए। कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों ने इसे संत अपमान बताया है। स्वामी का इतिहास बताता है कि वे धार्मिक परंपराओं और राजनीतिक हस्तक्षेप के खिलाफ मुखर रहते हैं, जो बार-बार विवादों को जन्म देता है। मामला सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता दिख रहा है, जबकि मेला जारी है।

# राहुल-प्रियंका का ग्लैमर, मीडिया की बेवकूफी या साजिश

संजय सक्सेना,लखनऊ
वरिष्ठ पत्रकार



कांग्रेस का गांधी परिवार भारतीय राजनीति का एक ऐसा रहस्य बना हुआ है जो दशकों से अनसुलझा है। आश्चर्य होता है कि गांधी परिवार की नाकामियां साफ नजर आने के बावजूद कांग्रेसी नेता उनके आगे नतमस्तक क्यों बने रहते हैं? नेहरू युग से शुरू हुआ यह सिलसिला राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा तक पहुंचा है, जहां परिवार के दोनों वारिसों का योगदान कांग्रेस के पतन में कहीं ज्यादा साफ दिखता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में पार्टी का बुरा हाल रहा सीटें घटकर महज 44 और फिर 52 रह गईं। फिर भी कांग्रेसी नेता चुपचाप उनके पीछे लाइन लगाए खड़े हैं। यह वफादारी समझ में आ सकती है, क्योंकि उनके पास परिवार से जुड़े हित, पुरानी दोस्तियां और राजनीतिक उत्तराधिकार की मजबूरियां हैं। लेकिन मीडिया, खासकर इलेक्ट्रॉनिक चैनल्स का यह आकर्षण क्या है? राहुल-प्रियंका की हर छोटी-मोटी गतिविधि, हर बयान को ब्रेकिंग न्यूज बना देना? यह ग्लैमर कहां से आता है, जब तथ्य इनकी राजनीतिक साख को धूल चटाते हैं?कांग्रेसियों की स्थिति तो कुछ हद तक सहानुभूतिपूर्ण लग सकती है। नेहरू-इंदिरा राज की चमक अभी भी उनके दिमाग में बसी है। गांधी परिवार को पार्टी का सूत्रधार मानना उनकी रणनीति का हिस्सा है। राहुल के अध्यक्ष बनने पर भी पार्टी ने हार स्वीकार की, लेकिन विद्रोह नहीं किया। प्रियंका की उत्तर प्रदेश में एंट्री को मास्टर स्ट्रोक समझा गया, पर 2022 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। कांग्रेसी जानते हैं कि गांधी परिवार के बिना पार्टी का कोई भविष्य नहीं है। कांग्रेसियों की मजबूरी है उनको गांधी परिवार से इतर वैकल्पिक चेहरा न होने से डर लगता है। लेकिन मीडिया की यह भक्ति कहां से उपजी? क्या यह नेहरूवादी विरासत का भूत है या कुछ और?

राहुल गांधी पर पप्पू का तमगा चिपक चुका है। संसद में नारे लगाना, विदेश यात्राओं पर बयानबाजी, और चुनावी हार के बाद भगोड़ा बन जाना ये सब तथ्य हैं। 2024 लोकसभा में इंडी गठबंधन में उनकी भूमिका रही, लेकिन कांग्रेस फिर 99 सीटों पर सिमट गई। प्रियंका वाड्रा की कहानी भी कमाल की है। पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी बनीं, लेकिन योगी आदित्यनाथ के सामने धराशायी। वायनाड उपचुनाव में राहुल की हार, प्रियंका की सड़क यात्राएं ये मीडिया में सब सुर्खियां बटोरती रहीं। मीडिया इन्हें मोदी-योगी जैसे दिग्गजों से तौलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से केंद्र तक का सफर तय किया, योगी ने उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त और विकास के पथ पर ला खड़ा किया। ममता बनर्जी ने बंगाल में टीएमसी को मजबूत बनाया, मायावती ने दलित राजनीति को नई ऊंचाई दी, अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी को युवा चेहरा दिया। इनकी साख तथ्यों पर टिकी है विकास, सुशासन, जीत। परंतु राहुल-प्रियंका की साख? सिर्फ वंशवाद और हार की कहानियां।फिर भी टीवी चैनल्स पर राहुल का हर ट्वीट ब्रेकिंग न्यूज। प्रियंका का कोई सड़क शो तो जैसे चुनाव जीत लिया। क्यों? तथ्य बताते हैं कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा वामपंथी विचारधारा से प्रभावित है। नेहरू युग में प्रेस को संरक्षण मिला, आज भी वही पुराना कनेक्शन काम करता है। टीआरपी की होड़ में विवादास्पद बयान बिकते हैं। राहुल का "चौकीदार चोर है" या प्रियंका का मोदी पर हमला ये चटपटे हैं। मोदी का कोई भाषण? बोरिंग विकास गाथा। योगी का बुलडोजर एक्शन? तो सांप्रदायिक करार दो। लेकिन गांधी परिवार को ग्लैमर का चोला पहनाना क्यों? शायद इसलिए कि वे विपक्ष के प्रतीक हैं। विपक्ष कमजोर हो तो सरकार की जवाबदेही कम। मीडिया जानबूझकर गांधी भाइयों-बहनों को फुल कवरेज देता है ताकि विपक्ष का भ्रम बना रहे।

तथ्यों पर गौर करें। 2019 चुनाव में राहुल की अमेठी हार ने परिवार की राजनीतिक पूंजी को चकनाचूर कर दिया। प्रियंका को सोनिया ने मैदान में उतारा, लेकिन परिणाम? जीरो। 2023 मध्य प्रदेश में कांग्रेस हारी, राहुल की भारत जोड़ो यात्रा बेकार। इसके उलट मोदी ने 2014 से तीन चुनाव जीते, योगी ने 2022 में 273 सीटें दिलाईं। अखिलेश ने 37 लोकसभा सीटें झटकीं। ये नेता काम से पहचाने जाते हैं, न कि वंश से। मीडिया की तुलना गलत क्यों? क्योंकि राहुल को युवा चेहरा कहना मजाक है। उम्र में अखिलेश से बड़े, पर उपलब्धि शून्य। प्रियंका को महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया जाता है? जबकि पार्टी में महिलाओं की भागीदारी घट रही है।गांधी खानदान के प्रति यह ग्लैमर का भ्रम क्यों टूटता नहीं? सोशल मीडिया पर गांधी परिवार को ट्रोल किया जाता है, लेकिन मुख्यधारा मीडिया चुप। क्योंकि चैनल्स के मालिकों के हित जुड़े हैं। पुरानी कांग्रेसी सरकारों से लाभ मिला। आज भी विपक्षी ध्रुवीकरण से फायदा। राहुल का अमेरिका दौरा जहां वे "डेमोक्रेसी खतरे में" बोलते हैं, वहां मोदी की जी-20 सफलता दब जाती है। प्रियंका का हर बयान महत्वपूर्ण बन जाता है। तथ्य कहते हैं इनकी लोकप्रियता घटी है। सर्वे दिखाते हैं मोदी-योगी टॉप पर। फिर भी मीडिया गांधी परिवार को हीरो बनाता है। क्यों? शायद डर से। सरकार का पक्ष लेने पर लाइसेंस रद्द का भय। विपक्ष को जिंदा रखना सुरक्षित लगता है।खैर, कांग्रेसियों की मजबूरी समझ आती है, वे पार्टी बचाने के लिए झुकते हैं। लेकिन मीडिया का यह आग्रह तथ्यों का अपमान है। जब तक यह जारी रहेगा, राजनीति का संतुलन बना रहेगा, पर लोकतंत्र कमजोर होगा। राहुल-प्रियंका को सच्चाई का आईना दिखाना होगा। उनकी तुलना उन नेताओं से न करें जिन्होंने मेहनत से इतिहास रचा। वरना यह ग्लैमर का बुलबुला फूटेगा ही। समय आ गया है कि मीडिया तथ्यों पर खड़ा हो, वंशवाद के आगे न झुके।

# जिजीविषा, संघर्ष और मूल्यबोध, शाश्वत सफलता का पथ।

जीवन में जिजीविषा, संघर्ष और संकल्प ही सफलता के वास्तविक और उत्तम मार्ग हैं। संयम, अनुशासन और आत्मनियंत्रण इनके मूल स्रोत हैं। निरंतर जिजीविषा के साथ किया गया संघर्ष ही प्रत्येक बड़ी उपलब्धि और विजय का आधार बनता है। वास्तव में निराशा से बड़ा कोई अवरोध नहीं होता; अतः हताशा और निराशा को त्यागकर यदि मनुष्य ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, तो सफलता स्वयं उसके चरणों में आ खड़ी होती है। "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।" स्वामी विवेकानंद।

समाज में जो व्यक्ति हमें सामान्य जन से अलग, विलक्षण और प्रतिभासंपन्न दिखाई देता है।जिसे आज की भाषा में "सेलिब्रिटी" कहा जाता है उसकी चमक के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति, आत्मसंयम और वर्षों का कठोर संघर्ष छिपा होता है। बड़ी सफलता का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता और संकल्पित कठिन परिश्रम ही सफलता के द्वार खोलते हैं। यद्यपि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में अपनी विशेषताएँ, मान्यताएँ, प्रतिबद्धताएँ और आकांक्षाएँ होती हैं। वह मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा, पहचान और सम्मान भी चाहता है। यह आकांक्षा स्वाभाविक और जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, किंतु यह सफलता यदि मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर प्राप्त की जाए, तो वह समाज और मानवता—दोनों के लिए संकट का कारण बन सकती है।

"साध्य की पवित्रता साधन की पवित्रता पर निर्भर करती है।" महात्मा गांधी।

यदि किसी व्यक्ति की महत्वाकांक्षा मानवीय मूल्यों से कटकर केवल निजी स्वार्थ की दिशा में बढ़े, तो उसकी तथाकथित सफलता विध्वंसक बन जाती है। जैसे कोई वैज्ञानिक यदि मानव कल्याण के उपकरणों के स्थान पर जैविक या रासायनिक हथियारों का निर्माण करे, तो वह उपलब्धि नहीं, बल्कि सभ्यता के लिए खतरा होती है। इसी कारण सफलता की यात्रा में मानवीय मूल्य, नैतिकता और सिद्धांतों की उपस्थिति अनिवार्य है।

मूल्य और नैतिकता जीवन के लक्ष्य निर्धारण और उनके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील भूमिका निभाते हैं। सफलता केवल भौतिक मापदंडों तक सीमित न होकर मानव कल्याण से जुड़ी होनी चाहिए। यही कारण है कि विश्व की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा, दया और विश्वबंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति मिलती है।

"अहिंसा परमद्द धर्मः।"

— **भारतीय दर्शन**

भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यनिष्ठ जीवन की परंपरा रही है। ऋषि-मुनियों ने स्पष्ट कहा कि जिसका चरित्र और आदर्श नष्ट हो गया, वह जीवित होते हुए भी मृतक के समान है। भारतीय संस्कृति में कबीर, रैदास, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, अमीर खुसरो, गांधी, नेहरू, रवींद्रनाथ टैगोर, सुभाषचंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद जैसे अनगिनत उदाहरण हैं, जिन्होंने सिद्धांतों और मूल्यों की प्रतिबद्धता को ही जीवन की सबसे बड़ी सफलता माना और स्वयं को समाज के लिए समर्पित कर दिया।

आज के समय में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि व्यक्ति तात्कालिक सुख, स्वाद और शीघ्र सफलता के लिए अपने मूल्यों को तिलांजलि दे रहा है। अस्थायी लाभ चिरस्थायी सफलता से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। मनुष्य उस मरीचिका के पीछे दौड़ रहा है जो पानी के बुलबुले की भाँति क्षणिक है। जिससे न इतिहास बनता है, न कोई आदर्श स्थापित होता है।

"पानी का पतला रेला कभी नदी नहीं बनता।" उसी प्रकार बिना मूल्यों की सफलता स्थायी नहीं हो सकती। राजनीति और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में तो मूल्यों और सिद्धांतों की आवश्यकता और भी अधिक है, क्योंकि राष्ट्र की दिशा और दशा मानवीय संवेदना, नैतिकता और न्याय पर ही निर्भर करती है। मूल्यविहीन समाज अधिकारों के दुरुपयोग और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के कारण विघटन की ओर बढ़ता है, और राष्ट्र पराधीनता के संकट में घिर सकता है।

सफलता तभी शाश्वत और समाजोपयोगी होती है जब उसमें जीवन-मूल्यों और नैतिक प्रतिबद्धताओं का समावेश हो। वही राष्ट्र दीर्घकाल तक स्वतंत्र और सुदृढ़ रह सकता है, जिसके शासक और नागरिक अपने आचरण को सिद्धांतों, उसूलों और मानवीय मूल्यों के अनुरूप रखते हैं तथा विश्व समुदाय से संबंधों को शुद्ध और न्यायपूर्ण बनाए रखते हैं। अन्यथा इतिहास साक्षी है—मूल्यहीन राष्ट्रों को विखंडन और पतन से कोई नहीं बचा सकता।

**संजीव ठाकुर ,वरिष्ठ पत्रकार,चिंतक**

# रासबिहारी बोस: भारतीय क्रांति के गुमनाम महानायक

**– महेन्द्र तिवारी**

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रायः दो धाराओं में बाँटकर देखा जाता है—एक अहिंसक, सत्याग्रह और जनआंदोलन की धारा, और दूसरी सशस्त्र क्रांति की वह धारा, जिसने गुप्त संगठनों, षड्यंत्रों और प्रत्यक्ष हिंसक प्रतिरोध के माध्यम से औपनिवेशिक सत्ता को चुनौती दी। दुर्भाग्य से इतिहास लेखन में दूसरी धारा के कई नायकों को या तो सीमित स्थान मिला या वे पूरी तरह हाशिये पर चले गए। रासबिहारी बोस ऐसे ही एक गुमनाम किंतु असाधारण क्रांतिकारी थे, जिनका योगदान न केवल भारत में बल्कि भारत से बाहर, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा तय करने वाला सिद्ध हुआ।

25 मई 1886 को बंगाल के बर्धमान जिले के सुबालदहा गाँव में जन्मे रासबिहारी बोस एक शिक्षित, बौद्धिक और अनुशासित परिवार से आए थे। उनके पिता विनोद बिहारी बोस सरकारी सेवा में थे, जिससे रासबिहारी को प्रारंभ से ही औपनिवेशिक शासन की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखने का अवसर मिला। चंदननगर और कोलकाता में हुई उनकी शिक्षा ने उनके व्यक्तित्व को विशेष रूप से आकार दिया। चंदननगर उस समय फ्रांसीसी शासन के अधीन था और फ्रांसीसी क्रांति के विचार—स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व—उनके मन में गहराई तक उतर गए। यह कोई संयोग नहीं था कि आगे चलकर वे केवल भारत की स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि एशिया के उपनिवेशवाद-विरोधी संघर्षों के भी एक महत्वपूर्ण सेतु बने।

देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में हेड क्लर्क के रूप में उनकी नियुक्ति एक सामान्य सरकारी नौकरी प्रतीत होती है, लेकिन इसी आवरण के पीछे एक अत्यंत सक्रिय क्रांतिकारी मस्तिष्क काम कर रहा था। रासबिहारी बोस उन विरले क्रांतिकारियों में थे जो संगठन, रणनीति और गोपनीयता—तीनों में दक्ष थे। बाघा जतिन जैसे क्रांतिकारियों के संपर्क में रहकर उन्होंने सशस्त्र विद्रोह को केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक रणनीति के रूप में विकसित किया।

23 दिसंबर 1912 को दिल्ली के चांदनी चौक में वायसराय लॉर्ड हार्डिंग पर किया गया बम हमला भारतीय क्रांतिकारी इतिहास की सबसे साहसिक घटनाओं में गिना जाता है। यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं था, बल्कि ब्रिटिश साम्राज्य की अजेयता के मिथक को तोड़ने का प्रयास था। हार्डिंग के बच जाने के बावजूद इस घटना ने अंग्रेजी हुकूमत को गहरी बेचैनी में डाल दिया। इसके बाद रासबिहारी बोस का पुलिस को चकमा देकर बच निकलना और सामान्य रूप से अपनी नौकरी पर लौट आना, उनकी असाधारण संगठन क्षमता और धैर्य का प्रमाण है।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान रासबिहारी बोस ने गदर पार्टी के साथ मिलकर जो योजना बनाई, वह यदि सफल हो जाती तो भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास संभवतः बिल्कुल अलग होता। ब्रिटिश भारतीय सेना के भीतर एक साथ विद्रोह की योजना, 21 फरवरी 1915 की तय तारीख और व्यापक तैयारी—ये सभी दशार्ते हैं कि यह कोई आवेगपूर्ण प्रयास नहीं था। दुर्भाग्य से एक मुखबिर की गद्दारी ने इस योजना को विफल कर दिया और इसके बाद जो दमन चक्र चला, उसने क्रांतिकारी आंदोलन को गहरी चोट पहुँचाई।




जब भारत में रहना उनके लिए असंभव हो गया, तब रासबिहारी बोस का जापान जाना किसी पलायन की कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष के विस्तार की शुरूआत थी। रवींद्रनाथ टैगोर के एक रिश्तेदार के नाम से जापान पहुँचना, ब्रिटिश दबावों के बावजूद वहाँ शरण मिलना और फिर जापानी समाज में स्वयं को स्थापित करना—यह सब उनकी दूरदृष्टि और अंतरराष्ट्रीय समझ का परिचायक है। तोशिको सोमा से विवाह और जापानी नागरिकता ग्रहण करना केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं थे, बल्कि ब्रिटिश साम्राज्य की कानूनी पकड़ से बाहर निकलने की एक राजनीतिक रणनीति भी थी।

जापान में रहते हुए रासबिहारी बोस ने भारतीय स्वतंत्रता को एशियाई स्वतंत्रता आंदोलन के व्यापक संदर्भ में रखा। उन्होंने जापानी जनता और नेतृत्व को यह समझाने का प्रयास किया कि भारत की गुलामी केवल भारत की समस्या नहीं, बल्कि एशिया की सामूहिक पराजय का प्रतीक है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जब जापान के हाथों ब्रिटिश पराजित हुए और हजारों भारतीय सैनिक युद्धबंदी बने, तब रासबिहारी बोस ने इस ऐतिहासिक अवसर को पहचान लिया।

इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की स्थापना और आजाद हिंद फौज के गठन का विचार उन्हीं के मस्तिष्क की उपज था। लेकिन उनका सबसे बड़ा गुण यह था कि वे सत्ता या नेतृत्व से चिपके रहने वाले व्यक्ति नहीं थे। जब उन्हें लगा कि इस आंदोलन को एक युवा, ऊर्जावान और करिश्माई नेतृत्व की आवश्यकता है, तो उन्होंने सुभाष चंद्र बोस को आमंत्रित किया और बिना किसी संकोच के संपूर्ण नेतृत्व उन्हें सौंप दिया। यह घटना भारतीय राजनीतिक संस्कृति में दुर्लभ उदाहरण है, जहाँ व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के बजाय उद्देश्य को प्राथमिकता दी गई।

रासबिहारी बोस का योगदान केवल संगठनात्मक या सैन्य नहीं था। वे लेखक, विचारक और सांस्कृतिक दूत भी थे। जापानी भाषा सीखकर उन्होंने पुस्तकों और पत्रिकाओं के माध्यम से भारत की स्थिति को जापानी समाज के सामने रखा। "न्यू एशिया" पत्रिका का संपादन इस बात का प्रमाण है कि वे विचारों की लड़ाई को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानते थे जितना हथियारों की।

21 जनवरी 1945 को टोक्यो में उनका निधन हुआ। यह विडंबना ही है कि जिनके प्रयासों से आजाद हिंद फौज का सपना साकार हुआ, वे स्वतंत्र भारत को अपनी आँखों से नहीं देख सके। जापान के सम्राट द्वारा दिया गया "ऑर्डर ऑफ द राइजिंग सन" सम्मान उनके अंतरराष्ट्रीय योगदान की स्वीकृति था, लेकिन भारत में उन्हें वह स्थान अब भी पूरी तरह नहीं मिला है जिसके वे अधिकारी थे।

आज, जब हम स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को नए सिरे से देखने की बात करते हैं, रासबिहारी बोस जैसे क्रांतिकारियों को स्मरण करना केवल अतीत का सम्मान नहीं, बल्कि वर्तमान के लिए भी एक सबक है। उन्होंने दिखाया कि राष्ट्रवाद संकीर्ण नहीं होता, कि मातृभूमि के लिए संघर्ष सीमाओं में बँधा नहीं होता, और कि सच्चा नेतृत्व वही है जो समय आने पर स्वयं पीछे हटना जानता है। रासबिहारी बोस वास्तव में भारतीय क्रांति के गुमनाम महानायक हैं—ऐसे महानायक, जिनकी गूंज आज भी इतिहास के शोर में सुनाई देने की प्रतीक्षा कर रही है।

## स्टेटस की तस्वीरें...!

बहुत कुछ बोलती हैं स्टेटस की तस्वीरें,
नहीं है जुबान उनकी खेंच देती लकीरें।
वो अनजाने ही खूब खोल देती है पोल,
बिना आवाज के ही बजा देती है ढोल।

कौन हैं अपना और कौन हैं यहाँ पराया,
तस्वीरों में देखकर ही 'नजरों' में धराया।
आज अभी तक था 'दिल' में ही समाया,
सोचता हूँ मैंने क्यों! बेवजह प्रेम बहाया।

क्यों? ऐसे रिश्तों के लिए 'शिश' नवाया,
आखिर में अपना लहू बेगाना कहलाया।
पता नहीं कहाँ से कौन 'खंजर' ले आया,
ये प्यार का समुंदर सुखी नदी में नहाया।

संजय एम तराणेकर

गीत-3

**ऐसी थी कन्नू**

कोलाहल के साथ सटी ,सुनसान गली थी कन्नू !
हाँफ रही थी ,अपने भीतर ,इतना चली थी कन्नू!
काली होते बची हो ऐसी,साँवली थी कन्नू !
खुद को ही हुँशियार समझती ,बावली थी कन्नू!

1-आँखें थी उस टार्च के जैसी ,जो किसान के हाथों -
घनी रात में ,खेत सींचते ,लपक झपक जलती है !
आँखे जैसे ,सूखी पत्तियां ,पेड़ से बिछड़ी कोई-
झील के तल पर ,सँग हवा के ,इधर उधर चलती है !
ढेर नमक में ,रखा गई ,मिश्री की डली थी कन्नू !
काली होते बची हो ऐसी साँवली थी कन्नू !

2-लहसुन गंधाते हाथों में,मैंनें गुलाब देखा था -
नख चिपके आटे से बनती ,देखी मैंनें गोली !
उस के सादे ,रूप का वर्णन ,मैंनें किया था बरसों -
क्या लिखते रहते हो ,अंत में ,वो गुस्से से बोली !
धोखे में ,काजू के चखी ,लहसुन की कली थी कन्नू !
काली होते ,बची हो ऐसी साँवली थी कन्नू !

3-हँसना जैसे अँधेरे घर में ,दीप कोई जल जाये -
बोले तो यूँ जैसे कलियाँ ,फूल बने फल जाये !
प्रेम था मेरा ,उसके लिये, उन बारिश की बूँदों सा-
टूटी छत से ,गर्म तवे पर,छन्न गिरे जल जाये !
बाग में थी ,शहतूत के पर ,कैमच की फली थी कन्नू !
काली होते बची हो ऐसी ,साँवली थी कन्नू !

4-दुःख से ऐसा बहनापा के ,सुख से हुआ न परिचय -
चांद वांद ये,सावन वावन ,उसको छू ना पाते !
देहरी पर पसरा अंधियारा,रोज हुलस कर मिलता-
सांझ को टूटे सपने लौट कर ,रात रात बतियाते !
दुःख ऐसा मन भाया उसको ,सुख से टली थी कन्नू !
काली होते बची हो ऐसी ,साँवली थी कन्नू !

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# उत्तर प्रदेश दिवस–2026 की तैयारियों की समीक्षा, सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**नोएडा शिल्प हॉट में 24 से 26 जनवरी तक होंगे सांस्कृतिक और विकासपरक कार्यक्रम; "विकसित उत्तर प्रदेश–विकसित भारत" थीम**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को उजागर करने और प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक नोएडा शिल्प हॉट में किया जाएगा।

इस संदर्भ में आज मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में नोएडा शिल्प हॉट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण, पुलिस एवं जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी दी।

डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस ह्वविकसित उत्तर प्रदेशझ्रविकसित भारतह्व की थीम पर मनाया जाएगा। लखनऊ में राज्य स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित होगा, जबकि नोएडा शिल्प हॉट को मुख्य आयोजन स्थल बनाया गया है, जहाँ सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक एवं विकासपरक गतिविधियाँ होंगी।



### कार्यक्रम और तैयारियां

स्थानीय कलाकारों, साहित्यकारों, शिल्पकारों और युवाओं को विशेष मंच मिलेगा

*प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं एवं सम्मान समारोहों का आयोजन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित होगा*

*युवा दिवस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, राष्ट्रीय पर्यटन दिवस, मतदाता जागरूकता दिवस एवं गणतंत्र दिवस जैसे अवसर भी समाहित होंगे*

### आकर्षक कार्यक्रम और प्रदर्शनियां

**मुख्य आकर्षण:**

ODOP, स्टार्टअप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मिशन शक्ति

पर्यटन, कला-संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों और सरकारी योजनाओं की आकर्षक प्रदर्शनियां

युवाओं, महिलाओं, किसानों, शिल्पकारों, उद्यमियों और प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान

### स्थलीय निरीक्षण

समीक्षा बैठक के उपरांत डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने नोएडा शिल्प हॉट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, मंच व्यवस्था, प्रदर्शनी क्षेत्र, सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 केवल उत्सव नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की पहचान, गौरव और विकास यात्रा को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर एसीईओ यमुना विकास प्राधिकरण राजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक नोएडा डोरी लाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला सेवा योजना अधिकारी मनीषा अत्री, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी परवेज अली, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सहित प्राधिकरण, पुलिस और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक, भूजल स्तर स्थिरीकरण पर विशेष ध्यान**



समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। राष्ट्रीय जल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और जनपद में जल संरक्षण तथा भूगर्भ जल रिचार्ज कार्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में केंद्रीय भूजल बोर्ड के वैज्ञानिक राहुल कुमार ने जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज और रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कार्यों पर विस्तृत तकनीकी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र विशेष की भौगोलिक स्थिति और जल-स्तर के अनुसार किस प्रकार के रिचार्ज स्ट्रक्चर उपयोगी होंगे और उनका निर्माण कैसे किया जाए, ताकि भूजल का प्रभावी पुनर्भरण सुनिश्चित हो सके।

### भूजल स्तर की स्थिति

बैठक में जनपद में गिरते भूजल स्तर पर विशेष चर्चा हुई

बिसरख ब्लॉक में अत्यधिक नीचे जा चुके भूजल स्तर के लिए उपयुक्त रिचार्ज स्ट्रक्चर प्लान तैयार किया जाएगा

समन्वित प्रयासों के माध्यम से पूरे जनपद में भूजल स्तर को संतुलित और स्थिर रखने पर जोर

### प्रतिभागी और विभाग

**बैठक में उपस्थित अधिकारी:**

-नोएडा प्राधिकरण के सहायक अभियंता
-यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सहायक अभियंता
-लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता
-सहायक निदेशक सीडब्ल्यूसी
-अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी

# घायल की मौत होने पर मददगारों पर ही लगा दिया गंभीर आरोप

लोनी, 20 जनवरी: यह भावना आजकल बहुत आम हो गई है, जहाँ निस्वार्थ भाव से की गई मदद के बदले में धोखा, बदनामी या मुसीबत मिलती है। ऐसा ही एक मामला थाना टीला मोड़ क्षेत्र के फरुखनगर का प्रकाश में आया है। जहां इंसानियत दिखाना कुछ लोगों को उस समय महंगा पड़ गया जब उन्होंने एक घायल शराबी को अस्पताल भिजवाने में मदद कर दी। वहा उपचार के दौरान 6 दिन बाद उसकी मौत हो जाने पर अब मृतक पक्ष ने मददगारों द्वारा मारपीट करने के कारण उसकी मौत हो जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर लिखित शिकायत करदी। वही मददगारों ने शिकायतकताओं द्वारा झूठा आरोप लगाकर मोटे रुपए मांगने का आरोप लगाते हुए मामले में पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाने के साथ-साथ मीडिया को भी घटनाक्रम से अवगत कराया है।



### प्रेस वार्ता में मीडिया को करया घटनाक्रम स्वागत

फरुखनगर के अग्रवाल गुरुद्वारा शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मदद कताओं में शामिल संजय गोयल, पंडित राजेंद्र पांडे, अंकुर वाल्मीकि, संजय पुत्र हर स्वरूप व लाल नरेश पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रसाद वितरण के दौरान जब वह मंदिर के अन्दर थे, इसी दौरान अचानक बाहर किसी घायल शराबी युवक के पड़े होने की जानकारी मिली। तुरंत बाहर जाकर देखा तो मंदिर की पैडी पर पड़ा युवक गांव का ही सुधीर पुत्र ओमप्रकाश है, जिसके सिर से खून बह रहा था। संभवतः नशे के कारण गिर जाने से उसके सिर में मंदिर की सीढ़ी का कोना लगने से वह घायल हो गया था और इसकी सूचना तुरंत उसके परिजनों को दी। कुछ ही देर बाद उसकी मां सुखबीरी व बहन कोमल आदि घटना स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत एक ई रिक्शा बुलवाकर घायल सुधीर को उनके साथ अस्पताल भिजवाया। यही नहीं बाद में परिजनों की परेशानी सुनकर उन्हेंने 10 हजार रुपए नगद देकर उनकी मदद भी की।

### मौत हो जाने के बाद नियत में आया खोट

एक सवाल के जवाब में संजय गोयल ने बताया कि घायल सुधीर का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहां उपचार के दौरान 6 दिन बाद उसकी मौत हो गई। मामले में मददगारों का आरोप है कि इसके अगले दिन ही मृतक पक्ष के कुछ लोगो ने हमसे मिलकर उसकी मौत का कारण हमारे द्वारा मारपीट करना बताते हुए 2 लाख रुपए देने का दबाव बनाया। हमारे द्वारा पैसे देने से साफ मना कर देने पर वह लोग धमकी भरी बातें कहते हुए चले गए। मगर इसके बाद अन्य कुछ लोगों को साथ लेकर पुनः आए और जाति सूचक शब्द व मारपीट कर हत्या करने के मामले में फर्जी मुकदमा लिखाने की धमकी देकर 50 लख रुपए देने की मांग करने लगे। उनकी बातों के दबाव में ना आकर हमने उन्हें कोई भी पैसा देने से इनकार कर दिया हैं।

### दोनों पक्षों ने दिया शिकायती पत्र, पुलिस जांच में जुटी

उक्त प्रकरण में जहां मृतक पक्ष ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर यह आरोप लगाया है कि, चूंकि सुधीर वाल्मीकि है, इसी बात का विरोध करते हुए उक्त पांचों लोगों ने उसके साथ इतनी मारपीट करी कि उसकी जान चली गई हैं। वहीं दूसरी ओर घायल सुधीर की मदद करने वालो (विपक्षी की नजरों में आरोपी) ने विपक्षी गण के आरोपो को सिरे से नकारते हुए मामले में पुलिस आयुक्त गाजियाबाद को पत्र देकर न्याय संगत कार्रवाई की मांग की है। जिनका यह भी कहना है कि विपक्षी पक्ष लालच में, कुछ लोगो के बहकावे में आकर यह अमानवीय कदम उठा रहा है।

अब देखना है कि पुलिस अपनी जांच पड़ताल में क्या निर्णय लेती है? झूठ और सत्य में किसकी हार और किसकी जीत होती है!

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरा नाम नवशाद (Navshad) पुत्र मौ यामीन (Mo. Yameen), निवासी 154, हसनपुर कदीम, जनपद मेरठ है, जो मेरा पूर्ण और शुद्ध नाम है।



हालांकि, एच.डी.एफ.सी. लाइफ पॉलिसी संख्या 19910524 में मेरा नाम मौ नौशाद के रूप में दर्ज है, जो कि अशुद्ध और त्रुटिपूर्ण है।

सत्य एवं शुद्ध जानकारी यह है कि मेरा सही नाम नवशाद अहमद (Navshad Ahmad) पुत्र मौ यामीन (Mohd Yameen), निवासी 154, हसनपुर कदीम, जनपद मेरठ है।

इस सूचना के माध्यम से मैं संबंधित संस्थाओं से अनुरोध करता हूँ कि पॉलिसी में मेरा नाम सही और शुद्ध रूप में संशोधित किया जाए।

# आम आदमी पार्टी कर रही चौथे स्तंभ को दबाने का प्रयास: गोयल

समाज जागरण

लोनी, 20 जनवरी: कितने विषाद की बात है कि जिस भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मीडिया पर दमन की किसी भी कार्यवाही को अंगीकार किया जाना संभव नहीं है. वही पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तुगलकी फरमान जारी कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को दबाने में जुटी हैं।यह बात यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने शाहदरा चौक पर आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट द्वारा पंजाब सरकार की कथित दमनकारी नीतियों के विरोध में आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पुतले का दहन भी किया गया।




गोयल ने कहा कि पंजाब केसरी और हिंद समाचार समूह का इतिहास बलिदान और साहस से भरा रहा है। इसके संस्थापक लाला जगत नारायण जी ने आपातकाल के काले दौर में भी प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा की। जब तत्कालीन सरकार द्वारा बिजली काटकर अखबार की छपाई रोकने का प्रयास किया गया, तब भी उन्होंने ट्रैक्टर की सहायता से प्रेस चलाकर अखबार का प्रकाशन और वितरण जारी रखा।

अपनी बात को आगे बढ़ते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब में आतंकवाद के कठिन समय में भी पंजाब केसरी समूह ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी लेखनी को हथियार बनाकर संघर्ष किया। इस संघर्ष में लाला जगत नारायण और उनके सुपुत्र रमेश चंद्र ने अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे बलिदानी परिवार को डराने-धमकाने और सत्ता का दुरुपयोग कर दबाने का प्रयास आम आदमी पार्टी सरकार की तानाशाही मानसिकता को दशार्ता है।

गोयल ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार और उसके मुखिया खुलेआम धमकियां देकर परिवार के सदस्यों पर एफआईआर दर्ज करा रहे हैं और कर्मचारियों को भयभीत कर अपने प्रशासनिक विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इसे मीडिया की आवाज को कुचलने की साजिश करार दिया।

उन्होंने राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मयार्दाओं को तार-तार करने वाली इस सरकार को तत्काल बर्खास्त कर पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में सत्ता प्राप्त करने के लिए विदेश में बैठे आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू से समर्थन और आर्थिक सहायता ली।

गोयल ने कहा कि पंजाब केसरी परिवार पर किया गया हमला केवल एक समाचार पत्र पर नहीं, बल्कि देश के चौथे स्तंभ मीडिया पर सीधा प्रहार है, जिसे देशवासी कभी माफ नहीं करेंगे।

# मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने स्थापित किए नए हिंदू केंद्र

मेरठ। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से आज महानगर मेरठ, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाबा ज्वाला गिरी आश्रम में हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया और हिंदू केंद्र की स्थापना की गई। यह कार्यक्रम महंत तरुण गिरी जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष प्रदीप त्यागी ने कहा कि युवाओं को हनुमान चालीसा का संकल्प दिलाना इसलिए आवश्यक है, ताकि जिहादी सोच रखने वालों की मानसिकता को समाप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि शहर में 501 हिंदू केंद्र बनाने की योजना तैयार की जा रही है। इस अवसर पर आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और शहर के युवाओं को इनके संचालन में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रवीण जी, महेंद्र जी, राजीव जी, नरेंद्र जी समेत समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री रत्न क्षेत्र श्री जगनाथ मंदिर में 20 से 23 जनवरी तक मनाया जाएगा वार्षिक उत्सव

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: नोएडा सेक्टर 121 स्थित श्री रत्न क्षेत्र श्री जगनाथ मंदिर में भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन 20 से 23 जनवरी तक किया जाएगा, यह चार दिवसीय उत्सव श्रद्धा, संस्कृति और सामुदायिक योगदान के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष प्रमोद बहल ने बताया कि कार्यक्रमों में धार्मिक अनुष्ठान, भजन -कीर्तन, कथा प्रवचन, सास्कृतिक प्रस्तुतियाँ हस्तशिल्प एवं लोक कला का प्रदर्शन होगा।

**मुख्य आकर्षण**

20 जनवरी को उद्घाटन अंकुर रोपण और सास्कृतिक संध्या (भजन - कीर्तन) प्रस्तुति

21 जनवरी को हवन, विशेष पूजा अर्चना कीर्तन एवं कथा लोक संगीत भजन संध्या एवं नृत्य प्रस्तुति

22 जनवरी को हवन विशेष पूजा अर्चना, कीर्तन एवं कथा, लोक संगीत भजन संध्या एवं नृत्य प्रस्तुति

अन्तिम दिन 23 जनवरी को (समापन) पूणार्हुति, विशेष आरती, धन्यवाद समारोह व भजन संध्या के साथ समापन



मंदिर समिति कोषाध्यक्ष धनेश्वर नायक ने बताया कि यह उत्सव मंदिर समिति द्वारा श्री रत्र क्षेत्र श्री जगन्नाथ समिति के समन्वय में आयोजित किया जा रहा है और स्थानीय समाज कलाकारों तथा स्वयसेवकों की भागीदारी से संपन्न होगा।

देवव्रत मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आकर्षक गतिविधियां रखी गई है। आगतुकों के सुविधा हेतु परिसर में प्रसाद भोजन व बैठने की व्यवस्था तथा आवश्यक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि श्री रत्र क्षेत्र व श्री जगन्नाथ मंदिर समिति समस्त भक्तो स्थानीय नागरिकों और कला प्रेमियों को इस उत्सव में भाग लेने और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं और. प्रवेश सभी के लिए खुला है।

# टीएमयू में स्टुडेंट्स को दिए रोड सेफ्टी के टिप्स

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में आरटीओ इंफोर्समेंट श्री संदीप कुमार पंकज बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी- आरटीओ इंफोर्समेंट श्री संदीप कुमार पंकज ने कहा, सीट बेल्ट का प्रयोग वाहन में सुरक्षा व्यवस्था- एयरबैग सिस्टम को प्रभावी बनाता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं में जान बचाई जा सकती है। उन्होंने गोल्डन ऑवर- दुर्घटना के बाद पहला एक घंटा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, यदि कोई नागरिक घायल व्यक्ति की सहायता करता है, तो उसे गुड समैरिटन कानून के अंतर्गत पूर्ण कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने पर 25,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि और विशेष मामलों में 1 लाख रुपए तक के पुरस्कार का प्रावधान है।

# लघु उद्योग भारती ने NIOS और जिला श्रम आयुक्त के साथ मिलकर किया सेमिनार का आयोजन

**कुशल श्रमिकों के लिए समझौते पर हस्ताक्षर, नए श्रम संहिता और रोजगार के अवसरों पर चर्चा**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। लघु उद्योग भारती, जिला गौतमबुद्धनगर ने आज राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान (NIOS) और जिला श्रम आयुक्त के साथ मिलकर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर कुशल श्रमिकों के लिए NIOS और LUB के बीच समझौते (MOU) पर हस्ताक्षर किए गए।

LUB के राष्ट्रीय महासचिव श्री ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस कदम से फैक्ट्री के बाहर लगने वाले "आवश्यक" बोर्ड कम होंगे और रोजगार की प्रक्रिया सरल होगी।

कार्यक्रम में 5 औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों को तुरंत मंजूरी दी गई और एक सदस्य ने 1000 मजदूरों को रोजगार देने का आश्वासन दिया।



LUB उत्तर प्रदेश राज्य कोषाध्यक्ष श्री रमन चावला ने कहा कि यह पहल पूरे देश को लाभ पहुंचाएगी और प्रधानमंत्री के ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगी।

जिला श्रम आयुक्त श्री राकेश द्विवेदी और उप निदेशक कारखाने श्री राकेश कुमार ने नए श्रम संहिता के बारे में जानकारी दी।

जिला महासचिव श्री संजय बत्रा ने सभी सदस्यों से सुझाव देने का आग्रह किया, क्योंकि सरकार ने नोटिफिकेशन जारी होने से पहले सीमित समय दिया है।

जिला अध्यक्ष श्री नरेश गुप्ता ने सफल प्रस्तुतियों, चचाओं और विचारों में भाग लेने के लिए 400 से अधिक उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद दिया।

**हाइलाइट्स**

समझौते का उद्देश्य: कुशल श्रमिकों की संख्या बढ़ाना और रोजगार प्रक्रिया सरल बनाना

प्रत्यक्ष लाभ: फैक्ट्री बोर्ड कम होंगे, श्रमिकों के लिए रोजगार बढ़ेगा

उपस्थित प्रमुख अधिकारी: ओम प्रकाश गुप्ता, रमन चावला, राकेश द्विवेदी, राकेश कुमार, संजय बत्रा, नरेश गुप्ता

सदस्य उपस्थित: 400+

# थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा 01 जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार।

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा : थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से 01 जिला बदर अभियुक्त समीर पुत्र हाकम को एफएनजी रोड सेक्टर-115 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त समीर उपरोक्त को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत माननीय न्यायालय द्वारा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की सीमाओं में 06 माह की अवधि के लिए निष्कासित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त समीर पुत्र हाकम निवासी ग्राम सोरखा, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर, का रहने वाला है और अभियुक्त की उम्र 23 वर्ष बताई जा रही है अभी बहुत ही शातिर की सुबह अपराधी है इसका पुराना आपराधिक इतिहास भी है विभिन्न थाना क्षेत्र में इसके ऊपर कई मुकदमे पंजीकृत है पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है



# थाना फेस-1 पुलिस द्वारा 01 गांजा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद।

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: नोएडा थाना फेस-1 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी करने वाला 01 अभियुक्त वसीम सैफी पुत्र नसीमुद्दीन को सेक्टर-9 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त वसीम सैफी पुत्र नसीमुद्दीन निवासी ग्राम कंकरखेड़ा, थाना कंकरखेड़ा, मेरठ का मूल निवासी है और वर्तमान समय में हरौला, सेक्टर-5 नोएडा, गौतम बुध नगर में रहता है




अभियुक्त की उम्र 27 वर्ष बताई जा रही है पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, मैं मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है और अभियुक्त के पास से 01 किलो 300 ग्राम गांजा अपने कब्जे में ले लिया है.

# एटा में दिल दहला देने वाला पारिवारिक हत्याकांड मामला

*आरोपी कमल ने ही पत्नी, बेटी, माता-पिता की की हत्या, सीसीटीवी से खुलासा*

एटा जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित मोहल्ला नगला प्रेमी में 19 जनवरी 2026 को चार लोगों की नृशंस हत्या से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस बल, फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घर के अंदर गंगा सिंह शाक्य (70), रत्ना देवी (40) और ज्योति (23) मृत मिले, जबकि श्यामा देवी (65) गंभीर रूप से घायल थीं, जिन्हें अस्पताल में मृत घोषित किया गया। घटना के संबंध में वादी कमल सिंह द्वारा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। जांच के दौरान पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया, जिसमें घटना के समय घर में किसी बाहरी व्यक्ति के आने-जाने के साक्ष्य नहीं मिले। मृतका ज्योति के मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी जांच की गई।

# गौतमबुद्धनगर में किशोर न्याय और बाल सुरक्षा पर मासिक समन्वय कार्यशाला आयोजित

**डीसीपी महिला सुरक्षा श्रीमती शैव्या गोयल के नेतृत्व में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश प्रदान**



समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में और पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा श्रीमती शैव्या गोयल की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (रखढव) कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की मासिक समन्वय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में थाना एचटी/एसजेपीयू एवं जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला व बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देश, अनुसंधान और संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

**मुख्य बिंदुओं में शामिल थे:**

पीड़ित बच्चों का आवासन

बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह और बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम

किशोर न्याय अधिनियम 2015 में नवीनतम संशोधन

पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों की 24 घंटे में बाल कल्याण समिति को सूचना

फार्म-ए, फार्म-बी और एसबीआर रिपोर्ट समय पर संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करना

जे.जे. एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार करना

पोक्सो एक्ट से संबंधित जमानत नोटिस को समयबद्ध रूप से बाल कल्याण समिति और वादी/पीड़िता को उपलब्ध कराना

**उपस्थित प्रमुख अधिकारी:**

श्रीमती शैव्या गोयल, डीसीपी महिला सुरक्षा, श्री के.सी. बिरमानी, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, श्रीमती दीक्षा सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा, डॉ. टीकमलाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री सुयश पांडेय, सहायक श्रमायुक्त, श्री दिलीप कुमार मिश्रा, सदस्य, बाल कल्याण समिति, श्रीमती रीतू सिंह, सदस्य, बाल कल्याण समिति, श्री मौ. अदनान, कोऑर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, गौतमबुद्धनगर

**बाल सुरक्षा अधिकारियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करना**

किशोर न्याय अधिनियम 2015 और पोक्सो एक्ट के प्रभावी अनुपालन पर जोर

गुमशुदा बच्चों, पोक्सो अधिनियम मामलों और बाल सुरक्षा संबंधित जन-जागरूकता अभियान

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# संभल जिले में बाल विवाह के खिलाफ मजबूत संकल्प पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ

**समाज जागरण**



बहजोई/सम्भल। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए संभल जिले में प्रशासन और पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने सभी थाना प्रभारियों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई।इस शपथ ग्रहण के दौरान पुलिसकर्मियों ने न केवल बाल विवाह के विरुद्ध दृढ़ प्रतिज्ञा ली, बल्कि बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करने का भी संकल्प लिया। यह कदम "बाल विवाह मुक्त भारत" के 100 दिवसीय अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत जिले में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन कि सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी द्वारा पूरे जिले में जागरूकता फैलाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने निर्देश दिए कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत ऐसे मामलों में 2 वर्ष तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। जिले में बाल विवाह रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसमें बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और विभिन्न थानों में पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई जा रही है। यह प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। यदि किसी को बाल विवाह का कोई मामला पता चले तो तुरंत 112, 1098 व जेआरसी की हेल्पलाइन 18001027222 या स्थानीय पुलिस थाने में सूचना दें। संभल पुलिस और प्रशासन बाल विवाह के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है। अब समय है कि पूरा समाज इस अभियान से जुड़े और बाल विवाह मुक्त समाज का निर्माण करें।

# गुन्नौर सपा विधायक के बेटे व भाजपा पूर्व विधायक के बीच हाथापाई खाकी ने संभाला मोर्चा

**समाज जागरण**

गुन्नौर। उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की गुन्नौर शाखा के सभापति पद के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान ब्लॉक परिसर में सपा और भाजपा समर्थकों के बीच तीखा तनाव देखने को मिला। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद हाथापाई तक पहुंच गया, जिससे नामांकन स्थल पर अफरातफरी मच गई। पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रित हुई। नामांकन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर /तहसीलदार रविन्द्र विक्रम सिंह की निगरानी में चल रहा था। इस दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार भी मौजूद रहे।

दोपहर करीब 1:30 बजे भाजपा के पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव और सपा विधायक राम खिलाड़ी यादव के पुत्र अखिलेश यादव की उपस्थिति में समर्थकों के बीच विवाद बढ़ गया। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने मोर्चा संभाला। हंगामे के बावजूद भाजपा समर्थित प्रत्याशी चंद्रभान सिंह तथा सपा समर्थित प्रत्याशी योगेंद्र सिंह और ममता देवी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उल्लेखनीय है कि ममता देवी के पति वेदपाल सिंह, जो बैंक के सभापति थे, का बीते मई माह में निधन हो गया था।

सपा समर्थकों ने आरोप लगाया कि नामांकन प्रक्रिया में जानबूझकर देरी की गई और नामांकन पत्र फाड़ने की कोशिश हुई। सूचना पर एसडीएम अवधेश कुमार वर्मा और सीओ आलोक कुमार सिद्धू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

अखिलेश यादव ने भाजपा नेताओं पर हमला करने का आरोप लगाया, जबकि पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने मारपीट की बात से इनकार करते हुए कहा कि विपक्ष विवाद फैलाने की मंशा से आया था। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं।

एसडीएम अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि अत्यधिक भीड़ के कारण एहतियातन ब्लॉक परिसर खाली कराया गया। प्रशासन ने स्थिति को सामान्य बताया है। रिटर्निंग ऑफिसर के अनुसार बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

# दो ई रिक्शा में भरी बोरियों में जा रही मक्का को सरकारी होने की शक के आधार पर राहगीरों ने रोका

**समाज जागरण**

संभल।प्राप्त जानकारी के अनुसार बहजोई से दो ई रिक्शा में 40 बोरी मक्का की भरकर जा रही थी तभी किसी की सूचना पर राहगीरों ने दोनों ही ई-



रिक्शा रोक लिए और ई रिक्शा चालक से पूछताछ करने लगे, उसी समय किसी व्यक्ति ने मीडिया कर्मियों को सूचना दी और मीडिया कर्मियों ने सिटी मजिस्ट्रेट संभल सुधीर कुमार को सूचना दी उनकी सूचना पर मंडी इंस्पेक्टर पहुंचे और जांच पड़ताल करने के लिए उसको संभल मंडी ले गए।

संभल मंडी समिति के सचिव मोहित फौजदार ने बताया कि दो ई रिक्शा में मक्का भरकर जा रही थी जो फुटकर खरीद की थी लेकिन उसकी ९१ कटी हुई थी जांच पड़ताल करने पर वह सरकारी नहीं पाई गई और ना ही मंडी कर चोरी पाई गई इसलिए दोनों ई रिक्शा भरी मक्का को छोड़ दिया गया।

# ग्राम मिलक जहांगीराबाद में 7 फरवरी को जेडीयू पार्टी का कार्यक्रम आयोजित होगा

**समाज जागरण अजमल अंसारी**



जनपद बिजनौर धामपुर क्षेत्र के ग्राम मिल्क जहांगीराबाद में आगामी 7 फरवरी 2026 को जनता दल यूनाइटेड पार्टी की ओर से कार्यक्रम आयोजित हो रहा है । जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार कैबिनेट मिनिस्टर, एनडीए के सचेतक उत्तर प्रदेश प्रभारी मोहम्मद निसार राष्ट्रीय सचिव, महासचिव रणवीर सिंह, अनूप सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष, ओर कई जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष रिजवान अहमद एड़ी चोटी तक का जोर लगा रहे है। सोमवार जिला अध्यक्ष रिजवान अहमद धामपुर क्षेत्र के गांव जहांगीराबाद में पहुंचे और वहां पर उन्होंने सभा स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्था बनाने के लिए पदाधिकारी को निर्देश दिए। वहां पर उपस्थित रहे। मेन बॉडी में जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ की अजरा खान ,व मेंन बॉडी में काशिफ खान ब्लॉक अध्यक्ष ,मोहम्मद तालिब सोशल मीडिया प्रमुख, अदनान अहमद नगर सचिव, साबिर मलिक मीडिया प्रभारी भोलू खान, अनमोल चौधरी ओबीसी जिला अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

# एएसपी (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा ने थाना धनारी का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**समाज जागरण बहजोई।**



पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनसेवा-उन्मुख बनाने के उद्देश्य से थाना धनारी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना धनारी में प्रचलित समस्त अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई तथा उनके अद्यतन, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क/मिशन शक्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहां महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही हवालात की स्थिति, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। सम्पत्ति गृह (मालखाना) में रखे माल की प्रविष्टियों, रख-रखाव एवं अभिलेखीकरण की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। बैरक एवं थाना कार्यालय का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, अनुशासन एवं सुव्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए कि थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखते हुए अभिलेखों का समयबद्ध संधारण किया जाए तथा थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

# वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में किया गया जागरूक

**समाज जागरण**

सम्भल। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अमिताभ चतुवेर्दी सम्भल एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से



चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 36 ई-रिक्शाओं को बिना प्रपत्र, और 2 वाहनों को ओवरलोड माल परिवहन करने, 20 दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेंट का प्रयोग न करने पर चालान किया गया। एक ट्रैक्टर ट्राली व डंपर को थाने में सीज करने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे जागरूक किया गया।

# मतदाता दिवस के अवसर पर सभी पोलिंग बूथ पर सुपरवाइजर्स एवं बीएलओ उपस्थित होकर मतदाताओं को कराएंगे शपथ ग्रहण

## नामावलियां जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बनाई जाएंगी, उतनी ही प्रभाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली- जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत वर्तमान में महत्वपूर्ण प्रक्रिया संचालित है। उन्होंने कहा कि नामावलियां जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बनाई जाएंगी, उतना ही प्रभाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर पड़ेगा। उन्होंने सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सुपरवाइजर्स एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 6 जनवरी,2026 से आगामी 6 फरवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियों का कार्य पूर्ण निष्पक्षता पारदर्शिता और दक्षता के साथ संपन्न कराएं तथा कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने से वंचित न रहे और ना ही कोई अपात्र व्यक्ति निर्वाचन नामावलियों में अपना नाम शामिल कराने में सफल हो सके। उन्होंने निर्देश दिए की दावे और आपत्तियों के कार्य के अलावा विशेष रूप से फॉर्म 6 बनवाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाए और 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला कोई भी युवा एवं युवती अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रपत्र 6 भरने के लिए मतदाता का वेरिफिकेशन और मैपिंग का कार्य पूरी सावधानी से करें।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मतदाता जागरूकता के लिए रेलियों का आयोजन करें और स्कूलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मतदाता दिवस के दिन सभी बूथों पर सुपरवाइजर्स एवं बीएलओअनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे और पूर्वाहन 11:00 बजे मतदाताओं के साथ शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित करेंगे इसके अलावा सुविधा अनुसार अन्य मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकते हैं।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अहमद खिज्र, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की नजीबाबाद इकाई की आवश्यक बैठक सम्पन्न समायोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ इकाई नजीबाबाद की एक आवश्यक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नजीबाबाद परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजयपाल ने की, जबकि संचालन धर्मेंद्र तोमर द्वारा किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद दीपा चक्रवर्ती द्वारा समायोजन प्रक्रिया के अंतर्गत सभी शिक्षा मित्रों के फार्म जमा कराए गए तथा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर अरविंद कुमार निर्वाल ने तहसील एवं जिला स्तर पर उत्पन्न समस्याओं के समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया।

जिला महामंत्री अनुज राणा ने शिक्षा मित्रों से जुड़े सभी कार्यों को समय पर पूर्ण कराने की बात कही। वहीं जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश स्तर पर चल रही योजनाओं और संगठन की आगामी रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। इसके अंतर्गत राजकुमार को ब्लॉक महामंत्री, सुजाता को महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक महामंत्री एवं सचिव सहित उपाध्यक्ष व अन्य पदों पर नियुक्तियाँ की गईं।

बैठक में ललिता प्रजापति, किरनलता, सलोनी, रीता, राजकुमार, निश्चित राजपूत, सुशीला, संजीदा, रामअवतार, उमेश चौहान सहित बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा शिक्षा मित्रों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत, युवक गंभीर घायल – हायर सेंटर रेफर

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। सुरजनगर से स्योहारा लौटते समय ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से



घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले।

घटना के बाद घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) स्योहारा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घायल की पहचान हारिस पुत्र इकबाल अंसारी, उम्र लगभग 18 वर्ष, निवासी ग्राम बढ़नपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर में गणित मेला संपन्न, परिणाम घोषित

**समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएसई बोर्ड), लखीमपुर खीरी में आयोजित गणित मेले का परिणाम आज विधिवत रूप से घोषित किया गया। इस गणित मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनकी तार्किक सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान क्षमता का विकास करना रहा। गणित मेले के अंतर्गत अनेक शैक्षिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें गणित कविता, गणित निबंध (जूनियर व सीनियर वर्ग), गणित रंगोली, गणित मापन, गणित अनुमापन, गणित चित्रकला (जूनियर व सीनियर वर्ग), गणित चार्ट (प्राइमरी व जूनियर वर्ग), गणित प्रदर्शन (बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग), गणित भजन, गणित स्टॉल तथा गणित भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

गणित प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि, गणित केवल अंकों का विषय नहीं है, बल्कि जीवन को व्यवस्थित करने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। गणित मेला विद्यार्थियों में तर्क, विश्लेषण, समस्या समाधान एवं आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम है। जब विद्यार्थी प्रयोग, प्रदर्शन और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखते हैं, तब ज्ञान स्थायी बनता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि, ह्लजीतने से अधिक महत्वपूर्ण सीखने की प्रक्रिया है। प्रत्येक विद्यार्थी का प्रयास ही उसकी वास्तविक सफलता है।ह्व साथ ही उन्होंने आचार्य परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के आचार्यों द्वारा किया गया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# शिव सैनिक एवं कृषक आज वन क्षेत्राधिकारी को सौपेंगे ज्ञापन

## वन्य हाथी पहुँचा रहे फसलों को नुकसान

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ। जंगली हाथियों के झुंड फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसान हताश हैं एवं आर्थिक नुकसान बर्दास्त कर रहे हैं। इन दिनों खेतों में गन्ना, गेहू, सरसों आदि तिलहन एवं दलहन की फसल खड़ी हुई है। घना कोहरा एवं सर्दी का मौसम हाथियों से निगरानी में बाधक बना हुआ है। कृषकगण अपनी फसलों के नुकसान से चिंतित हैं। बताया गया कि वन विभाग के अधिकारियों से कई बार अनुरोध किया गया किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। अफजलगढ क्षेत्र के अन्तर्गत कालागढ वन्य क्षेत्र की सीमा से लगे ग्राम मुरलीवाला, जामनवाला, भिक्कावाला एवं बनियावाला आदि के कृषक प्रतिनिधि शिवसेना यूबीटी के नेतृत्व में कालागढ स्थित फोरेस्ट विभाग के कार्यालय परिसर में एकत्र होकर वनाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वन्य जीवों से फसलों एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु आज बुधवार 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे एक ज्ञापन वन विभाग उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को सौंपेंगे। शिवसेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा ने बताया कि कालागढ़ वन क्षेत्र की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के ग्रामवासियों की फसलों को नुकसान एवं जनमानस पर हो रहे वन्यजीवो के हमलों से सुरक्षा हेतु एक ज्ञापन सौंपकर सुरक्षात्मक उपाये कराने का अनुरोध किया जायेगा।



# मातृ शक्ति जागरण 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम संपन्न

**समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंहलखीमपुर खीरी।**



मंगलवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में मातृ शक्ति जागरण ह्यसप्तशक्ति संगम कार्यक्रमह्ण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधुश्री साव (विद्या भारती अखिल भारतीय मंत्री) ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अंशू वर्मा (प्रवक्ता, युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय) एवं सुमन श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य, रवि मेमोरियल स्कूल) उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ. मधुश्री साव, निधि द्विवेदी, डॉ. अंशू वर्मा, सुमन श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक चन्द्रभूषण साहनी, समिति सदस्य नूतन गुप्ता, ममता अग्रवाल, सी.ए. अमित गुप्ता एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना निधि द्विवेदी ने प्रस्तुत की। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय की उपप्रधानाचार्य डॉ. सीमा मिश्रा ने कराया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या अनुराधा दुबे ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन प्रीति अग्रवाल एवं पूजा गुप्ता द्वारा किया गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मधुश्री साव ने माताओं को संबोधित करते हुए नारी की सप्तशक्तियों के जागरण पर बल दिया तथा कहा कि नारी की वाणी में सकारात्मकता समाज को दिशा देने की शक्ति रखती है।

मुख्य वक्ता डॉ. अंशू वर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार रखे। वहीं सुमन श्रीवास्तव ने कुटुम्ब प्रबोधन विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार समाज की मूल इकाई है, जिससे राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि परिवार की धुरी एक स्त्री होती है, जो पूरे कुटुम्ब को एक सूत्र में बांधे रखती है तथा परंपराओं को आगे बढ़ाती है।

इस अवसर पर माताओं ने रानी चेन्नमा, रानी लक्ष्मीबाई, माता शबरी, अहिल्याबाई, लता मंगेशकर, किरण बेदी सहित अन्य महान विभूतियों के स्वरूप धारण कर सभी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में समाज की आठ विशिष्ट माताओं – मयूरी नागर, कुमकुम गुप्ता, डॉ. शालू गुप्ता, संतोष कुमारी शुक्ला, डॉ. नेहा सिंहई, मधुरिमा श्रीवास्तव, रेनू एवं रूचि को उनके विशिष्ट योगदान हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समाज में नारी की सहभागिता से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आचार्या शिवि गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में सीतापुर संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह भी उपस्थित रहे।

अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने पधारे हुए सभी अतिथियों एवं वंदनीय माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वाईडी कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता

**समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**



सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर युवराज दत्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्रझ्रछात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने यातायात नियमों के पालन, सड़क पर सुरक्षित व्यवहार तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का प्रभावशाली संदेश दिया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. सौरभ वर्मा ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और यातायात नियमों का पालन अनेक अनमोल जीवनों की रक्षा कर सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है। जब युवा वर्ग यातायात नियमों के प्रति सजग होगा, तभी सुरक्षित समाज की स्थापना संभव है। उन्होंने एनएसएस के छात्रझ्रछात्राओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता ही सुरक्षित जीवन का आधार है।

कार्यक्रम में प्रो. नीलम त्रिवेदी, प्रो. विशाल द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्रा, प्रो. सत्यनाम, प्रो. संजय कुमार, प्रो. सुभाष चंद्रा, प्रो. नूतन सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. रचित कुमार, डॉ. श्वेतांक भारद्वाज, डॉ. अजय कुमार, श्री धर्म नारायण एवं श्री योगेश दुबे सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# एसडीओ सिंचाई पुनीत अग्रवाल को मातृ शोक

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के द्वितीय उपखण्ड में कार्यरत सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल की माता का आकस्मिक स्वर्गवास का समाचार सुनकर खण्ड में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि रात्रिकाल लगभग 2 बजे बुलन्दशहर स्थित उनके पैतृक आवास में उनका गौलोक गमन हो गया। सूचना प्राप्त होते ही एसडीओ पुनीत अग्रवाल परिवार सहित धामपुर से बुलन्दशहर को रवाना हो गए। खण्डीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शुभचिन्तकों ने शोक संतत्व परिवार को सांत्वना देकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। अंतिम संस्कार मोक्षदायनी गंगा के तट पर बृजघाट में किया गया ।

# रील क्रिएटर दिलशाद की पंजाब में मौत, गांव में पसरा मातम

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दिलशाद की पंजाब में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथ कार में सवार पंजाब के मानसा जिले के बुढलाडा निवासी मैकेनिक सुखदीप की भी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव गंगेरू निवासी दिलशाद अपनी पत्नी दिल शाना के साथ किसी निजी कार्य से पंजाब के मानसा जिले के बुढ लाडा गया था। दिलशाद ने अपनी पत्नी को वहां रिश्तेदारी में छोड़ दिया था।



इसके बाद वह बुढलाडा निवासी मैकेनिक सुखदीप के साथ अपनी कार में सवार होकर कबाड़ की दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए निकला। रास्ते में अचानक कार अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर जैसे ही गांव गंगेरू पहुंची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी तत्काल पंजाब के लिए रवाना हो गए। सोमवार को पोस्ट मार्टम के बाद जब दिलशाद का शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव में गमगीन माहौल छा गया। नम आंखों के साथ परिजनों और ग्रामीणों ने दिलशाद को अंतिम विदाई दी और शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हर आंख नम थी और हर जुबां पर बस एक ही सवाल–यह सब इतनी जल्दी कैसे हो गया।मृतक दिलशाद सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय था। वह अपनी पत्नी दिलशाना के साथ इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील बनाता था। उसकी रीलों को लोग काफी पसंद करते थे। दिलशाद के इंस्टाग्राम पर करीब 10 हजार और फेसबुक पर 16 हजार से अधिक फॉलोअर थे। उसकी अचानक हुई मौत से न केवल परिवार, बल्कि सोशल मीडिया पर जुड़े उसके चाहने वालों को भी गहरा सदमा पहुंचा है। इस दर्दनाक हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। गांव गंगेरू में शोक का माहौल है

# मां ने पुत्र पर लगाया मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के नई बस्ती निवासी महिला ने अपने पुत्र पर जबरदस्ती घर पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बे के मोहल्ला नहीं बस्ती निवासी महिला हसीना पत्नी इस्लाम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपने पुत्र शौकीन को काफी दिन पहले अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था, जिसके चलते उसका पुत्र मुजफ्फरनगर में रहता था। पीड़िता का आरोप है कि पिछले कई दिनों से पीड़िता का पुत्र कस्बे में आया हुआ है और पीड़िता के साथ मारपीट व गाली गलौज करते हुए पीड़िता के मकान पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि अगर पीड़िता अपने पुत्र को घर खाली करने को कहती है तो पीड़िता का पुत्र पीड़िता की हत्या करने की धमकी देता है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण कांधला**

कस्बे के राजकीय महिला स्नात कोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए रचना त्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्टड्ड के माध्यम से छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करना, ट्रैफिक संकेत का सम्मान करना, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना एवं सीट बेल्ट एवं हेलमेट के प्रयोग की महत्व के विषय में जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जुवेरिया पुत्री नसीम अहमद बी ए



तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर सोनी पुत्री उमरदीन, एम ए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर महक पुत्री शाहिद बीए प्रथम वर्ष रही। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ब्रिजेश राठी, सीमा सिंह एवं अमित सिंह शामिल रहे, साथ ही सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जारा पुत्री नफीस बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान जुवेरिया पुत्री नसीम अहमद बी ए तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान जैनब पुत्री नवाब बी ए तृतीय वर्ष प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू एवं सहसंयोजक डॉ अंकिता त्यागी द्वारा किया गया।

# टीम वर्क पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट कैंप के द्वितीय दिवस पर अनुशासन, कौशल विकास एवं टीम वर्क



पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैंप के दूसरे दिन स्काउट प्रशिक्षका गीता रानी एवं गायत्री देवी द्वारा प्रतिभागी स्काउटों को ध्वजारोहण, गांठ बांधने की कला, प्राथमिक उपचार, टेंट लगाना तथा पिरामिड निर्माण जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। स्काउट प्रभारी प्रमोद कुमार ने स्काउटिंग के इतिहास एवं इसके माध्यम से मिलने वाले जीवनोपयोगी कौशलों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों में देश सेवा व सामाजिक दायित्वों की भावना विकसित करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद, उपप्रधानाचार्य मलूक चंद, नीटू कुमार, रवि कुमार, नितिन कुमार, धीरज कुमार, संजू कुमार, मनोज कुमार, सोमदत्त मौजूद रहे।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार दो लोगों की हुई दर्दनाक मौत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )देर रात्रि शहर के कुड़ाना रोड पर कार का संतुलन बिगड़ जाने से कार एक पेड से टकराकर खेत में पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवो का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है, वही मृतकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शहर के माजरा रोड निवासी 26 वर्षीय विशाल उर्फ सन्नी पवुत्र ओमपाल उर्फ वेदप्रकाश उर्फ बेदु मोहल्ले के ही एक क्रॉकरी की दुकान र कार्य करता था। बताया जाता है कि गत सोमवार को वह दुकान मालिक 55 वर्षीय राकेश पुत्र आनंद निवासी सिसौली के साथ कार में सवार होकर फरीदाबाद दवा लेने के लिए गया था। जब वह देर रात्रि करीब दो बजे वापस गांव सिसौली लौट रहे थे तो गांव कुडाना रोड स्थित कृष्णा नदी



के निकट पहुंचे तो इसी दौरान कार चला रहे विशाल का संतुलन बिगड गया और अचानक कार असंतुलित होकर सडक किनारे खडे पेड से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पलट गई और कार के परखच्चे उड गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को कार से बामुश्किल बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों के शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार दोपहर बाद दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे, जहां शवों को देख परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक राकेश अपने पीछे दो बेटे छोड दिया है। हादसे में क्षतिग्रस्त कार करीब एक सप्ताह पूर्व ही खरीदी गई थी। जबकि मृतक विशाल उर्फ सन्नी की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मोबाइल पर बात करने का दबाव बनाने का आरोप, विरोध करने पर पति से मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**

देहात क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने कस्बा निवासी एक युवक पर उसके मोबाइल फोन पर बात करने का दबाव बनाने तथा विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।मंगलवार को थाना क्षेत्र की देहात कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि वह किराये के मकान में रहती है। आरोप है कि कस्बा निवासी एक युवक ने किसी अन्य युवक के माध्यम से अपना मोबाइल फोन भेजकर उससे बात करने का दबाव बनाया। जब इस बात की जानकारी पीड़िता के पति को हुई तो उसने आरोपी युवक को बुलाकर पूछताछ की और विरोध जताया। इस पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के पति के साथ मारपीट कर दी।

पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बुजुर्गो का साथ अत्यंत विशेष होता है, वीना अग्रवाल

**समाज जागरण**

शामली। इनर व्हील क्लब शामली द्वारा मंगलवार को झिंझाना स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ समय बिताया गया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने बुजुर्ग



माता-पिताओं एवं भाईयों का हाल-चाल जाना और उनके साथ सुख-दुख साझा किया। क्लब की अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों का साथ अत्यंत विशेष होता है, क्योंकि वे जीवन के अनुभव, ज्ञान और धैर्य का खजाना होते हैं। उनके मार्गदर्शन से युवा पीढ़ी को सही दिशा मिलती है और रिश्तों की अहमियत समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से जीवन में यश, विद्या, आयु एवं बल की वृद्धि होती है। इस अवसर पर क्लब की ओर से वृद्धजनों को समोसे, नमकीन, बिस्कुट, मूंगफली, रेवड़ी, गर्म शॉल एवं साड़ियां भेंट की गईं। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट चेयरमैन चंचल माहेश्वरी एवं उषा गोयल रहीं। मौके पर वृद्धाश्रम प्रबंधक बेबी, चंचल माहेश्वरी, प्रिया भट्ट, रेखा गोयल, उषा गोयल मौजूद रही।

# नामांकन के अंतिम दिन चुनाव अधिकारी के गायब रहने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड, लखनऊ की शाखा प्रतिनिधि एवं प्रबंध कमेटी के निर्वाचन को लेकर शामली विकास खंड में चल रही चुनाव प्रक्रिया उस समय विवादों में घिर गई, जब नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने चुनाव अधिकारी के गायब रहने का आरोप लगाते हुए हंगामा व प्रदर्शन किया।



प्रत्याशियों का आरोप है कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए निर्धारित समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक था, लेकिन चुनाव अधिकारी नामांकन प्रक्रिया के दौरान विकास खंड शामली कार्यालय से अनुपस्थित रहे। प्रत्याशी शेखर, राम, ईश्वर सिंह, कंवरपाल, विनोद, श्रीपाल करोड़ी, रामकुमार सिलावर, प्रधान बॉबी तथा सचिन ने आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारी ने सत्ता पक्ष के केवल एक प्रत्याशी का नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया और इसके बाद कार्यालय से चले गए। प्रत्याशियों ने बताया कि वे दोपहर 12 बजे से चुनाव अधिकारी की प्रतीक्षा कर रहे थे, लेकिन न तो उनका फोन उठाया गया और न ही अन्य प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा किए गए। इससे प्रत्याशियों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने विकास खंड कार्यालय परिसर में हंगामा करते हुए निष्पक्ष चुनाव की मांग की। प्रत्याशियों ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की 323 शाखाओं के लिए शाखा प्रतिनिधियों का निर्वाचन 27 जनवरी को, प्रबंध कमेटी के सदस्यों का निर्वाचन 16 फरवरी को तथा सभापति, उपसभापति एवं अन्य समितियों के लिए प्रतिनिधियों का निर्वाचन 17 फरवरी को प्रस्तावित है। घटना से आक्रोशित प्रत्याशियों ने निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे न्यायालय की शरण लेंगे। बाद में सभी प्रत्याशी कोर्ट जाने की चेतावनी देकर लौट गए।

# 27 को होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**समाज जागरण**

शामली। शहर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर रुचिता ढाका ने बताया कि कॉलेज की छात्राऐं परिषदीय परीक्षा 2026 की परीक्षा में सम्मिलित हो रही है उन छात्राओं की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जनवरी को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में संपन्न कराई जाएगी।

# राजनीतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत आयुक्त/रोल ऑब्जर्वर सहारनपुर मंडल डॉ. रूपेश कुमार की अध्य क्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम सत्येन्द्र सिंह ने रोल ऑब्जर्वर को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित अब तक की गई गतिविधियों की जानकारी दी। रोल ऑब्जर्वर डॉ. रूपेश कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए निर्वाचक नामावली को शत-प्रतिशत शुद्ध बनाया जाए। उन्होंने बीएलओ का एक बार पुनः प्रशिक्षण कराने तथा स्वीप गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। रोल ऑब्जर्वर ने बताया कि 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी डिग्री कॉलेजों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, जिनमें ऐसे



छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनका फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया जाए। बैठक में बताया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत ऐसे युवा नागरिक, जो अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं अथवा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। फॉर्म-6 ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से अथवा ऑफ लाइन बीएलओ को उपलब्ध कराया जा सकता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र देना अनिवार्य है तथा जन्म तिथि एवं आवासीय पते के साक्ष्य के लिए आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक स्वस त्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि सामान्य निवास प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा, जबकि स्थायी निवास प्रमाण पत्र मान्य है। बैठक में डीएम अरविंद कुमार चौहान ने रोल ऑब्जर्वर को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों का जनपद स्तर पर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम सत्येन्द्र सिंह, प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन विनय कुमार भदौरिया उपस्थित रहे।

# पहली बार प्रकाशित हुआ एमएससी छात्रों का शोध पत्र

**समाज जागरण**

शामली। मां शाकुम्भरी विश्व विद्यालय (एमएसयू) से संबद्ध आर के पीजी कॉलेज शामली के भौतिकी विभाग में अध्ययनरत एमएससी छात्रों का शोध पत्र पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह विश्वविद्यालय की परा स्नातक कक्षाओं में प्रकाशित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र है। भौतिकी विभाग के डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि एमएससी भौतिकी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं ज्योति जयंत एवं छवि भारद्वाज ने उच्च गुणवत्ता का शोध पत्र विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर के नेक्स्ट रिसर्च जर्नल में प्रकाशित कराया है। यह उपलब्धि न केवल आरके कॉलेज बल्कि मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय एवं इसके समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के लिए गौरव का विषय है। जनवरी 2026 में प्रकाशित यह शोध पत्र नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुभव आधारित अधिगम के उद्देश्य को भी साकार करता है। विश्वविद्यालय से संबद्ध किसी महाविद्यालय में यह पहला अवसर है, जब एमएससी स्तर के छात्रों ने अपने रिसर्च प्रोजेक्ट के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शोध पत्र सफलतापूर्वक प्रकाशित कराया है। छात्रों द्वारा प्रस्तुत शोध में सिमुलेशन एंड मॉडलिंग मेथड को नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रभावी ढंग से समझाया गया है। इस पद्धति के माध्यम से विश्व के अद्भुत पदार्थ कार्बन नैनोट्यूब्स के यांत्रिक गुणों- जैसे यंग मापांक एवं शियर प्रत्या स्थता गुणांक को सरलता से ज्ञात किया जा सकता है। शोध के अनुसार कार्बन नैनोट्यूब्स स्टील की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक कठोर और सौ गुना से भी अधिक मजबूत हो सकते हैं। डॉ. संजीव कुमार नैनोटेक्नोलॉजी के प्रतिष्ठित शोधकर्ता हैं। वे वर्ष 2010 से इस क्षेत्र में शोध कर रहे हैं और उनके शोध पत्र एल्सेवियर, आरएससी, स्प्रिंगर नेचर एवं वाइली जैसे विश्व प्रसिद्ध प्रकाशनों में प्रकाशित हो चुके हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना एवं संदर्भ (साइटेशन) प्राप्त हुआ है। वर्तमान में वे नैनो फाइबर, नैनो फॉस्फर, कार्बन नैनोट्यूब, डीएफटी, सिमुलेशन एवं मॉडलिंग जैसे विषयों पर शोध कार्य कर रहे हैं।

# एक करोड़ तीन लाख की स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग )कोत वाली पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 517 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ तीन लाख रुपये बताई जा रही है। गांव खुरगान में राजकीय इंटर कॉलेज के पास पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान बंजारा बस्ती की ओर से एक संदिग्ध युवक आता दिखाई पड़ा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 517 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अहसान उर्फ कटी निवासी गांव मंडावर बताया। पुलिस



के अनुसार, आरोपी ने बताया कि वह स्मैक बरेली से लाकर क्षेत्र में सप्लाई करता था। सीओ हेमंत कुमार ने बताया कि पकड़ी गई स्मैक की कीमत एक करोड़ तीन लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी के अन्य संपर्कों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# कोर्ट ने दो दोषियों को सजा सुनाई

**समाज जागरण**

कैराना। न्यायालय ने अलग-अलग मामलों में दो दोषियों को सजा सुनाई। वर्ष 2015 में कांधला पुलिस ने कुलदीप उर्फ गुल्लू निवासी गांव किवाना को चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिए थे। मंगलवार को न्यायालय ने दोषी को जेल में बिताई अवधि के कारावास और 1500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके अलावा वर्ष 1992 में शामली कोतवाली पर गिर्राज उर्फ गिरीराज निवासी गांव अम्हेडा थाना बागपत के विरुद्ध लूट और माल बरामद होने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसे न्यायालय ने दोषी मिलने पर जेल में बिताई अवधि के कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# यातायात नियमों को लेकर छात्रों को किया गया जागरूक

**समाज जागरण झिंझाना। (फुरकान जंग)**

कस्बे के राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कालेज में पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मंगलवार को कस्बे के राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ छात्रों को बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने तेज गति तथा गलत दिशा में वाहन चलाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी भी दी। छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग, रोड साइन और पैदल चलने के नियमों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने कहा कि यातायात नियम केवल कानून नहीं, बल्कि हमारी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने



विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं, इसलिए छोटी उम्र से ही यातायात अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी यातायात से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस टीम ने सरल भाषा में उत्तर दिया। जागरूकता कार्यक्रम से छात्रों में उत्साह देखा गया और उन्होंने नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प

**समाज जागरण**

कैराना। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराई गई। छात्र-छात्राओं ने स्लोगन लेखन के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रदर्शित कर नागरिकों को जागरूक किया। महाविद्यालय के बॉटनी विभाग के प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि सड़क और यातायात सुरक्षा का आरंभ हमें अपने परिसर से ही करते हुए एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। कॉमर्स विभाग प्रभारी डॉ. हंसराज



पंवार ने बताया कि भारत में यूरोपीय देशों के मुकाबले वाहन अनुपात दस प्रतिशत ही है, जबकि सड़क दुर्घटनाओं का अनुपात दस गुना है। इसलिए सड़क सुरक्षा जागरूकता एक महत्वपूर्ण विषय है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डॉली ने बताया कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं का कारण युवा जोश होता है। सड़क सुरक्षा के नियमों की अवहेलना जीवन पर भारी पड़ जाती है। सड़क सुरक्षा एक सामूहिक उत्तरदायित्व है। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवी वंश कुमार, रोहन, रूपेश कुमार, महक, मुस्कुरा, अरमान कसाना, सचिन ,जुबैर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मकान में आग से लाखों का नुकसान

**समाज जागरण**

कैराना। मजदूर के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। पीड़ित ने आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

गांव रामड़ा निवासी साबिर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करता है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे उसके मकान में संदिग्ध



परिस्थितियों में आग लग गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। शोर–शराबा होने पर आस–पड़ोस के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घरेलू सामान जल चुका था। साबिर ने बताया कि उसके मकान में आग के कारण 40-42 हजार रुपये भी राख हो गए। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

# सड़क सुरक्षा गोष्ठी में ग्रामीणों को यातायात नियमों की सख्त जानकारी दी गई

### सड़क सुरक्षा माह में नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्यवाही कर 71 हजार राजस्व वसूला

**हेलमेट सीट बेल्ट और यातायात नियमों को लेकर प्रशासन सख्त**



**समाज जागरण बागपत।**
सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में मंगलवार को यातायात नियमों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार द्वारा सरूरपुरकलां गांव में सड़क सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। गोष्ठी के दौरान ग्रामीणों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनने तथा रोंग साइड वाहन न चलाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा माह की शपथ भी दिलाई गई ताकि नियमों के पालन को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। प्रवर्तन कार्यवाही के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न लगाने, रोंग साइड वाहन चलाने तथा मोबाइल का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वाले 60 से अधिक व्यक्तियों के चालान किए गए। इसके अतिरिक्त ओवरलोडिंग के मामले में एक वाहन को सीज कर बंद किया गया। इस कार्यवाही से मंगलवार को कुल 71 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अभियान पूरे जनपद में लगातार जारी रहेगा ताकि आमजन की जान की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# विकसित भारत मिशन से ग्रामीण रोजगार और आजीविका को मिली नई दिशा

**फैजपुर निनाना में रोजगार गारंटी मिशन का जनजागरण अभियान संपन्न**

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त करने की दिशा में केंद्र सरकार का बड़ा कदमः सांसद**



**समाज जागरण बागपत।**
ग्राम फैजपुर निनाना में मंगलवार को विकसित भारत रोजगार और आजी विका (जी राम जी) के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण के अंतर्गत एक व्यापक जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मिशन की अवधारणा से अवगत कराना तथा स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों से सीधा संवाद करते हुए मिशन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। बताया गया कि यह योजना ग्रामीण युवाओं किसानों महिलाओं और श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। मिशन के माध्यम से हर हाथ को काम और हर परिवार को स्थायी आय से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है जिससे गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योजना को ग्रामीण भारत के लिए क्रांतिकारी कदम बताया और इसे उत्साहपूर्वक समर्थन दिया। ग्राम प्रधान देवी ने कार्यक्रम में पहुंचे सांसद डॉ राज कुमार सांगवान जी का स्वागत किया और कहा कि इस तरह की योजनाएं गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश चौधरी गोल्डन गेटवे के डायरेक्टर सुधीर धामा, रालोद नेता नीरज पंडित, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र, फैजुल्लापुर प्रधान मनोज, दिनेश प्रधान, गौरव धनकड़, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सिंह सुरेंद्र सागर, रवि, सुभाष, जगपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रदर्शन से रोकने के लिए पुलिस ने आप कार्यकताओं को घर में नजरबंद किया



**समाज जागरण बागपत।**

काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले ही प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी। मंगलवार को जिले में आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया, जिससे वे विरोध प्रदर्शन में शामिल न हो सके। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई पूरी तरह अलोकतांत्रिक है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। कहा कि भाजपा सरकार मंदिर ध्वस्तीकरण जैसे गंभीर मुद्दों पर जनता की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का सहारा ले रही है। कार्यकर्ताओं को बिना किसी लिखित आदेश के घरों में कैद कर देना संविधान प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सुबह से ही पुलिस बल कार्यकर्ताओं के आवासों पर तैनात रहा और उन्हें बाहर निकलने से रोका गया। आप नेताओं से कहा गया कि यदि वे घर से बाहर निकले तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि इस तरह की दमनात्मक कार्रवाई से आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता। जिलाध्यक्ष का कहना है कि मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का मुद्दा हिंदू आस्था से जुड़ा है और इस पर चुप्पी साधना अपराध है। पार्टी ने चेतावनी दी कि लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा और जनता की आवाज को किसी भी कीमत पर दबने नहीं दिया।

# आयुष से शिक्षा तक व्यवस्थाओं का नोडल अधिकारी ने किया गहन निरीक्षण

**हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ शासन की स्पष्ट प्राथमिकता**



**समाज जागरण बागपत।**
शासन से नामित जनपद नोडल अधिकारी एवं आयुष विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने मंगलवार को जनपद के भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य शिक्षा एवं पशुपालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य कागजों तक सीमित न रहकर आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। निरीक्षण की शुरूआत खेकड़ा विकास खंड के सांकरौद गांव स्थित 50 शैय्या युक्त आयुष चिकित्सालय से हुई। यहां आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया गया। अस्पताल में साफ-सफाई स्टाफ की उपस्थिति एवं चिकित्सा उपकरण संतोषजनक पाए गए। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि आयुष चिकित्सा का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक उपचार पहुंचाया जाए। इसके बाद पिलाना विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय हिसावदा का निरीक्षण किया गया। बच्चों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता जानी गई। 224 नामांकित छात्रों के सापेक्ष 189 की उपस्थिति पर संतोष जताते हुए शत-प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वयं कक्षा में पढ़ाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया तथा स्मार्ट क्लास मिड डे मील और आंगनवाड़ी की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरूरपुर और गौशाला का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और गोवंश संरक्षण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। सरूरपुर गांव की गौशाला स्थिति संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने केयरटेकर और सीवीओ के कार्य को सराहा। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारने के आदेश दिए। इस मौके पर सीडीओ बृजेंद्र शुक्ल, एडीएम शिव नारायण, सूचना अधिकारी राहुल भाटी आदि मौजूद रहे।

# धनौरा सिलवरनगर की प्रीति राणा को मिली पीएचडी की उपाधि



**समाज जागरण बिनौली।**
धनौरा सिलवरनगर की प्रीति राणा ने हिंदी विषय में पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर स्वजन व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। धनौरा सिलवर नगर गांव के किसान संतकुमार राणा की बेटी प्रीति राणा ने प्रारंभिक व इंटर तक की शिक्षा गांव के विद्यालयों से की। इसके बाद स्नातक, परास्नातक व बीएड बड़ौत के जेवी कालेज से की। इसके उपरांत उन्होंने डा.नीलम राणा के सानिध्य में हिन्दी की सुप्रसिद्ध कवयित्री अनामिका के साहित्य पर शोध कार्य पूर्ण किया। उन्होंने अनामिका के साहित्य में आधुनिक जीवन दृष्टि एवं युग-बोध विषय पर शोध प्रस्तुत कर पीएचडी उपाधि हासिल की। डा.सुशील वत्स, नरेंद्र नंबरदार पुनीत राणा, मोनू राणा व धर्मेंद्र राणा का कहना है कि इस उपलब्धि ने गांव का गौरव बढ़ाया है।

# शील चन्द इंटर कॉलेज में क्रिकेट और खो खो प्रतियोगिता का आयोजन

**खेलों से अनुशासन नेतृत्व और राष्ट्रभावना का विकास होता हैः प्रदीप बली**



**समाज जागरण बागपत।**
कस्बा अमीनगर सराय स्थित शील चन्द इंटर कॉलेज में मंगलवार को क्रिकेट एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम, उत्साह और अनुशासित वातावरण में किया गया। खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश, खेल भावना और टीम भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ बागपत एवं भारत सरकार के दूरभाष मंत्रालय के पूर्व सदस्य प्रदीप बली रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सह जिला संयोजक सामाजिक समरसता गति विधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विपिन तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शील चन्द इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र ने की। अतिथियों ने क्रिकेट और खो-खो दोनों प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों से छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजिका बहन सपना शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मेरठ प्रांत द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही।

कार्यक्रम में छात्र रत्न शिवांश गोयल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मेरठ प्रांत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं पूर्व जिला महामंत्री गौरक्षा मंच बागपत की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था।

# नेपाल में महाराम अखाड़े की मल्ल ने जीता स्वर्ण पदक



**समाज जागरण**

खेकड़ा। नेपाल में साउथ एशियन काम्बेट प्रतियोगिता में दादा महाराम अखाड़े की महिला मल्ल ने स्वर्ण पदक जीतकर बागपत का नाम रोशन किया है। अखाड़ा पहुंचने पर मल्ला का गुरू बिंदू व साथी पहलवानों ने जोरदार स्वागत किया। दिल्ली यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर पाठशाला बस स्टैंड के पास स्थित दादा महाराम अखाड़े के गुरू बिंदू खलीफा ने बताया कि अखाड़े की महिला मल्ल पूनम नैन सरूरपुर गांव की रहने वाली है। पूनम ने 17 व 18 जनवरी को नेपाल के लूम्बानी प्रांत में भैरवाह के महेंद्र सभाग्रह में हुई अंडर-19 जूनियर महिला व पुरुष साउथ एशियन काम्बेट कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया। 60 किग्रा भार वर्ग में पूनम ने प्रतिद्वंदी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खलीफा ने बताया कि पहले भी पूनम कई प्रतियोगिता में बागपत जिले का नाम रोशन कर चुकी है। मंगलवार को अखाड़ा पहुंचने पर गुरू बिंदू खलीफा ने पूनम को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया तो साथ पहलवानों ने उत्साहवर्धन करते हुए जोरदार स्वागत किया।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अपनी अध्ययन यात्रा में ली महत्वपूर्ण जानकारी



**समाज जागरण बागपत।**

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत की छात्राओं की एक अध्ययन यात्रा मेरठ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज मेरठ गयी। जिसमें 595 छात्राएं तथा 10 अध्यापकों व अध्या पिकाओं ने प्रतिभाग किया। शासन के आदेशा नुसार समग्र शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 9 से 12 तक की छात्र-छात्राओं हेतु उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन यात्रा प्रस्तावित है, जिसके तहत बच्चों को अपने आगे के कैरियर हेतु मार्गदर्शन मिल सके तथा बच्चे आगे के अध्ययन से पूर्व में अवगत हो सके और निर्णय लेने में सक्षम हो सके। यात्रा हेतु बच्चो ने सुबह विद्यालय से मेरठ के लिए प्रस्थान किया। वहां पर छात्राओं ने तकनीकी संस्थान की विभिन्न विभिन्न लैब, जिसमें कंप्यूटर साइंस, मानविकी, रोबोटिक्स आदि का भ्रमण किया। वहां के शिक्षकों द्वारा छात्राओं को सभी चीजों के बारे में समझाया गया।उसके बाद छात्राएं सरधना के लिए प्रस्थान किया। सरधना चर्च जोकि ऐति हासिक चर्च है और अंग्रेजों के समय का निर्माण किया गया है, जिसमें सभी छात्राओं ने घूम कर वहां के बारे में जानकारी प्राप्त की। उसके बाद छात्राएं बस द्वारा अपने विद्यालय वापस लौट आई। अध्ययन यात्रा के नोडल अधिकारी छवि श्रीवास्तव द्वारा सभी छात्राओं को अभिलेख तैयार करने के लिए कहा गया, जिससे कि पता चल सके की छात्राओं द्वारा क्या-क्या सीखा गया तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा सभी छात्राओं को अध्ययन यात्रा के विषय में जानकारी दी गई कि यह आपके लिए क्यों आवश्यक है। उक्त अध्ययन यात्रा में कुमारी कोमल, सिमरन, राखी शर्मा, अमित कुमार, रोहित, शिखा सभी ने प्रतिभाग किया।

# सभी प्राणियों में है परमात्मा बनने की शक्ति : विमर्श सागर




**समाज जागरण बागपत।**
अजितनाथ सभागार बडौत में धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने कहा कि संसार के समस्त प्राणियों के भीतर परमात्मा बनने की शक्ति विद्यमान है। इस बात को जैन दर्शन दृढ़ता से स्वीकार करता है। इसी तरह यह धर्म मानव को साक्षात हिसा से भी बचाता है। साथ ही साथ चार गति से, चार कषायों से बचने के लिये मन को निर्मल करके ,चार हाथ आगे की भूमि देखकर चलने की प्रेरणा देता है। नीचे देखकर चलने से वाह्य वस्तु कम दृष्टि गोचर होती हैं। इससे मन की आकांक्षा समाप्त होती है और मनुष्य स्वयं की सोचता है अन्य किसी से कोई आकांक्षा नहीं करता। आचार्य श्री ने कहा कि साधु त्रस एवं स्थावर जीवों की रक्षा एवं देव, गुरू, तीर्थ दर्शन, शास्त्र श्रवण व आहार चर्यां हेतु ही चलते हैं। बिना प्रयोजन कहीं भी नहीं चलते हैं। रात्रि में नहीं चलते, वे दिन में भी उसी मार्ग पर चलते हैं जहाँ गाय आदि पशु वाहन या सूर्य का प्रकाश पड़ गया हो, अन्यथा वे नहीं चलते। उन्होंने कहा-साधु छोटे ग्राम मे सात दिन, बड़े ग्राम में एक माह, दो माह तक और चातुर्मास तक रुक सकते हैं। इससे अधिक नहीं रुक सकते क्योंकि एक ग्राम में ज्यादा रुकने से मोह परिणाम जाग्रत होते हैं, जिस कारण धार्मिक क्रिया का हास होता हैं, जो योग को स्वीकार करता है फिर भी संसार में रह जाता है उसे उत्कृष्ट भोग सामग्री की प्राप्ति होती है, उसे वह छोड़ कर पुनः योग को स्वीकार कर लेता है और अपने परमात्मा को उपलब्ध हो जाता है। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, जितेंद्र जैन, विनोद जैन, वरदान जैन, मदन लाल जैन, अनिल जैन, संजय जैन, राजेश जैन आदि उप स्थित थे।

# सूचना मिलते ही 7 मिनट में घटनास्थल पर पहुँची 108 एम्बुलेंस

**108 एम्बुलेंस ने बचाई तीन घायल लोगो की जान**




**समाज जागरण**
बिजनौर। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एम्बुलेंस सेवा मंगल वार को एक बार फिर से जीवन रक्षक साबित हुई। सरकारी 108 एम्बुलेंस सेवा के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) ने अपनी सूझ बूझ से मरीज के जीवन की रक्षा करने में अहम भूमिका अदा की। एम्बुलेंस संचालक संस्था के प्रोग्राम मैनेजर राजन कुमार ने बताया कि मंगलवार को शाम करीब पौने चार बजे किरतपुर ब्लॉक में पौड़ी नेशनल हाईवेर पर स्वाहेड़ी गांव के पास एक बाइक और ब्लोरो पिकअप की भिड़त में तीन लोग घायल होने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही 7 मिनट में एम्बुलेंस घायलो के पास पहुँची। उसके उपरान्त एम्बुलेन्स स्टाफ ने अपनी तत्परता दिखाते हुए, घायलो को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया और चिकित्सालय की ओर निकले। उसके बाद सुमित (ईएमटी) ने रास्ते में ही टेलीफोन कॉल के माध्यम से, ईआरसीपी टीम (लखनऊ) की मदद से प्राथमिक उपचार देते हुए तीनो घायलों को रास्ते में दर्द से दिलाई राहत। वही पायलट अजय ने अपने कर्तव्य को पूरा निभाते हुए सही समय पर एम्बुलेंस से तीनो घायल मरीजों को अस्पताल पहुँचाया। घायल मरीजो को लेकर जब एम्बुलेंस कर्मी जिला चिकित्सालय बिजनौर पहुंचे तो डॉक्टर ने तीनो घायल मरीजो की जांच करने के बाद, ईएमटी एवं पायलट की समझदारी और कार्य कुशलता की सराहना की।

# ठगी व गलत ट्रांजैक्शन के शिकार दो पीड़ितों को मिली धनराशि वापस

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बा निवासी एक महिला और एक व्यक्ति के खातों से निकली धनराशि को थाना परिसर में संचालित साइबर सेवा केंद्र की टीम ने कार्रवाई करते हुए वापस करा दिया। खाते में पैसे लौटने पर दोनों पीड़ितों ने साइबर टीम का आभार जताया है।कस्बा निवासी बाबर के मोबाइल फोन पर गत माह एक संदिग्ध लिंक आया था। लिंक खोलते ही उसका मोबाइल हैक हो गया, जिसके बाद साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से एक लाख 15 हजार रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने थाने में पहुंचकर साइबर सेवा केंद्र टीम को शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की। साइबर सेवा केंद्र की त्वरित कार्रवाई से ऑनलाइन फ्रॉड की गई राशि में से 95 हजार रुपये




बाबर के खाते में वापस करा दिए गए।वहीं, कस्बे की निवासी सीमा वर्मा आठ जनवरी को अपने एक परिचित के खाते में 22 हजार 800 रुपये ट्रांसफर कर रही थीं। इस दौरान गलती से उक्त राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चली गई। गलती का पता चलते ही पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार को साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला की पूरी राशि भी वापस करा दी।धनराशि वापस मिलने पर दोनों पीड़ितों ने साइबर सेवा केंद्र टीम का धन्यवाद किया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या गलत ट्रांजैक्शन की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, जिससे समय रहते कार्रवाई कर पीड़ित को राहत दिलाई जा सके।

# विद्या की देवी सरस्वती की आराधना 23 जनवरी को, शुभ मुहूर्त में निभाई जाएंगी सारी परंपराएं

**विद्या और ज्ञान को समर्पित है बसंत पंचमी का त्यौहार, मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार.**

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**
सोनभद्र। माघ शुक्ल पंचमी यानी बसंत पंचमी का त्यौहार ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है.बसंत पंचमी इस वर्ष 23 जनवरी दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा. सोनभद्र जिले के शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सरस्वती पूजा को लेकर उत्साह अभी से ही दिखने लगा है. इस त्यौहार को देखते हुए मूर्तिकार मां सरस्वती के मूर्ति का अंतिम रूप देने में जुट गए हैं. ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां शारदे की आराधना के लिए पूरे जिले के शिक्षण संस्थानों और पूजा समितियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं. बसंत पंचमी कला से जुड़े लोगों के अलावा विद्यार्थियों के लिए भी बहुत खास होता है. इस दिन सभी घरों व स्कूलों आदि में सभी कलाओं से परिपूर्ण मां सरस्वती की पूजा -अर्चना की जाती है. यह त्यौहार प्राचीन काल से बहुत प्रचलित है. इस दिन प्रत्येक मनुष्य सरस्वती माता की पूजा करके उनसे शांति, समृद्धि, बुद्धि, सफलता व ज्ञान के लिए कामना करते हैं. इसके साथ ही स्कूलों व कॉलेजों में भी इनकी प्रतिमा की पूजा की जाती है. हिंदू धर्म में मां सरस्वती को स्वयं ज्ञान की देवी कहा जाता है. यह त्यौहार हर वर्ष माघ महीने में शुक्ल पंचमी को मनाई जाती है. यह केवल भारत में ही प्रचलित नहीं है, बल्कि इसके पड़ोसी देश नेपाल और बांग्लादेश में भी इस त्यौहार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है. इसका उल्लेख हिंदू धर्म के धर्मग्रंथो में भी किया गया है. सरस्वती पूजा के पीछे कई पौराणिक कथाएं हैं. जानकारों के अनुसार, जब भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी, तब सभी जीवों और वनस्पतियों का निर्माण किया था. भगवान शिव के अनुसार ब्रह्मा जी ने संसार का निर्माण तो कराया लेकिन सारा जगत अभी भी मूक और रंगहीन था. भगवान शिव ने परमपिता ब्रह्मा को यह आज्ञा दी कि इतनी बड़ी दुनिया का निर्माण अभी भी अधूरा है. सभी ऋषि -मुनियों और देवी- देवताओं ने मिलकर इस समस्या का निवारण करना चाहा. इसके लिए ब्रह्मा जी ने दी समस्या के निदान के लिए श्री विष्णु की स्तुति की. इसके बाद विष्णु भगवान का स्थान तत्काल ही प्रकट हो गया. ब्रह्मा के कथन के अनुसार उन्होंने समस्या का समाधान खोजने के लिए आदि शक्ति की याचना की. जब मां आदिशक्ति दुर्गा के दर्शन हुए तो उन्होंने समस्या को समझकर सृष्टि को और भी सुशोभित करने के लिए स्वयं के तेज से एक श्वेत दिव्य प्रकाश प्रकट किया. आदिशक्ति के ही एक रूप में वह चारभुजाओं वाली देवी, हाथों में वीणा, कमंडल, पुस्तक और माला वास्तुशिल्प थीं. देवी ने देवताओं के अनुसार अपनी वीणा से स्वर निकाला तो उनकी मधुर ध्वनि से पूरे संसार में जीवन आ गई. इसके बाद पूरी दुनिया में शब्द और कलाओं का संचार हुआ. उन्होंने प्रकाश पुंज वाली देवी का नाम मां सरस्वती बताया, जो माता शक्ति के आज्ञा के अनुसार परमपिता ब्रह्मा जी की अर्धांगिनी बनी है.

इस समय से संपूर्ण जगत में माता सरस्वती के प्रकट होने के उल्लास में सरस्वती की पूजा की गई, जो आज तक जारी है. शुभ मुहूर्त और तिथि के अनुसार पूजन की तैयारी ज्योतिषीय गणना के अनुसार पंचमी तिथि की शुरूआत 23 जनवरी को तड़के सुबह 2 बजकर 28 मिनट पर होगी और इसका समापन 24 जनवरी को 1 बजकर 46 मिनट की मध्यरात्रि पर होगा।

# अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों को मिल रही आर्थिक सहायता

**समाज जागरण**

कालांवाली 20 जनवरी (सुरेश जोरासिया) अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों पर होने वाले अत्याचारों को रोकने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 लागू किया गया। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 की अधिसूचना 31 मार्च 1995 को जारी की गई। हरियाणा सरकार ने इस अधिनियम को अपने राज्य में यथावत लागू किया है। इस अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में जिला के 20 पीड़ितों को 19 लाख रुपये की राशि आर्थिक सहायता के रूप में दी जा चुकी है।

इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उन व्यक्तियों को आर्थिक एवं कानूनी सहायता प्रदान करना है, जो किसी प्रकार के अत्याचार का शिकार होते हैं। अधिनियम के तहत गैर-अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों पर किए गए अपराधों जैसे– भूमि पर अनाधिकृत कब्जा, हत्या, डकैती, बलात्कार, लज्जा भंग, जल स्त्रोतों को दूषित करना, आगजनी तथा नरसंहार आदि मामलों में पीड़ितों को विशेष सहायता प्रदान की जाती है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार, ऐसे मामलों में पीड़ित व्यक्तियों को अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के अंतर्गत 85,000 रुपये से लेकर 8,25,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति विभागीय वेबसाइट https://saralharyana.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकार द्वारा इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों को सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# हरियाणा जीआरपी की बड़ी कार्रवाई, 72 घंटे में शाहबाद ब्लाइंड मर्डर केस सुलझाया

**समाज जागरण**

सोनीपत/शाहबाद। हरियाणा जीआरपी ने मात्र 72 घंटों में एक सनसनीखेज हत्या केस का पदार्फाश कर दिया है। शाहबाद में हुए ब्लाइंड मर्डर के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस मामले की कड़ियां मोहाली तक जुड़ी हुई थीं, जिन्हें पुलिस ने कुशलता से जोड़ते हुए आरोपी तक पहुँचने में सफलता पाई।

इसके साथ ही जीआरपी सोनीपत ने एक शातिर चोर को दबोचकर करीब 4.10 लाख का माल बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि चोरी की यह वारदात भी तेजी से हुई कार्रवाई के चलते उजागर हो सकी।

जीआरपी की इन कार्रवाइयों से अपराधियों में खौफ बढ़ा है और आमजन में पुलिस पर भरोसा मजबूत हुआ है।

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस तरह की तेज और प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी, और कोई भी अपराधी सुरक्षित नहीं रहेगा।

# डीजीपी अजय सिंघल की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर

**समाज जागरण**

पंचकूला। प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए डीजीपी अजय सिंघल की अध्यक्षता में डायल-112, पंचकूला में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण, संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई और प्रभावी पुलिसिंग को लेकर गहन विचार-विमर्श किया।

डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पुलिस कर्मी संवेदनशील मामलों में तुरंत कार्रवाई करें और आमजन का विश्वास बनाए रखें। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण के लिए निरंतर निगरानी और तेज कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग ने कम लिंगानुपात वाले गांवों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने स्पेशल टास्क फोर्स की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला सिविल सर्जनों को विशेष निर्देश दिए हैं कि वे कम लिंगानुपात वाले गांवों पर विशेष ध्यान दें।



बैठक में डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश में बाल लिंगानुपात सुधारने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर सख्त निगरानी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जो लोग लिंग परीक्षण कराते हैं, उनकी सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाए, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

इसके अलावा, उन्होंने अवैध एमटीपी किटों की बिक्री पर भी नजर रखने और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। डॉ. सिंह ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों को रोकना और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में पहले भी कई अभियान चलाए हैं, जिनमें ग्रामीण इलाकों में जनजागरूकता, महिला स्वास्थ्य और कानूनी प्रावधानों के पालन को सुनिश्चित किया गया। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की साप्ताहिक समीक्षा बैठकों से न केवल निगरानी मजबूत होती है बल्कि जिला स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही भी बढ़ती है।

डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश में लिंगानुपात सुधार और अवैध स्वास्थ्य प्रथाओं पर नियंत्रण के लिए सभी अधिकारियों को नियमित और सतत प्रयास करने होंगे। उन्होंने यह भी जोर दिया कि समुदाय और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से ही इन लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकता है।

# जेपी नड्डा का अध्यक्षीय कार्यकाल संगठनात्मक शुचिता और सेवा का प्रेरणास्पद अध्याय : रेखा गुप्ता

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता रेखा गुप्ता ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आदरणीय श्री जे.पी. नड्डा के कार्यकाल को संगठनात्मक शुचिता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का प्रेरणास्पद अध्याय बताया है।



रेखा गुप्ता ने कहा कि श्री नड्डा के यशस्वी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार के नए आयाम स्थापित किए और विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में अपनी पहचान को और अधिक सुदृढ़ किया। उनके नेतृत्व काल में संगठन न केवल संरचनात्मक रूप से मजबूत हुआ, बल्कि विचारधारा और कार्यशैली में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल जैसी वैश्विक आपदा के दौरान श्री नड्डा द्वारा दिया गया सेवा ही संगठन का मंत्र राजनीति को जनसेवा के उच्चतम आदर्शों तक ले गया। यह मंत्र उस कठिन समय में मानवता के लिए एक बड़ा संबल बना और पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक भूमिका निभाई।

रेखा गुप्ता ने श्री नड्डा को एक कुशल मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं की ऊर्जा को सही दिशा दी और अपने सहज, सरल व्यक्तित्व से संगठन की प्रत्येक इकाई में नवचेतना का संचार किया।

अपने संदेश में उन्होंने श्री नड्डा के अध्यक्षीय कार्यकाल की पूर्णता पर हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि माननीय केंद्रीय मंत्री के रूप में उनकी दूरदर्शिता, अनुभव और सेवा भाव राष्ट्रहित में देश को निरंतर नई दिशा प्रदान करता रहेगा।

# नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली पुलिस ने ब्लाइंड डे-लाइट मर्डर केस सुलझाया, मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। नॉर्थ-वेस्ट जिला पुलिस (डीसीपी नॉर्थ-वेस्ट) की टीम ने थाना शालीमार बाग क्षेत्र में हुए सनसनीखेज ब्लाइंड डे-लाइट मर्डर केस का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। गहन तकनीकी निगरानी और बहु-राज्यीय समन्वित फील्ड रेड के माध्यम से इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड समेत दोनों कॉन्ट्रैक्ट शूटरों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के लिए चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया था, जिसे बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा, अपराध में प्रयुक्त एक कार भी पुलिस ने जब्त कर ली है।

जांच में सामने आया है कि हत्या की साजिश एक लंबे समय से चले आ रहे आपसी विवाद से जुड़ी हुई थी। मृतक एक महत्वपूर्ण आपराधिक मामले में प्रमुख अभियोजन पक्ष का गवाह था और उसी मुकदमे का ट्रायल वर्तमान में चल रहा था। पुलिस का कहना है कि गवाही से बचने और दबाव बनाने के उद्देश्य से इस सुनियोजित हत्या को अंजाम दिया गया।

डीसीपी नॉर्थ-वेस्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, लोकेशन ट्रैकिंग और जमीनी सूचना तंत्र के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद कई राज्यों में एक साथ दबिश देकर मुख्य साजिशकर्ता और शूटरों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और आरोपियों के अन्य आपराधिक संपर्कों की भी पड़ताल की जा रही है। इस त्वरित और सटीक कार्रवाई से न केवल एक जघन्य अपराध का खुलासा हुआ है, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश गया है कि कानून से बचना किसी के लिए संभव नहीं है।

# एनसीसी युवाओं में देशभक्ति, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है : कर्नल रंजन

**कर्नल रंजन ने कैडेट्स को मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 20 जनवरी। जेआरएम (जगराम मेमोरियल स्कूल), भेरा में मंगलवार को एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) की ओर से प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन कर अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रसेवा एवं करियर से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कर्नल रितेश रंजन ने एनसीसी कैडेट्स को



**बहल : जेआरएम स्कूल भेरा पहुंचे कर्नल रितेश रंजन का अभिनंदन करते हुए स्कूल संचालक समिति की चेयरपर्सन सुनीता सांगवान व अन्य।**

अपने संबोधन में कर्नल रंजन ने कैडेट्स को मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा एनसीसी के महत्व और इसके माध्यम से मिलने वाले अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में देशभक्ति, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। इस कार्यक्रम के दौरान जेआरएम स्कूल भेरा की चेयरपर्सन सुनीता सांगवान ने कर्नल रितेश रंजन का विद्यालय में आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एनसीसी सीटीओ जसवीर एवं पूजा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने कैडेट्स को निरंतर प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के अंत में कैडेट्स ने कर्नल रितेश रंजन के साथ संवाद किया और उनके अनुभवों से प्रेरणा प्राप्त की। यह कार्यक्रम एनसीसी कैडेट्स के लिए अत्यंत उपयोगी एवं उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ।

# हरियाणा-तंजानिया व्यापार बढ़ाने पर अहम बैठक, स्पष्ट कार्ययोजना तय

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा विदेश सहयोग विभाग एवं नागरिक उड्डयन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती अमनीत पी. कुमार की अध्यक्षता में हरियाणा और तंजानिया के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दोनों पक्षों के लिए संभावनाओं का आकलन करने, निवेश और व्यापारिक अवसरों की पहचान करने तथा प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर गहन चर्चा की गई।



बैठक में निर्णय लिया गया कि तंजानिया में व्यापारिक संभावनाओं का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण, फील्ड स्टडी और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों की स्पष्ट जिम्मेदारियाँ निर्धारित की जाएँगी। इसका उद्देश्य आगे की कार्ययोजना को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना और हरियाणा के उद्योग एवं व्यापारिक संगठन को तंजानिया में बेहतर निवेश और व्यापारिक अवसर प्रदान करना है।

अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से हरियाणा के उद्यमियों को तंजानिया में निर्यात और निवेश के अवसरों का लाभ उठाने में आसानी होगी। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि कैसे दोनों पक्ष आपसी सहयोग के माध्यम से व्यापारिक बाधाओं को दूर कर सकते हैं और निवेश की प्रक्रिया को सरल बना सकते हैं।

श्रीमती अमनीत पी. कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सर्वेक्षण और फील्ड स्टडी के कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएँ। उन्होंने जोर दिया कि स्पष्ट जिम्मेदारियाँ तय होने से कार्ययोजना में तेजी आएगी और दोनों पक्षों के बीच व्यापारिक सहयोग मजबूत होगा।

बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि तंजानिया में संभावनाओं की पहचान से हरियाणा के छोटे और मध्यम उद्योगों को भी वैश्विक बाजार में अवसर प्राप्त होंगे। अधिकारी उम्मीद जताते हैं कि इस पहल से हरियाणा के आर्थिक सहयोग और व्यापारिक विस्तार को नई दिशा मिलेगी।

# इंजीनियरिंग परियोजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर, QAA हरियाणा सक्रिय

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुरूप क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी (QAA)-हरियाणा राज्यभर में संचालित इंजीनियरिंग अवसंरचना परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के व्यापक दायित्व के साथ कार्य कर रही है।

QAA के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री राजीव अरोड़ा ने बताया कि राज्य में तैयार की जाने वाली सभी डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) में अब ड्रेनेज प्लानिंग को अनिवार्य और अभिन्न घटक बना दिया गया है। इसका उद्देश्य जल निकासी से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना और भविष्य में होने वाले नुकसान से बचाव करना है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी सार्वजनिक परियोजनाओं में निर्माण गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। इसी क्रम में परियोजनाओं की निगरानी और मूल्यांकन को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

पारदर्शिता बढ़ाने और सोशल ऑडिट को सुगम बनाने के उद्देश्य से सभी परियोजना स्थलों पर क्यूआर कोड (QR Code) अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। इन क्यूआर कोड के माध्यम से आम नागरिक परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे लागत, कार्य की प्रगति, एजेंसी का विवरण और समयसीमा को आसानी से देख सकेंगे।

श्री राजीव अरोड़ा ने बताया कि QAA का यह कदम न केवल जवाबदेही तय करेगा, बल्कि जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे जनता को सरकारी परियोजनाओं की निगरानी में सीधे तौर पर शामिल होने का अवसर मिलेगा।

सरकार का मानना है कि इन प्रयासों से हरियाणा में अवसंरचना विकास अधिक टिकाऊ, पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगा।

# नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर रेखा गुप्ता ने दी हार्दिक बधाई, संगठन को नई ऊर्जा मिलने का जताया विश्वास

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता रेखा गुप्ता ने संगठननिष्ठ, कर्मठ एवं कुशल संगठनकर्ता आदरणीय श्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दायित्व पार्टी की गौरवशाली वैचारिक यात्रा को नई दिशा और विस्तार देने वाला सिद्ध होगा।




रेखा गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि भाजपा सदैव जनसेवा और राष्ट्रकल्याण के मूल मंत्र पर आगे बढ़ती रही है और श्री नितिन नवीन का नेतृत्व इस परंपरा को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी युवा सोच, आधुनिक दृष्टिकोण और सशक्त संगठनात्मक कार्य पद्धति से पार्टी के लाखों कार्यकताओं की ऊर्जा को नई गति और दिशा प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि श्री नितिन नवीन एक ऐसे नेता हैं, जो संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की क्षमता रखते हैं। उनके कुशल नेतृत्व में सामूहिक संकल्प, अटूट सामंजस्य और अनुशासित कार्यशैली के माध्यम से सेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण के नए प्रतिमान स्थापित होंगे।

रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि अंत्योदय के संकल्प और राष्ट्र-प्रथम के ध्येय के साथ संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में और अधिक समर्पण भाव से कार्य करेगा तथा पार्टी निरंतर नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगी।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती प्रदान करेगी। अपने संदेश के अंत में रेखा गुप्ता ने प्रभु श्रीराम से श्री नितिन नवीन के यशस्वी, सफल और मंगलमय कार्यकाल की प्रार्थना की।

# वायरल वीडियो पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, लापरवाह ड्राइविंग करने वाला चालक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना समयपुर बादली की टीम ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई डीसीपी आउटर नॉर्थ के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में एक वाहन चालक को अत्यंत लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए देखा गया था, जिससे आम लोगों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और संबंधित वाहन की पहचान कर उसे जब्त कर लिया।

जांच के बाद वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करना है, बल्कि आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है।

दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर सामने आने वाले ऐसे मामलों पर लगातार नजर रखी जा रही है और कानून व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दादा गुसाई धाम में 41 दिवसीय तपस्या संपन्न, यज्ञ-हवन व भंडारे का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 20 जनवरी। बहल के निकटवर्ती गांव बिधनोई में दादा गुसाई धाम के बाल योगी तपस्वी महंत बाबा दिवाली नाथ द्वारा 41 दिन की जलधारा व खड़ेश्वरी तपस्या के उपलक्ष्य में आयोजित अनुष्ठान दादा गुरु बाल योगी बाबा महंत छोटूनाथ, हसाण के सानिध्य में 9 नाथों को समर्पित यज्ञ हवन के साथ तपस्या संपन्न हुई और भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। तपस्वी बाबा दिवाली नाथ ने यह तपस्या विश्व शांति, समाज की समृद्धि खुशहाली एवं स्वच्छ



पर्यावरण को समर्पित बताया। श्रद्धालुओं से और खासकर युवाओं से आह्वान किया है कि वो नशे से दूर रहें। वर्तमान में हमारी युवा पीढ़ी नशे की ओर अग्रसर हो रही है और उनको समाजवाद देश हित में बचाने का कर्तव्य समाज के हर प्रबुद्ध नागरिक का बनता है। महंत ने युवाओं से कहा कि वो पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी हिंसा लें। धाम में पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और श्रद्धालुओं ने दादा गुसाई नाथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर और धौक लगाकर अपने सुखमय जीवन के लिए मन्नतें मांगी एवं क्षेत्र में अमन शांति की कामना की। धाम में लगा मेला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा और महिला श्रद्धालुओं ने खरीददारी की। कार्यक्रम की खासियत यह रही की इसमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक रही। इस मौके पर क्षेत्र के समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी महावीर सिंह चहल गोकलपुरा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आज के युग में मोबाइल फोन को सबसे बड़ा और खतरनाक नशा बताया। चहल ने आगे कहा की मोबाइल फोन का इस्तेमाल सिर्फ बातचीत करने और वैधानिक स्तर तक ही करें और बच्चों को तो इस मोबाइल की बीमारी से दूर रखें ही रखें। चहल ने शिक्षा को सबसे बड़ी तपस्या और विद्यालय को दुनिया का सबसे बड़ा शिवालय बताया है। इस मौके पर दिवाली नाथ के गुरु योगी केदारनाथ, योगी ओंकारनाथ, योगी सोमनाथ, मंगलनाथ योगी, तुरंत नाथ, योगी तेजनाथ, योगी संत छतरनाथ, बालाजी धाम गोकलपुरा के महंत बलबीर गिरी, अशोक सिलायच गोकलपुरा एवं आसपास क्षेत्र के काफी भक्तजन मौजूद थे।

# युवा जजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 31 को कुरुक्षेत्र में

**दुष्यंत चौटाला होंगे मुख्य अतिथि, बैठक की अध्यक्षता करेंगे दिग्विजय चौटाला**

**दैनिक समाज जागरण, अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, 20 जनवरी। युवा जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश पायलट ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 31 जनवरी 2026 को युवा प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला करेंगें। पंजाबी धर्मशाला में ये बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगी। इस बैठक में संगठन विस्तार, युवाओं की भूमिका और आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी। प्रदेश के युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा देने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी।



# हरियाणा पुलिस मुख्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**दैनिक समाज जागरण,**

पंचकूला। हरियाणा पुलिस मुख्यालय में VECV के सहयोग से एक स्वास्थ्य




जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 123 पुलिस कर्मियों और चालकों की स्वास्थ्य जांच की गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह शिविर कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा और समय-समय पर निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आगामी दिनों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर कैथल, करनाल, यमुनानगर और अंबाला जिलों में भी लगाए जाएंगे।

अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के प्रयास पुलिस कर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं और यह सेवा की गुणवत्ता को भी बढ़ाते हैं।

# हरियाणा सरकार ने परीक्षा के दौरान सिख विद्यार्थियों व विवाहित महिला अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

**दैनिक समाज जागरण,**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य में स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और विभिन्न भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित परीक्षाओं के दौरान सिख विद्यार्थियों और विवाहित महिला अभ्यर्थियों को होने वाली असुविधाओं को दूर करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान सुविधाजनक और समान अवसर प्रदान करना है। इसमें परीक्षा केंद्रों पर विशेष प्रबंध, समय और अन्य आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है ताकि किसी भी अभ्यर्थी को कोई परेशानी न हो।

सरकार ने परीक्षा नियंत्रकों और संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि इन निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए।

# न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने ब्लाइंड लूट-सह-चाकूबाजी केस सुलझाया, आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण,**

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाना क्षेत्र में हुई ब्लाइंड लूट-सह-चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई को डीसीपी ईस्ट दिल्ली के निर्देशन में अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।

# मंगल बाजार में जमकर हुई मारपीट

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद थाना उत्तर क्षेत्र के कोटला चुंगी स्थित मंगल बाजार में सामान खरीदने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई मारपीट



का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। गौरतलब है इस मंगल बाजार को कहीं और जगह स्थानांतर करने की मांग कई संगठनों द्वारा की जा रही है उनका कहना है इस रोड पर महिला विद्यालय के साथ शहर का व्यस्ततम बाजार है यहां से महिलाएं एवं वाहनों का आना जाना हमेशा लगा रहता है।

# जर्जर सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने कांटा हंगामा

**समाज जागरण– ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! थाना टूंडला क्षेत्र के शंकरपुर चौराहे से शंकरपुर गांव तक बहुत ही जर्जर हालत में पड़ी हुई है आज ग्रामीणों ने जर्जर सड़क के समीप एकत्र होकर हंगामा कांटा और प्रदर्शन करते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत चुनाव आने वाले हैं परंतु ग्राम पंचायत जरौली कला ग्राम पंचायत के मजरा शंकरपुर में ग्रामीण गंदगी एवं टूटी फूटी सड़कों पर चलने को मजबूर हैं! ग्रामीण आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं स्कूली बच्चे इसी गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर है इस पंचवर्षीय योजना में गांव शंकरपुर में कोई भी विकास कार्य नहीं हुए हैं लोगों के घरों से निकलने



वाला गंदा पानी नाली ना होने के कारण सड़क पर ही भरा रहता है जिसके कारण पूरी सड़क टूटी-फूटी पड़ी है हमारी मांग है कि 150 मी आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जाए मांग करने वालों में अनिल यादव पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजा का ताल फौरन सिंह, बृजेश बघेल, अनेक सिंह, दलबीर सिंह, प्रेमचंद, गोरेलाल, छोटेलाल, विनोद,जयवीर जाटव,कमलेश, राजू,सत्य प्रकाश,राजवीर सिंह, नाथू सिंह,गौरी सिंह, रामू कुमार, हिरदेश,लखपति सिंह, पवन सिंह, दिनेश बघेल आदि लोग उपस्थित थे।

# इलाज के लिए आये युवक की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। एक पखवारे पूर्व सड़क हादसे में घायल दो लोगो का शहर क्षेत्र के लोधीगंज स्थित नर्सिग होम में आपरेशन हुआ था। वहीं सोमवार को इलाज के लिए आये 24 वर्षीय घायल की अचानक तबियत बिगड़ गयी और मौत हो गयी। जिस पर परिजनो ने हास्पिटल में हंगामा करते हुये चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बताते चले कि असोथर थाना क्षेत्र के बर्रा बगहा मजरे सरकण्डी गांव निवासी अयोध्या प्रसाद का पुत्र बुद्धराज व संतोष 40 वर्ष का 6 जनवरी को सड़क हादसे में घायल हो गये थे। असोथर सीएचसी से सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। लेकिन परिजन लोधीगंज स्थित न्यू अल कबीर हस्पिटल ले गये। जहां दोनो घायलो का आपरेशन किया गया। 13 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। 19 जनवरी को चिकित्सक ने बुलवाया था। जिस पर परिजन उसे लेकर हास्पिटल पहुंचे चिकित्सक व स्टाफ घायल को अन्दर ले गये और कुछ ही देर बाद बुद्धराज की हालत बिगडने लगी और उसकी मौत हो गयी। यह देख परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। वहीं सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम में मृतक का भाई रामऔतार ने बताया कि दोनो के आपरेशन के नाम पर चिकित्सक ने ढाई लाख रुपए लिये थे और कल चिकित्सक की लापरवाही के चलते उसके भाई की मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने कोतवाली में चिकित्सक के खिलाफ लारवाही की तहरीर दी है।

# चार पहिया की टक्कर से साइकिल सवार की हुई मौत

## मृतक के भाई ने चार लोगो पर लगाया हत्या करने का आरोप

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोचनपुर आर्पित मैरिज हाल के समीप सोमवार की दोपहर सड़क हादसे में 45 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वहीं मृतक के परिजनों ने चार लोगो पर जान से मारने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के चक बबुल्लापुर भभूती निवासी रघुवीर सिंह पुत्र विजय सिंह सोमवार की दोपहर साइकिल से आ रहा था। तभी चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के बड़े भाई खड़ग सिंह ने बताया कि गांव के ही सज्जन सिंह पुत्र चन्द्रशेखर व उसका भाई बब्बू सिंह, मिलन सिंह, लखन सिंह ने पहले उसकी साइकिल में टक्कर मारा जब वह गिर गया तो बीच रोड़ में लिटाकर चार से पांच बार चार पहिया से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाबत बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# पिता की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ भंडारा

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ क्षेत्र में मंगलवार को स्वर्गीय अवध किशोर शर्मा की वार्षिक पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र अतुल शर्मा व परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। न्यू डेरी रोड मार्ग पर आयोजित इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।दोपहर करीब 12 बजे से शुरू हुए भंडारे में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, शुभचिंतक, रिश्तेदार एवं राहगीर शामिल हुए और श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही और सेवा भाव से भोजन वितरण किया गया।इस मौके पर अतुल



शर्मा ने बताया कि उनके पिता स्व. अवध किशोर शर्मा समाज सेवा और परोपकार के कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे। उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से परिवार द्वारा प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूती मिलती है।स्थानीय लोगों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करते हैं। भंडारे के माध्यम से जरूरतमंदों और आमजन को भोजन उपलब्ध कराकर मानवीय संवेदनाओं को प्रोत्साहित किया गया।आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें युवाओं और परिजनों ने सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।

# राम जन्म की कथा के साथ राजा बलि द्वारा भगवान बामन को तीन पग भूमि देने की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद श्री गोपाल आश्रम स्थित श्री किशोरी कृपा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा की अमृत वर्षा वेदव्यास आचार्य निशांत मिश्रा के श्रीमुख से चौथे दिन की कथा में भगवान वामन के चरित्र, राजा बलि और भगवान वामन संवाद, बलि द्वारा वामन भगवान को तीन पग भूमि दान की कथा सुनाई गई । अष्टम स्कंध में भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की कथा, फिर श्री राम कथा में प्रवेश कर राम जन्म की कथा को कहा,, श्री राम जी के जीवन के चरित्र को मनुष्य अपने हृदय में उतारे और रामस्वरूप बने माता-पिता का सम्मान करें ।श्री राम जी के जीवन को लेकर मनुष्य को जीवन जीने की शैली पर चलने के लिए प्रेरित किया। और कथा के अंत में भगवान श्री कृष्ण के जन्म दिवस की झांकी निकाली गई तथा बड़ी धूमधाम से सभी भक्तों ने मंगल गीतो पर हर्ष उल्लास के साथ नृत्य किया और कथा का आनंद लेते हुए खिलौने,मिष्ठान,



वितरण कर बहुत ही आनंद का अनुभव किया।

अंत में मुख्य यजमान रामबाबू झा पत्नी सुमन लता झा ने अतिथियों के साथ मिलकर भगवान की आरती उतारी। कथा में यजमान के रूप में गौ सेवा सदस्य श्री रमाकांत उपाध्याय ,पार्षद पूनम शर्मा टीकम सिंह राजपूत पूर्व प्रधान दिनेश वशिष्ठ जयंती प्रसाद मित्तल , सुनील अग्रवाल व्यापार मंडल, श्रीमती रविता गुप्ता ,संजय शर्मा ,पुष्पेंद्र यादव तथा विशेष सहयोगी के रूप में जितेंद्र शर्मा , वेद प्रकाश शर्मा संयुक्त परिवार के राजेश दुबे आदर्श, कुलगुरु विनोद पचौरी ,, दीपशिखा भदौरिया , अनुपम शर्मा दिशा चाइल्ड फंड,डॉ अखिलेश शर्मा,पंडित उमेश शर्मा , शिव शंकर झा क्लासेस ,डॉ दिलीप यादव एफएस यूनिवर्सिटी, अनिल यादव,डॉ मुकेश राजोरिया लक्ष्मी सिकरवार ,मोहन बघेल ,डॉ. दुर्गेश यादव आशा मेडिकल स्टोर सहयोगीकी भूमिका में है। कथा में सैकड़ो महिलाओं के साथ राकेश बाबू शर्मा मनोज अरोरा, सुधीर कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सोनू शर्मा, अनुज जैन, ,अरुण शर्मा, मधुरिमा वशिष्ठ ,प्रमुख रूप उपस्थित रहे।

# ए आरटीओ ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियम की दी जानकारी

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज ,में राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रियदर्शिनी उपाध्याय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशा द्वारा आयोजित किया गया। द्वितीय एकदिवसीय शिविर के मुख्य अतिथि रीजनल इंस्पेक्टर ARTO अखिलेश यादव एवं शिवराम गुर्जर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि आरटीओ द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वयं सेविका प्राची गुप्ता द्वारा मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति नृत्य के माध्यम से की गई। एआरटीओ अखिलेश यादव द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया और यह बताया गया कि सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करना स्वयं और समाज के लिए अनिवार्य है क्योंकि इससे हम भी सुरक्षित रहते हैं और समाज भी सुरक्षित रहता है। सड़क सुरक्षा संबंधी नियम गाड़ी चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनना, रेड लाइट पर विशेष ध्यान देना, शराब पीकर गाड़ी ना चलाना, तेज गति से गाड़ी ना चलाना गाड़ी



चलाते समय मोबाइल पर बात ना करना, जीरो hour जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ।आरटीओ अखिलेश यादव द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई। स्वयं सेविका सना,आलीम ,संध्या साहिबा ,हिना, रजनी मोनिका, काम्या ,लायबा द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी नाटक की सुंदर प्रस्तुति की गई, जिसका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और सरकार द्वारा बनाए गए नियमों से अवगत कराना था। द्वितीय एकदिवसीय शिवर में पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में स्वयं सेविका रजनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर गीत प्रस्तुत किया गया स्वयंसेविका गार्गी द्वारा भाषण एवं हिमानी द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेविकाओं द्वारा पर्यावरण पर आधारित भाषण, कविता एवं गीत के माध्यम से छात्राओं को पर्यावरण के संबंध में जागरूक किया गया और यह संदेश दिया गया कि जल, पेड़ पौधे वायु एवं अन्य प्राकृतिक संसाधन को किस प्रकार बचाना है एवं सरकार द्वारा बताए गए नियमों का पालन करने के साथ-साथ व्यक्तिगत जिम्मेदारी का भी निर्वहन करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशा द्वारा छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में जागरूक करते हुए यह बताया गया कि पर्यावरण हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रहा है एवं इसके प्रति वृहद दृष्टिकोण रखते हुए अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और सुंदर बनाना है। मनोविज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा यादव द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगण, शिक्षकगण का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# मोहनलालगंज पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**विवेक कुमार संवाददाता**

थाना मोहनलालगंज पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के हरिकंश गढ़ी चौकी प्रभारी साजिद अली ने बताया कि बीते रविवार को कमल किशोर निवासी धोधन खेड़ा,थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ की HF डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या UP 32 KT 9580 विद्या हॉस्पिटल, हरिकंश गढ़ी के बाहर से चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना मोहनलालगंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम सोमवार की रात गोपालखेड़ा पुल, रायबरेली रोड के पास संदिग्धों की तलाश में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से




सूचना मिली कि डलौना रेलवे क्रासिंग के पास किसान पथ पुल के नीचे तीन व्यक्ति दो मोटरसाइकिलों के साथ खड़े हैं, जिनमें से एक मोटरसाइकिल विद्या हॉस्पिटल से चोरी की गई है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर समय करीब 7:45 बजे तीनों अभियुक्तों को डलौना रेलवे क्रासिंग, किसान पथ पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई HF डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या UP 32 KT 9580 बरामद की, जिसकी पहचान वादी मुकदमा द्वारा मौके पर की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि नशे की लत और आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने योजना बनाकर मोटरसाइकिल चोरी की थी और उसे बेचने की फिराक में थे।पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी मजदूरी का काम करते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त मनीष पाल के खिलाफ हुसैनगंज, पीजीआई, बीबीडी और मोहनलालगंज थाने में एक-एक मुकदमा पूर्व से दर्ज है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नहर विभाग की लापरवाही से किसान की आठ बीघा गेहूं की फसल जलमग्न, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**आशीष पांडे समाज जागरण**
**संवाददाता निगम**

राजधानी लखनऊ के निगोहां क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर गांव में नहर विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक किसान की 8 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित किसान राममूरत पुत्र बुद्धू निवासी ग्राम भगवानपुर ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।पीड़ित किसान राममूरत ने बताया कि उन्होंने शेरपुर-लवल-सुदौली मोड़ के पास लगभग 8 बीघा भूमि ठेके पर लेकर गेहूं की फसल बोई थी। आरोप है कि संबंधित नहर की समय पर मरम्मत और देखरेख न होने के कारण नहर कट गई, जिससे खेतों में अचानक पानी भर गया और पूरी गेहूं की फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई।किसान का कहना है कि नहर कटने की जानकारी उन्होंने तत्काल



नहर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन के माध्यम से दी थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब तक विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नहर को बांधने का प्रयास किया, तब तक पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी।पीड़ित किसान ने बताया कि गेहूं की फसल खराब होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और नहर विभाग की लापरवाही तय करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही किसान ने फसल नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिलाए जाने की भी मांग की है।इस संबंध में किसान द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या दर्ज कराई गई है। अब पीड़ित को प्रशासनिक जांच और उचित कार्रवाई का इंतजार है। ग्रामीणों का भी कहना है कि यदि समय पर नहर की मरम्मत कर दी जाती तो किसान की मेहनत और फसल बचाई जा सकती थी।

# दक्षिण थाना अब नए भवन में, आधुनिक सुविधाओं के साथ शुरू हुआ कामकाज

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण के नवनिर्मित भवन का मंगलवार को उद्घाटन किया गया।डीजीपी राजीव कृष्ण ने वर्चुअल उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने गीता जाता। डीआईजी शैलेश पांडेय और एसएसपी सौरभ दीक्षित मौजूद रहे। नए भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

थाना दक्षिण का पूरा कामकाज इसी नए और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन से संचालित होगा। नए थाना भवन में मिशन शक्ति कार्यालय, शस्त्रागार, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सुव्यवस्थित कक्ष, साथ ही आगंतुकों के लिए अलग से बैठक कक्ष की व्यवस्था की गई है।

भवन को इस तरह तैयार किया गया है कि पुलिस कार्यप्रणाली अधिक



सुचारू और जनता के लिए सुविधाजनक बन सके। उद्घाटन के दौरान एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि नए भवन से पुलिस व्यवस्था और अधिक मजबूत, पारदर्शी और प्रभावी होगी। उन्होंने विशेष रूप से मिशन शक्ति कार्यालय को महिलाओं की सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अहम बताया। डीआईजी शैलेश पांडे ने कहा कि आधुनिक संसाधनों से लैस यह भवन कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस के लिए सहायक सिद्ध होगा। वहीं एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि भवन को सभी निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार किया गया है, जिसमें जनता की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खामियां तो बहुत मिली देखना है अब क्या होती है कार्यवाही

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। शासन की टीम ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज कालेज का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम प्रातः मेडिकल कॉलेज पहुंची। सबसे पहले टीम सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंची। वहा निरीक्षण के दौरान काफी खामियां नजर आई। कई कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले। और टॉयलेट भरी पड़ी मिली जिसके बगल में डॉक्टर की ओपीडी थी वहां बदबू का आलम था जिसको देख टीम बिफर गई उन्होंने कहा ऐसी बदबूदार जगह पर ओपीडी चल रही है क्या यहां मरीज ठीक हो जाएंगे




वहा पर नदारद मिले कर्मचारियों को लेकर भी काफी नाराज दीखे। उन्होंने सीएमएस से नाराजगी व्यक्त की।

ट्रामा सेंटर का ऑपरेशन थियरेटर देखा। जो नियमित चालू नहीं रहता है। टीम ने वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलने वाले उपचार की जानकारी ली। टीम ने पुराने रिकॉर्ड भी चेक किया निरीक्षण को आई टीम ने भौतिक संसाधनों की जानकारी ली। टीम मेडिकल कॉलेज के अलग-अलग वार्ड में टीम पहुंची। एचडीयू वार्ड और एमआईसीयू वार्ड के बाद पैथोलॉजी दवा स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। दबा के संबंध में जानकारी हासिल की कि यहां आवश्यक दवा उपलब्ध हैं या नहीं दवा देख वह संतुष्ट नजर आए

सीएमएस ने बताया कि जल्द ही एचडीयू वार्ड के साथ अन्य वार्ड 200 शैया बिल्डिंग में शुरू किये जा रहे हैं

मेडिकल कालेज के निरीक्षण को आई टीम में डाक्टर ज्ञानेश्वर मेरठ तथा डाक्टर ज्योति मिश्रा बुलंदशहर से आई थी। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डा, नवीन जैन, डा, अभिषेक सिंह, डा मनोज कुमार, डॉ राहुल जैन डा गौरव मैनेजर गौरव गुप्ता मौजूद रहे।

# रिश्वत मांगने का महिला ने लगाया आरोप एसपी से की शिकायत

**समाज जागरण**

फतेहपुर किशनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी पर महिला ने रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। महिला ने आरोप लगा मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पुलिस अधीक्षक ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

मिहुंवा डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव निवासी महिला रन्नो देवी का आरोप है कि वह अपनी पिता की इकलौती संतान हैं। पिता की मौत के बाद महिला पिता के चल अचल संपत्ति की मालकिन है। महिला अपने पिता की जमीन पर मकान निर्माण करवा रही है। महिला का आधा मकान भी बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन गांव का ही रहने वाला रामहित महिला के मकान निर्माण पर रोक लगा रहा है। महिला का आरोप है कि उक्त व्यक्ति पुलिस से साठ गांठ कर रुकावट डाल रहा है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पहाड़पुर चौकी में तैनात चौकी प्रभारी महिला से मकान बनवाने के नाम पर बीस हजार रुपए की रिश्वत माग रहा है। रिश्वत न देने पर चौकी प्रभारी मकान बनवाने में दखल अंदाजी कर रहा है। जिसको लेकर महिला ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वही पुलिस अधीक्षक ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

# कानपुर में किशोरी को उठाया, रेप किया और भाग गये, दो की तलाश जारी

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां की लड़कियों पर दरिंदों का हमला लगातार जारी है। वे उन्हें सरेआम उठाते हैं। सामूहिक रूप से बलात्कार करते हैं और फिर भाग जाते हैं। ऐसी ही एक घटना बिल्हौर थाना क्षेत्र में हुई। यहां बीती रात करीब 10 बजे शौचालय गई 13 वर्षीय किशोरी को गांव के दो युवकों ने दबोच लिया। इसके बाद उसे पास के ही एक मकान में ले जा कर दुष्कर्म किया। आज मंगलवार भोर करीब तीन बजे किशोरी बदहवास रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है।




प्राप्त विवरण केमुताबिक गांव निवासी दो युवकों ने सोची समझी साजिश के तहत पड़ोसी की एक किशोरी को उस समय अपहत कर लिया, जब वह सोमवार रात घर से बाहर बने शौचालय पहुंची। पीड़ित किशोरी के पिता ने गांव के ही दो युवकों को विरुद्ध कोतवाली बिल्हौर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों युवक एक ही बिरादरी के बताए गए हैं। सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद गांव में सनसनी है। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सकीय उपचार के लिए सीएचसी भी भेजा है। बताया कि मामले की जांचकर रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया आरंभ की गई है।

फिलहाल आरोपी युवक घर से लापता हैं और पुलिस उनकी तलाश का कर रही है। उनकी तलाश के लिए दो टीमें भी लगाई गई हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।


# कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 1515/पी०डब्ल्यू०डी०/ ई-निविदा सूचना/2025-26 दिनांक : 20/01/2026

## -: पुनः ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा **राज्य वित्त आयोग / निगम निधि** के अन्तर्गत कुल 15 कार्यों हेतु अर्ह ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार डबल बिड पद्धति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आंमत्रित कार्य हेतु फर्म द्वारा उनकी श्रेणी अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा। ई-निविदा अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर निम्नानुसार आमत्रित की जाती है -

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 21-01-2026 |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 21-01-2026 |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | 28-01-2026 03:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 28-01-2026 04:00 PM |

**नोटः–** शेष नियम व शर्ते www. etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, फिरोजाबाद

# काला सोना भी उगलेगी कटनी की धरती, Gold के बाद अब कोयले के भंडार की पुष्टि, GSI ने शुरू किया विस्तृत सर्वे

**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले की धरती एक बार फिर खनिज संपदा के मामले में चर्चा में है। बड़वारा तहसील के लुहरवारा गांव क्षेत्र में उमड़ार नदी के कटाव में कोयले के भंडार मिलने की पुष्टि हुई है। इस खोज के बाद जिले को भविष्य में पहली कोल माइंस मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**ग्रामीणों की सूचना पर हुआ सर्वे :** लुहरवारा गांव से होकर बहने वाली उमड़ार नदी के कटाव क्षेत्र में लंबे समय से काले पत्थर निकलने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी जा रही थी। ग्रामीणों ने इसके वीडियो बनाकर अधिकारियों को भेजे, जिसके आधार पर खनिज विभाग ने संज्ञान लिया और जांच के निर्देश दिए।

**जीएसआई और क्षेत्रीय टीम ने लिए सैंपल-:**

इसके बाद क्षेत्रीय प्रमुख भौमिकी व खनिकर्म जबलपुर की पांच सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची, जिसमें जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया (जीएसआई) के विज्ञानी भी शामिल थे। दल ने स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न स्थानों से सैंपल एकत्र किए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

**प्रारंभिक जांच में बेहतर गुणवत्ता का कोयला-:**

प्रारंभिक सर्वे में यह स्पष्ट हुआ है कि क्षेत्र में थर्मल और स्टीम क्वालिटी का कोयला मौजूद है, जिसकी गुणवत्ता काफी बेहतर बताई जा रही है। हालांकि कोयले की गहराई और कुल क्षेत्रफल का अभी सटीक आकलन नहीं हुआ है।

**ड्रिलिंग से होगी विस्तृत जांच-:**

कोयले की लेयर और विस्तार का पता लगाने के लिए उमड़ार नदी के कटाव क्षेत्र और आसपास के इलाके में 50 से 80 मीटर तक ड्रिलिंग कर जांच की जाएगी। इससे यह स्पष्ट होगा कि कोयले की कितनी परतें मौजूद हैं और कोल ब्लॉक का वास्तविक क्षेत्रफल कितना है।

**खनिज संपदा में पहले भी हो चुकी है बड़ी खोज-:**

उल्लेखनीय है कि इससे पहले स्लीमनाबाद तहसील के इमलिया गांव में जीएसआई के सर्वे के दौरान जमीन के नीचे छह हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सोने का भंडार मिला था। सोना खनन के लिए खनिज विभाग द्वारा मुंबई की एक कंपनी से लीज अनुबंध भी किया जा चुका है। यदि कोयले की जांच के परिणाम सकारात्मक रहे, तो कटनी जिले को जल्द ही पहली बड़ी कोल माइंस मिलने की संभावना है।

**इनका कहना है -:**

बड़वारा के लुहरवारा में उमड़ार नदी के कटाव क्षेत्र में कोयले का भंडार मिला है। जिसका प्रथम सर्वे किया गया है और सेंपल लिए गए हैं। प्राथमिक जांच में कोयले की अच्छी गुणवत्ता नजर आई है। -रत्नेश दीक्षित, उपसंचालक, खनिज विभाग कटनी।

# ऊर्जा से भरी जिंदगी जीने की ललक के चलते वरिष्ठ नागरिक हुए संगठित (बैठक में दायित्वों का हुआ कार्य विभाजन)

**समाज जागरण**

कटनी/उपनगरीय क्षेत्र न्यू कटनी जंक्सन स्थित रोशन नगर के यादव भवन में क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक सूरजबली सिंह की अध्यक्षता और कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय सीनियर सिटीजन गण बैठक का हिस्सा बनकर अपने अपने सारगर्भित विचार एक दूसरे से साझा किये। बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों की लगभग एक ही ख्वाईश थी, कि सेवा निवृत्ति के उपरांत अपनी जिंदगी को किस तरह ऊर्जा भरे माहौल में एक वेहतरीन तरीके से जीकर लोगों के लिये अनुकरणीय



बनें। सभी लोगों ने अपने- अपने विचार रखते हुए, जीवन को अति आनंदमयी, सुखकारी, निरोगी और परोपकारी बनाने हेतु वह सब करने की जरूरत प्रतिपादित किये जिसमें आनंद मय रस,भलाई के कार्य, स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन जीने के सूत्र निहित थे। संगठन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु सर्वप्रथम एक संक्षि प्त कार्यकारणी का गठन सर्वसम्मति से निर्विरोध ढंग से मौके पर ही किया गया।चयनित लोगों में पी. एन. पठारिया को अध्यक्ष और पी. एस.परिहार को सचिव पद की जिम्मेददारी से नवाजा गया।कोषाध्यक्ष की जबाबदेही शिवमूरत यादव और उपकोषाध्यक्ष पद पर आर.पी. शर्मा की ताजपोसी हुई। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि सप्ताह में एक दिन समिति के सभी सदस्य स्थानीय अम्बेडकर पार्क में उपस्थित होकर जहाँ एक ओर सभी के कुशलक्षेम से अवगत होंगे, वहीं दूसरी ओर समिति के हर सदस्य के जन्मदिन और अन्य घरेलू सुख दुःख के कार्यक्रमों में संबंधित जनों के घर पहुंचकर उनके सुख दुःख के कार्यों में आंतरिक मन से सहयोग करने में कोई कोताही नहीं वरती जायेगी। समिति द्वारा गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से मनाने हेतु भी स्वस्थ रणनीति भी बनाई गयी। समिति द्वारा समाज के जरूर तमंदों को उनके जरूरत के मुताबि कअन्य परोपकारी कार्य बतौर सहयोग करने हेतु लिखित संकल्प पत्र तैयार किया गया। इस अवसर पर डी. के. राय, जे.बी .ठाकुर, आर.पी.शर्मा,राजा हँनके, पी.एस. परिहार,एस.के.पुरोहित,के. एल. यादव, आर. के. पाण्डेय, एस.एम. राम, वाई. के. झा,एम. एस. राजपूत ,पी.एस. पठारिया,यू. एस. सिंग, पंकज सक्ससेना, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, गणपत बाबू,नरेश तिवारी ,सहित दर्जनों वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# खुद को भाजपा नेता बताकर महिला से 5 लाख की ठगी, विश्वविद्यालय में चपरासी की नौकरी का दिया था झांसा

**समाज जागरण**

रीवा। जिले में ठगी का एक सन सनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने खुद को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का वरिष्ठ नेता बताकर एक महिला से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी कर ली। आरोपी ने रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में चपरासी के पद पर नियुक्ति दिलाने का वादा किया था, लेकिन समय बीतने के बाद न तो नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए।

**नौकरी के नाम पर लाखों का सौदा-:**

पीड़ित महिला प्रतिमा देवी और उनके भाई आशीष कुमार सोनकर ने आरोप लगाया है कि डॉ. रामसखा वर्मा नामक व्यक्ति ने उन्हें सरकारी नौकरी का लालच दिया था। आरोपी ने दिसंबर 2024 में संपर्क कर विज्ञापन दिखाया और दावा किया कि उसकी पहुंच ऊपर तक है। उसने काम कराने के बदले 5 लाख की मांग की थी। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने 2,81,500 ऑनलाइन माध्यम से और 2,18,500 नकद (कुल 5 लाख) आरोपी को सौंपे थे।

**कलेक्टर को फोन लगाने का किया नाटक-:**

आरोपी डॉ. रामसखा वर्मा ने अपना प्रभाव जमाने के लिए पीड़िता के सामने ही कथित रूप से जिले के कलेक्टर को फोन लगाया और नौकरी के आदेश के संबंध में बात करने का नाटक किया। उसने पीड़िता को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री के किसी आदेश के कारण प्रक्रिया में देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही नियुक्ति आदेश जारी हो जाएगा सोशल मीडिया पर उसकी बड़े नेताओं के साथ तस्वीरें भी वायरल हैं, जिनका उपयोग वह लोगों को गुमराह करने के लिए करता था।

**पैसे मांगने पर दी धमकी-:**

काफी समय बीत जाने के बाद जब पीड़िता ने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि अब वह पैसे लौटाने के बजाय उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। आरोपी का कहना है कि उसकी पहुंच राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति तक है, इसलिए उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता । परेशान होकर पीड़ितों ने एसपी कार्यालय और कलेक्टर से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**भाजपा ने झाड़ा पल्ला-:**

इस मामले में जब भाजपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता से सवाल किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉ. रामसखा वर्मा पार्टी के नेता नहीं हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि वह हमारे दल के नेता तो दूर, कार्यकर्ता भी नहीं हैं। उन्होंने तर्क दिया कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और कई लोग नेताओं से मिलकर फोटो खिंचवा लेते हैं या गुलदस्ता भेंट करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे पार्टी के अधिकृत सदस्य हैं। बता दें कि आरोपी रामसखा वर्मा पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में सक्रिय था और बाद में उसने खुद को भाजपा से जोड़कर बताना शुरू कर दिया था। फिलहाल, पीड़िता न्याय के लिए प्रशासन के चक्कर काट रही है।

# वन विभाग की मनमानी बाउंड्री पर नगर पालिका परिषद का कड़ा विरोध , कलेक्टर से की तत्काल कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण उमरिया।**

नगर पालिका परिषद उमरिया की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह के नेतृत्व में पार्षदों ने वन विभाग द्वारा स्वीकृत सीमा से आगे बढ़कर पक्की बाउंड्री एवं फेंसिंग निर्माण किए जाने के खिलाफ कलेक्टर उमरिया को शिकायत पत्र सौंपते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शिकायत में बताया गया कि नगरपालिका क्षेत्र के अस्प ताल रोड सहित डीएफओ बंगला, डीएफओ कार्यालय एवं वन विभाग कर्मचारी आवास परिसरों के आस पास वन विभाग द्वारा मूल स्वीकृत सीमा का उल्लंघन करते हुए नई पक्की बाउंड्री एवं फेंसिंग का निर्माण कराया जा रहा है। इससे नगर पालिका परिषद द्वारा पूर्व में निर्मित नालियों, सड़क संधारण एवं सफाई व्यवस्था में सीधा व्यवधान उत्पन्न



हो रहा है। परिषद ने कहा कि उक्त क्षेत्र में भविष्य में जनसंख्या वृद्धि एवं नगरीय विस्तार को ध्यान में रखते हुए नई पाइप लाइन, नाली एवं फुटपाथ निर्माण प्रस्तावित है, किंतु वन विभाग की इस मनमानी से न केवल नगर पालिका की सीमा बल्कि सार्वजनिक भूमि, मार्ग एवं नगर विकास योजनाएं भी गंभीर रूप से प्रभावित होंगी। शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि यह निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद से किसी प्रकार की पूर्व अनुमति अथवा अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्राप्त किए बिना किया जा रहा है, जो नगरीय प्रशासन के नियमों एवं प्रक्रियाओं का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे आम नागरिकों की आवाजाही, सार्वजनिक सुविधाओं और भविष्य की विकास योजनाओं में बड़ी बाधा उत्पन्न होने की आशंका जताई गई है। नगर पालिका परिषद ने संयुक्त प्रस्ताव के माध्यम से मांग की है कि नगर पालिका परिषद, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति में तत्काल सीमांकन एवं स्थल निरीक्षण कराया जाए तथा अभिलेखों में दर्ज मूल स्वीकृत सीमा के अनुरूप स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही नगर पालिका की अनुमति या एनओसी के बिना भविष्य में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करने के निर्देश वन विभाग को जारी किए जाएं।

परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित क्षेत्र वन क्षेत्र न होकर कार्यालय एवं आवासीय उपयोग में लिया जा रहा है, अतः जनहित एवं सार्वजनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ही बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की अनुशंसा का हवाला देते हुए कहा गया है कि उक्त मार्ग पर यातायात दबाव एवं सड़क दुर्घट नाओं को देखते हुए सड़क की चौड़ाई को प्रभावित करने वाला कोई भी निर्णय समिति की अनुमति के पश्चात ही लागू किया जाए। नगर पालिका परिषद ने कलेक्टर से मांग की है कि परिषद द्वारा पारित संयुक्त प्रस्ताव के आधार पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे पक्की बाउंड्री एवं फेंसिंग निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और जनहित में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# बुढार यूनियन बैंक झमेले की दुकान ग्राहक हो रहे परेशान।

**समाज जागरण**

बुढार।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुढार यूनियन बैंक में कार्य कर रहे अधिकारी और कर्मचारी बैंक के खाताधारक ग्राहकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए इनके द्वारा बैंक के खाता धारक अपने कार्य को लेकर जब बैंक के अंदर प्रवेश करते हैं और काउंटर पर बैठे बैंक कर्मचारी से अपनी समस्या का निपटारे करने की बात करते हैं तो उनके द्वारा ग्राहकों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए बेवजह घंटा भर इंतजार कराया जाता है और अंत में यह कह दिया जाता है कि कल फिर आना आपका काम होगा। यूनियन बैंक का एक वाक्य निकलकर सामने आया की ओरिएंट पेपर मिल बैंक के सामने एक ठेले में समान लगाकर बिक्री करने वाले अमृतलाल गुप्ता जिनका खाता बुढार के यूनियन बैंक में है उनके खाते में बैंक के द्वारा होल्ड लगा दिया गया और उनके द्वारा आवेदन किए जाने पर वे बुनियाद और बेवजह इल्जाम लगाते हुए करंट अकाउंट खोलने की बात कही गई जबकि एक छोटा सा व्यवसाय करने वाला किसी तरह पूरे दिन पैरों में खड़े रहकर ठेला धकेल कर अपने और अपने परिवार का उदर पोषण कर रहा है उसे एक गंभीर आरोप लगाते हुए बैंक के कर्मचारियों के द्वारा यह कहा जा रहा है कि तुम्हारा खाता होल्ड कर दिया गया है इसलिए की दो नंबर का पैसा आ



रहा है। इसी प्रकार बैंक में अपनी राशि जमा करने वाले खाता धारक स्वयं के पैसों के लिए बैंक के चक्कर काटते नजर आते ऑनलाइन व्यवस्था होने के बावजूद भी फोन पे, एटीएम व अन्य सुविधाओं के होने के बावजूद भी तरह-तरह की बातें बैंक के अंदर बैठे कर्मचारियों के द्वारा बोले जाते हैं कोई छोटा-मोटा व्यापारी दिनभर मेहनत करने के बाद अपने मेहनत की कमाई फोनपे के माध्यम से अपने खाते में सामग्री का बिक्री करने के बाद राशि प्राप्त करता है उसे राशि को लेकर बैंक के कर्मचारियों के द्वारा बैंक के खाताधारक को दो नंबर का पैसा कहकर उसके खाते में होल्ड लगा दिया जाता है। उसे करंट अकाउंट खोलने की बात की जाती है जबकि खाताधारक के द्वारा कई वर्षों से यूनियन बैंक में ग्राहक होने के बावजूद भी उसके साथ अन्याय पूर्ण आचरण करते हुए बेवजह परेशान किया जा रहा है इससे पूर्व भी बुढार यूनियन बैंक में कई ग्राहकों के साथ बैंक के कर्मचारियों के द्वारा परेशान किए जाने और ग्राहकों की जमा राशि में हेर फेर किए जाने की शिकायत हो चुकी है फिर भी यूनियन बैंक के मैनेजर के द्वारा इस प्रकार बैंक के ग्राहकों खाता धारकों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर किसी भी प्रकार की बैंक कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही नहीं की जाती ऐसे में बैंक का खाता धारा व ग्राहक कहां जाए और अपनी परेशानी किस कहे उसकी फरियाद सुनने के लिए कोई तैयार नहीं ऐसे में बैंक की शाख को बट्टा लगाने वाले ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों को तत्काल कार्य से मुक्त किया जाना चाहिए जिससे बैंक की सुविधा जो जनता के लिए है उन्हें सहज और सरल रूप से प्राप्त हो सके।

# ई – पैक्स सिस्टम तीन दिन में लागू न करने पर दर्ज होगी FIR

**शेष सहकारी समितियाँ तीन दिन में कम्प्यूटराइजेशन पूरा करें प्रशासक - जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ई-पैक्स व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

**समाज जागरण**

रीवा। सहकारी बैंक तथा उससे जुड़ी प्राथमिक साख सहकारी समितियों को शासन के निर्देशों के अनुरूप कम्प्यूटराइजेशन करके ई-पैक्स बनाया जा रहा है। सहकारी समितियों का पूरा कार्य कम्प्यूटराइज्ड होने के बाद राशि के लेन-देन और बैंकिंग कार्य में पारदर्शिता तथा सरलता होगी। रीवा जिले में अब तक 148 सहकारी समितियों में से 46 का कम्प्यूटराइजेशन करके उन्हें ई-पैक्स बना दिया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की प्रशासक तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ई-पैक्स व्यवस्था की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी सहकारी समिति प्रबंधक 23 जनवरी तक अपनी समिति का कम्प्यूटराइजेशन कराकर ई-पैक्स की व्यवस्था करें। इस संबंध में शासन के निदेर्शों का कठोरता से पालन करें। कम्प्यूटराइजेशन हो जाने से समिति के वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी। समिति से जुड़े किसानों तथा हितग्राहियों को लेन-देन में सुविधा होगी। वित्तीय लेन-देन की कठोरता से निगरानी भी हो सकेगी। समय सीमा में कम्प्यू टराइजेशन न करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक से अनुपस्थित नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जो समिति 23 जनवरी तक ई पैक्स व्यवस्था नहीं कर पाएगी उसके नोडल अधिकारी, प्रशासक, शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक तथा समिति आपरेटर 24 जनवरी को कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे। निर्धारित तिथि तक ई पैक्स की व्यवस्था न करने पर नोडल अधिकारी संबंधित समिति प्रबंधक एवं आपरेटर के विरूद्ध पुलिस थाने में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराएं।

# अखिल भारतीय फ्रेंड्स विधायक वर्ल्ड कप का समापन 21 जनवरी को

**समाज जागरण**

बुढार। नगर की सामाजिक एव खेल संस्था फ्रेण्ड्स स्पोर्टस एवं कल्चर सोसायटी के तत्वाधान में अखिल भारतीय फ्रेण्डस विधायकगोल्ड कप क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल(कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, म.प्र. शासन) अध्यक्षता मनीषा सिंह (विधायक, जयसिंहनगर)

विशिष्ट अतिथि अमिता चपरा (जिला- अध्यक्ष भाजपा शहडोल) रविंदर कौर छाबड़ा (अध्यक्ष न. पा. परिषद धनपुरी), शालिनी सरावगी (अध्यक्ष न. पा. परिषद, बुढ़ार) की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। समापन समारोह स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में आगामी 21.01.2026 संपन्न होगा

# सिंगरौली भाजपा में सियासी भूचाल, जिला उपाध्यक्ष समेत कई कार्यकताओं ने दिया इस्तीफा

**समाज जागरण**

सिंगरौली। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से भारतीय जनता पार्टी के सिंगरौली संगठन में ठीक ठाक नहीं चल रहा है जन चर्चा की मुताबिक जब से भाजपा सिंगरौली की जिला कार्यकारिणी घोषित हुई उसके बाद से मनमुटाव की खबरें लगातार आ रही है। आज से करीब 4 महीने पूर्व पूर्व पार्टी के वरिष्ठ नेता रज्जू तिवारी ने जिला उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था उन्होंने पारिवारिक कारणों का हवाला देकर पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि वे वर्तमान पार्टी जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह की कार्यशैली से खुश नहीं थे।

<

**जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र बैस ने सौंपा इस्तीफा-:**

बीते सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र बैस ने भी इस्तीफा सौंप दिया है। उनके साथ कई अन्य पदाधिकारियों ने भी इस्तीफा सौंपा है। इन नेताओं के इस्तीफा देने के पीछे पार्टी जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह द्वारा मारपीट के आरोपी मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने को बताया जा रहा है, इस अनदेखी से नाराज होकर पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र बैस ने इस्तीफा दिया है। जिस पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने संगठनात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इससे नाराज होकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र बैस समेत कई पदाधिकारी ने भाजपा जिला अध्यक्ष को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा है। नाराज भाजपा कार्यकताओं का कहना था, "संगठनात्मक कार्रवाई कर ऐसे व्यक्ति को पद मुक्त करना चाहिए जिससे संगठन की छवि धूमिल हो रही है।

# सतना में डायग्नोस्टिक सेंटर का गजब कारनामा, पुरुष की सोनोग्राफी रिपोर्ट में बता दिया गर्भाशय

**समाज जागरण**

सतना। सतना में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है यहां के एक डायग्नोस्टिक सेंटर ने एक व्यक्ति की सोनोग्राफी रिपोर्ट में उसके पास गर्भाशय बता दिया है। रिपोर्ट देखकर पीड़ित को होश उड़ गए। मामले की जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। मध्य प्रदेश के सतना जिले के सिटी कोतवाली के थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड पर स्थित डॉ. अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर में एक जांच की अजब-गजब रिपोर्ट सामने आई है। जहां पर एक शख्स ने डॉ. अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर में अपने पेट की सोनोग्राफी कराई थी जांच के बाद जब उसे रिपोर्ट दी गई तो रिपोर्ट देखकर वह व्यक्ति हक्का-बक्का रह गया। क्योंकि उसे रिपोर्ट में उसे गर्भाशय बता दिया गया। डॉ. अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर का मामला, अपनी सोनोग्राफी रिपोर्ट देखकर हक्का-बक्का रह गया शख्स-: हालांकि पीड़ित अभी तक मीडिया के सामने आने से बच रहा है। आपको बता दें डॉक्टर अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर सतना शहर का सबसे जाना-माना डायग्नो स्टिक सेंटर है। जहां पर सोनोग्राफी सहित कई तरह की जांच की जाती है। जिनकी फीस हजारों में है। इतने जाने-माने डायग्नोस्टिक सेंटर में इस प्रकार की लापरवाही कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को दर्शाती है। सीए मएचओ ने कहा, हम मामले की जांच करवा रहे हैं, जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर करेंगे कार्रवाई-: इस मामले परे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्लो का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से डॉक्टर अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर का मामला सामने आया है। जिसमें पुरुष के सोनोग्राफी में उसको गर्भाशय बता दिया गया। हम इस मामले की जांच करवा रहे हैं, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# दो मोटरसाइकिलों के जबरदस्त भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

सोनभद्र। स्थानीय बीजपुर- बकरि हवा सड़क मार्ग पर चेतवा के समीप मंगलवार को दो मोटर साइकिलों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मिली जान कारी के अनुसार नेमना निवासी रविचन्द (32) और कृष्णा पाल (21) एक ही बाइक पर सवार होकर बीजपुर से बकरिहवा की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चेतवा के पास पहुँची अनियंत्रित होकर उन्होंने आगे चल रही एक अन्य बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल एनटीपीसी रिहंद के धन्वन्तरि चिकि त्सालय भेजा। समाचार लिखे जाने तक रविचन्द और कृष्णा पाल दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# पॉक्सो एक्ट: दोषी जलील मोहम्मद को कठोर आजीवन कारावास की सजा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। करीब 4 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्याया धीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी जलील मोहम्मद को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। वहीं तीन अन्य नाबालिग आरोपियों की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में चल रही थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के दादा ने 6 दिसंबर 2021 को ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पोती जो अपने ननिहाल गई थी को अरहर के खेत में ले जाकर 5 दिसंबर 2021 की शाम 7:30 बजे जलील मोहम्मद



पुत्र साबिर अली निवासी कनहरा, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र व तीन अन्य नाबालिग लड़कों ने बारी बारी से बलात्कार किया। पीड़िता के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर कई लोग पहुंच गए तो जान मारने की धमकी देते हुए चारो चले गए। इस तहरीर पर ओबरा पुलिस ने 6 दिसंबर 2021 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट के दोषी जलील मोहम्मद (29) वर्ष को आजीवन कठोर कैद एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# ड्रग इंस्पेक्टर के नेतृत्व में मेडिकल स्टोरों में की गई छापामारी व एक मेडिकल स्टोर की बिक्री रोकी और दवाओं के लिए गए नमूने

**योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। जनपद के ओबरा क्षेत्र में दवाओं की बिक्री और संचालन में मिली शिकायतों के बाद ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्या द्वारा कई मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई ' अचानक इस कार्यवाही से मेडिकल स्टोर संचालको में हड़कंप मच गया और कई संचालक अपनी दुकानों पर ताला लगा मौके से फरार हो गए 'ड्रग इंस्पेक्टर राजेश मौर्या ने बताया कि निरिक्षण के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर संचालक अपनी दुकाने बंद करके चले गए जिसके लिए उनको नोटिस जारी की गई है। यह कार्यवाही दवाओं की गुणवत्ता और बिक्री के नियमों पालन को



सुनीश्चित करने के उद्देष्य से की गई है 'सेक्टर 8 स्थित बजरंग मेडिकल स्टोर की जाँच के दौरान संचालक निरिक्षण रिकॉर्ड में अंकित दवाओं के बिल नहीं दिखा सके ' इसके अतिरिक्त कुछ दवाइयां संदिगध लग रही थी जिसके नमुने जांच और परीक्षण के लिए ले लिए गए ' मेडिकल स्टोर संचालक को औषधि एवम सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 और 1945 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है 'जाँच में मिली कमियों को देखते हुए बजरंग मेडिकल स्टोर के क्रय - विक्रय पर औषधि एवम सौंदर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 अंतर्गत तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है ' यह कार्यवाही उपभोक्ताओं को नकली या अनियमति दवाओं से बचाने के लिए उठाया गया है '

# राज्य मंत्री ने डाला गजराज नगर संपर्क मार्ग का किये भूमि पूजन।

## डाला गजराज नगर संपर्क मार्ग पर निवास करने वाले में हर्ष।

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। ओबरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग को जोड़ने वाले डाला से ओबरा (गजराज नगर) तक लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य का शुभारंभ मंगलवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गौड़ द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर मार्ग को प्रतीकात्मक रूप मिट्टी पर फावड़ा चलाकर कार्य की शुरूआत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गजराज नगरझडाला को जोड़ने वाले लगभग 4 किलोमीटर संपर्क मार्ग की मरम्मत की मांग स्थानीय लोगों द्वारा काफी समय से की जा रही थी। लगातार ज्ञापन और मांग के बाद अब इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष ओबरा शिवनाथ जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष चोपन भगवान दास केशरी, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश सिंह पटेल, संजीव त्रिपाठी, पूर्व प्रधान राजाराम यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओबरा सतीश पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी बाबा, मण्डल महामंत्री श्रीमती सरिता पटेल, पूर्व जिलामंत्री श्रीमती सुनीता पाण्डेय, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, उत्कर्ष सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस मौके पर राज्यमंत्री संजीव सिंह गौड़ ने कहा कि काफी लंबे समय से लोग इस मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर परेशान थे। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा और स्थानीय जनता को सीधा लाभ मिलेगा।उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर ही क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# सात किलोमीटर दूर खलियारी पोखरा से निकाली गई शतचंडी महायज्ञ की कलश यात्रा

## यज्ञ समापन पर एक सौ एक कन्याओं का होग मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत विवाह

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र स्थित वैनी में दस दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत मंगल वार को वैनी से सात किलोमीटर दूर खलियारी पोखरा से हजारों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा लेकर किया। यह शतचंडी महायज्ञ वर्षों पहले से लगातार नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह और यज्ञ समिति के नेतृत्व में किया जा रहा है। यज्ञ में महान कथावाचकों द्वारा दिन रात में समयानुसार प्रवचन किया जाता है और रासलीला का भी आयोजन होता है। यह शतचंडी महायज्ञ दस दिवसीय होता है जिसके समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत एक सौ एक कन्याओं का विवाह भी पुर्व की भांति किया जाना है। कलश यात्रा के दौरान क्षेत्र के वैनी सेमरिया, बिज वार, आमडीह खलि यारी, बलियारी आदि गांवों से हजारों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जो खलियारी से वैनी यज्ञ स्थल पर समापन किया जाएगा। कलश यात्रा दौरान यज्ञ समिति के नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक कुमार सिंह,अमरेश कुमार पटेल, विनय कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार जाय सवाल, अवधेश कुमार पटेल, धीरज कुमार पटेल और समिति समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला पहुंचा डीएम दरबार, ग्रामीणों ने किया डीएम से शिकायत

## ग्रामीणों ने किया जाँच व संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत रोरवा में अनि यमितता/ भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा सोमवार को शपथपत्र के माध्यम से शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है। शिकायत के क्रम में स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत रोरवा में ग्राम प्रधान / प्रतिनिधि द्वारा लोक वित्त/राज्य वित्त व प्रधानमंत्री आवास/मुख्यमंत्री आवास में भारी अनियमितता व जमकर धन का बंदरबाँट किया गया है। शिकायतकर्ता प्रतिक गुप्ता सहित पनवा देवी आदि ने दिये गये शपथ पत्र के माध्यम से आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों व प्रधानमंत्री के महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में जमकर धन का बंदर बाँट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास / मुख्यमंत्री आवास निर्माण कराने के नाम पर लाभार्थी के खाते से धन स्थाना न्नतरित कराया गया है और वहीं ग्राम पंचायत में स्कूल के बाउंड्रीवॉल, रीबोर, जल अवरोधक, समत लीकरण के नाम पर जमकर धाँधली की गई है जो जाँच का विषय है। बतातें चलें कि उक्त ग्राम पंचायत में अनियमितता की शिकायत पूर्व में भी स्थानीय लोगों द्वारा किया जा चुका है किन्तु अभी तक उक्त प्रकरण का पटाक्षेप नहीं हो सका और भ्रष्टा चारियों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए

प्रकरण की उच्चस्तरीय जाँच कर कार्रवाई की मांग किया है। जिसके क्रम में एडीओ पंचायत कोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका।इस बावत मुख्य विकास अधिकारी ने कहा जाँच कराकर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि आगे की कार्यवाही क्या होती है।

# स्वदेशी व स्वाभिमान से विकसित राष्ट्र बनेगा भारत

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरा राजा परिसर में मंगलवार को आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़ में छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में सुनीता यादव प्रथम, अंजू द्वितीय और बबीता तृतीय रहीं। वहीं छात्र वर्ग में जानिब अली ने प्रथम, आयुष वर्मा ने द्वितीय तथा पंकज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रबंधक मनीष पाण्डेय एवं डॉ. विमलेश कुमार त्रिपाठी ने मेडल, प्रशस्ति पत्र व टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने कहा कि स्वदेशी, स्वाभिमान और स्वाव लंबन से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। युवाओं में स्वदेशी चेतना जागृत करना आज की आवश्यकता है। प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज की आयोजन समिति के मृत्युंजय नारायण, संयोजक विमलेश पाठक के नेतृत्व में किया गया। निर्णायक मंडल में गीता देवी मौर्या, विनय प्रजापति व बृजेश सिंह पटेल रहे। आयोजन में विनीत पाण्डेय, भोलानाथ मिश्र सहित महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

# अडानी फाउंडेशन द्वारा पनारी पंचायत के ओबरा गाँव मे हेल्थ कैंप का आयोजन

**योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। अडानी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड श्री नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पनारी पंचायत के ओबरा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, और कुल 242 लोगों की जांच कर दवा का वितरण किया गया, इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के कम्युनिटी वालेंटियर सत्यम एवं राहुल कुमार, डॉक्टर अरुण चौबे, डाक्टर एकता, बसंत, राव विरेंद्र,गाँव की आशा, आंगनबाड़ी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अजब तेरी लीला , गजब तेरा खेल - पानी मिले तो सींचते हैं खेत और ना मिले तो व्यक्त करते हैं खेद

## •~ सोनभद्र में दम तोड़ता जा रहा है पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट 'हर घर नल ' योजना

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी 'जल जीवन मिशन' (हर घर नल योजना) सोनभद्र के रावर्ट्सगंज विकास खंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत समेत आसपास के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण अंचलों के विभिन्न टोलो में पानी की आपूर्ति न हो तो लोग हो-हल्ला, शोरगुल तथा तमाम शिकायतें करते हैं और जब पेयजल की आपूर्ति की जाती है तो वही लोग पेयजल का खुला दुरुपयोग करते हैं।टोटी को खुला छोड़ देते हैं जो बिना काम के पानी बहता रहता है। इतना ही नहीं कुछ ग्रामीण किसान पानी का उपयोग अपने खेत, क्यारियों, पौधों, बाग वानियों को सिंचने में उपयोग करते हैं। जहां सरकार एक तरफ लोगों को स्वच्छ जल मुहैया कराकर लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराना चाहती है वहीं दूसरी तरफ लोग सरकार के इस करोड़ों के प्रोजेक्ट को मटियामेट, धराशाही करने पर लगे है। इस संबंध में टीम ने रावर्ट्सगंज विकासखंड के मारकुण्डी गांव का निरीक्षण किया तो ज्ञात हुआ कि मारकुंडी के विभिन्न टोलो तेलाई चकरिया, पेड़हवा, कुशहिया, पनि किनिया, सात नंबर, अकेलवा, बेलछ, रूदौली, मकरीबारी समेत तमाम इलाकों में ग्रामीण व किसान मा.प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट महत्वाकांक्षी योजना '''हर घर जल योजना'''दम तोड़ता नजर आ रहा है । निरीक्षण के दौरान पाया गया कि महेंद्र यादव, रामसिंह गोंड, सुक्खू बैगा, सुरेश बैगा, चांद खान, रामबली बैगा, दीपक बैगा समेत तमाम किसान अपने खेतों,क्यारियों, पेड़-पौधों इत्यादि की सिंचाई करते नजर आये। कहीं-कहीं तो पानी अपने अपने मन से फिजूल में बहता पाया गया। जिस पर किसी भी जिम्मेदारों का ध्यान कदापि नहीं जा रहा है। यदि कोई इस पर कार्रवाई की बात करता भी है तो उन्हें तरह-तरह की धमकियां भी दी जाती हैं। एक संबंध में जब पेय जलआपूर्ति विभाग से संपर्क किया गया तो बताया गया कि विद्युत का भयंकर संकट है।नियमित विद्युत सप्लाई नहीं मिल पाती है मिलती भी है तो नाममात्र। विद्युत सप्लाई मिलते ही तीनों टंकियों को भरकर सप्लाई नियमानुसार तथा समयानुसार कर दिया जाता है बावजूद इसके गर्मी सर पर है तब भी ग्रामीण किसान इस पर तनिक भी ध्यान नहीं दे रहे हैं पानी का दुरुपयोग करने पर आमादा रहते हैं। इस संबंध में क्षेत्र के गणमान्य प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी नागरिकों ने शासन -प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराते हुए अविलंब ही उचित कार्रवाई करवाकर नियमित पेयजल आपूर्ति किए जाने की मांग की है।

# जी हां! यहां ठेले, गुमती, ढ़ाबा होटलों तथा किराना के दुकानों पर अवैध रूप से बिक रहा है ठेके का ठर्रा और ढ़रकी मचा रहे हैं उत्पात

## पुलिस का अंकुश नहीं,बने हैं निरंकुश, अलसुबह से देर रात तक चलता है शराब का दौर

## हौसलें काफी बुलंद,कभी भी कोई अनहोनी,अप्रिय घटना घटित होने की बनी प्रबल संभावना

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**




गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा चौकी अंतर्गत मारकुंडी, मीनाबाजार गुरमा, सातनंबर, ओवरी, अवई, केवटा, सलखन, पटवध समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों मे ठेले, गुमती, ढ़ाबा होटलों तथा किराना के दुकानों पर अवैध रूप से ठेके(सरकारी) का ठर्रा(शराब) बिक रहा है और ढ़रकी(शराबी) नशे में चूर,मदमस्त उत्पात मचा रहे हैं,जिन पर इलाकाई पुलिस का कोई अंकुश नहीं रह गया है जिससे यह निरंकुश बने हुए हैं। शराब की नशे में शराबी क्या कर गुजर जाएंगे कुछ कहां नहीं जा सकता। शाम ढलते हैं चट्टी, चौराहों, सड़कों पर शराबियों का जमावड़ा लगने लगता हैं जो देर रात तक चलता रहता है। राह चलते सम्भ्रांत नागरिकों, महिलाओं, लड़ कियों का चलना दुश्वार सा हो जाता है। शराबियों के हो-हल्ला, शोरगुल से अशांति का माहौल उत्पन्न हो जाता है। लोग डर के साए में जीवन यापन करने को मजबूर हैं।इलाकाई पुलिस चुप्पी साधे,मौन, निष्क्रिय बनी हाथ पैर हाथ धरे चैन की बंसी बजाने में मशगूल है जबकि इस संबंध में अनेको बार संबंधितों को अवगत कराया गया बावजूद इसके आज तक कोई उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।इससे उनके हौसलें काफी बुलंद हैं।कभी भी कोई अनहोनी अप्रिय घटना घटित होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रीय प्रबुद्ध नागरिकों ने इस संबंध में पुलिस प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट करते हुए अविलंब ही उचित कार्र वाई किए जाने की मांग की है ताकि क्षेत्र में शांति का माहौल बना रह सके तथा भविष्य में होने वाले अप्रिय वारदात घटित होने से रोका जा सके। देखने अब यह है कि इस दिशा में पुलिस प्रशासन कहां तक पहल कर पाने में सक्षम हो पाती है ?

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में बड़ा घोटाला : ओबरा व रिहन्द डैम में मछली पालन केवल कागजों में

## सरकारी योजना बनी मजाक

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला /सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के ओबरा एवं रिहन्द डैम में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत लगाए गए लगभग 700 केज में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 12 लाख रुपये की परियोजना में 4.80 लाख रुपये स्वयं तथा 7.20 लाख रुपये सरकारी अनुदान के रूप में दिए गए, लेकिन हकीकत में अधिकांश केजों पर मछली पालन हुआ ही नहीं। स्थलीय स्थिति का जायजा लेने पर सामने आया कि करीब 75 प्रतिशत केजों में एक भी मछली पालन नहीं किया गया, न ही किसी केज पर लाभार्थी का आईडी नंबर या पहचान अंकित है। जांच के दौरान केवल 25 प्रतिशत सक्रिय केज दिखाकर विभागीय टीम को गुमराह कर खाना पूर्ति की जाती है। बिचौलियों का पूरा नेटवर्क सक्रिय सूत्रों के अनुसार, यह पूरा खेल बिचौलियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से चल रहा है। केज पास कराने से लेकर उनकी स्थापना तक सारी प्रक्रिया बिचौलियों द्वारा नियंत्रित की गई। लाभार्थियों को न तो कभी केज पर देखा गया और न ही अधिकांश लाभार्थियों को यह जानकारी है कि उनके नाम का केज आखिर कहां लगाया गया है। वीडियो में खुलासा, बच्चों तक नहीं डाले गए। जांच के दौरान बिचौलिया हिमांचल साहनी केज स्थल पर मौजूद होकर वीडियो शूट करता दिखा, जिसमें उसने दावा किया कि सदाफल नामक बिचौलिया के केज में एक भी मछली के बच्चे नहीं डाले गए, इसके बावजूद सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिकारी का चौंकाने वाला बयान मामले में जब मौखिक शिकायत सहायक मत्स्य निदेशक, सोनभद्र से की गई तो उन्होंने कहा कि ह्लहमें सरकार ने गाड़ी नहीं दी है कि हम मौके पर जाकर जांच करें। जिओ टैगिंग फील्ड ऑफिसर करते हैं। वे जो फोटो खींचकर देते हैं, उसी आधार पर भुगतान हो जाता है। यह काम मेरा नहीं है। यह बयान स्वयं में विभागीय लापरवाही और जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

**सरकारी योजना बनी मजाक**

करोड़ों रुपये की इस योजना में मछुआ किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का सपना दिखाया गया था, लेकिन विभागीय मिलीभगत और बिचौलियों के खेल ने इसे मजाक बनाकर रख दिया है। अब सवाल यह है कि बिना मछली पालन के भुगतान कैसे हुआ ? जिओ टैगिंग और फोटो सत्यापन की जांच किसने की ? जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी? स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच, भुगतान की रिकवरी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु रूप-रेखा की गयी निर्धारित

## जनपद में गणतंत्र दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा- जिलाधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि गणतंत्र दिवस समारोह जनपद में गत वर्ष की भाति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा झण्डा लगाएं जिससे गणतंत्र दिवस के उल्लास का माहौल बन सके, 26 जनवरी, 2026 को प्रातःकाल 8.30 बजे सरकारी भवनों पर राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा, इस अवसर पर राष्ट्रगान के गायन के साथ ही संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे पुलिस परेड, पुलिस लाइन में सम्पन्न होगा, पुलिस लाइन में परेड का सम्पूर्ण कार्यकम भव्य रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल संयोजन में प्रारम्भ होगा। प्रातः 10:00 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान सामूहिक रूप से किया जायेगा। समस्त शिक्षण संस्थानों में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन अवश्य हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास बताया जाय और सशक्त सैन्य बलों के बलिदान का नमन करते हुए देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराए जाय, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। अपरान्ह 01:00 बजे शहीद स्मारक ग्राम परासी दूबे एवं लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के सामने नेहरू पार्क में शहीदों की श्रद्धाजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर पालिका द्वारा कम से कम 04 मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेंगा। मलिन बस्तियों की भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, गणतंत्र दिवस के पूर्व नगर एवं ग्रामीण अंचलों के समस्त मलिन बस्तियों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। दिन में शिक्षण संस्थाओं में खेद-कूद साइकिल रेस दंगल आदि का आयोजन किया जाये। इस संबंध में खेल विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाये। 26 जनवरी,2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर प्रात 09:15 बजे से तियरा स्टेडियम में कास कन्ट्री रेस आयोजित की जायेगी उन्होंने बताया कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जो भी प्रतियोगिता आयोजित की जाये उसमें सारगर्भित उद्बोधन किया जाये। इस मौके पर समस्त ग्राम प्रधानों को पत्र भेजकर सुनिश्चित कराएं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायतों में बैठक आहूत करते हुए ग्रामवासियों को आमंत्रित कर अपना सारगर्भित उद्बोधन दें। इसी प्रकार से समस्त शिक्षण संस्थानों में प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों के मध्य सारगर्भित उद्बोधन देते हुए संवैधानिक इतिहास तथा उसके विकास के बारें में अवगत कराया जाये। उन्होंने बताया कि जनपद में निवास करने वाले व्यक्ति अपने निजी भवनों व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर 25 व 26 जनवरी, 2026 की रात्रि तक लाइटिंग कराएं। राजकीय भवनों पर दो दिन अर्थात 25 एवं 26 जनवरी 2026 को प्रकाश की व्यवस्था अवश्य करायी जाये। व्यापार मण्डल की तरफ से बाजारों में 100-200 मीटर की गैप के बाद टेन्ट लगवा कर वहां 26 जनवरी 2026 को प्रातः 5.00 बजे से देशभक्ति गीतों का प्रसारण कराया जाये। इस प्रकार कार्यक्रम समस्त उप जिलाधिकारी/ तहसीलदारगण अपने-अपने तहसील के कस्बों में भी कराये।

# श्रीकृष्ण लीला में कंस वध के साथ रासलीला का भव्य समापन

## फूलों की होली में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। चोपन बैरियर क्षेत्र में आयोजित रासलीला मंचन के अंतर्गत श्रीकृष्ण लीला के दौरान मंगलवार की रात कंस वध का भव्य एवं भावनात्मक दृश्य प्रस्तुत किया गया। जैसे ही मंच पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अत्याचारी राजा कंस के वध का दृश्य मंचित हुआ, पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण और हरि बोल के जयघोष से गूंज उठा। कलाकारों की सशक्त अभिनय शैली, प्रभाव शाली संवाद अदायगी और पारंपरिक वेशभूषा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात श्रीकृष्ण लीला के दौरान फूलों की होली का भव्य और मनोहारी आयोजन किया गया। इस अलौकिक दृश्य को देखने और उसमें सहभागी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और युवा कार्यक्रम स्थल पर उमड़ पड़े। जैसे ही मंच पर भगवान श्रीकृष्ण एवं गोपियों द्वारा फूलों की होली का दृश्य प्रस्तुत किया गया, पूरा पंडाल भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया। गुलाब, गेंदा सहित अन्य सुगंधित फूलों की वर्षा से वातावरण भक्तिमय हो उठा। राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति, मधुर भजनों और पारंपरिक वेशभूषा ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर इस पावन अवसर को यादगार बना लिया। इस विशेष मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और युवा देर दोपहर से ही शाम तक कार्यक्रम स्थल पर जुटने लगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति द्वारा बेहतर प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्रीकृष्ण लीला का मंचन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश साहनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्रीकृष्ण लीला का मंचन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश साहनी, नरसिंह त्रिपाठी, जनार्दन बैसवार, श्याम सुंदर निषाद, सुनील सिंह, गुड्डू मिश्रा, संजीव त्रिपाठी, पवन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संजय केसरी, अजय सिंह, चंद्रमणि केशरी, संदीप जायसवाल, राकेश मोदनवाल, विनोद साहनी, सुरेंद्र पांडे, कमलेश विश्वकर्मा, बृजेश मोदनवाल, प्रमोद मोदनवाल, महेंद्र निषाद, राम सुंदर साहनी एवं सुजीत शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# टीका लगाने की बात पर भिड़ीं महिलाएं

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी ।। विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र में आज उस समय स्थिति असहज हो गई, जब श्रद्धालुओं को टीका लगाने को लेकर महिलाओं के दो पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बीच सड़क पर ही हंगामा शुरू हो गया, जिससे दर्शन मार्ग पर काफी भीड़ जमा हो गई।




वहां मौजूद लोगों के लिए यह स्थिति किसी तमाशे से कम नहीं थी।

शोर-शराबा बढ़ता देख मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों को शांत कराकर स्थिति पर काबू पाया। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आस्था के केंद्र के समीप ऐसी अनुशासनहीनता को लेकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि मंदिर क्षेत्र में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# विद्युत पोल से टकराई कार दो घायल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के भाऊपुरझकालिकाधाम मार्ग पर बरनी गांव के समीप सोमवार देर रात तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार विद्युत पोल से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि पोल टूटकर सड़क पर गिर पड़ा



और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जाता है कि स्विफ्ट डिजायर कार बरनी बाजार से भाऊपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाला।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल भेजवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बदमाशों ने किया मोटर साईकिल की लूट

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत रिंग रोड फेज 2 पर बीते सोमवार की रात अज्ञात बदमाशों ने असलहा सटाकर मोटर साईकिल लुट ली।

घटना के बाबत भगतुपुर निवासी चन्दन यादव ने बताया कि बीते सोमवार की शाम मै अपने बाईक से कोईराजपुर निवासी चन्द्रमा पटेल के घर गया था। वहाँ से भोजन करके रात मे अपने बाईक से वापस अपने घर जा रहा था रास्ते मे रिंग रोड फेज 2 से अपने गाँव की तरफ सड़क पर घुमकर एक ट्युबबेल के पास बाईक खड़ी कर लघुशंका करने लगा इतने मे दो बाईक से पाँच लोग आये और मेरे असलहा सटाकर बोले की बाईक दे दो वरना गोली मार दूँगा मै डर कर बाईक छोड़ दिया और बदमाश बाईक लेकर चले गये। घटना के संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीडित शराब पीने का आदती है व घटना के दिन भी वह शराब के नशे मे था और उन्हे खुद ही पता नही की बाईक कहाँ से गायब हुई। पीड़ित के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

# स्टेट बैंक द्वारा लाभार्थी को मिला पीएमजेजेवाई का चेक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।। भारतीय स्टेट बैंक शाखा हरहुआ द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी को 2,00,000 का चेक प्रदान किया गया।




उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबन्धक संजय चौधरी,मुख्य प्रबंधक विपिन दास,एरिया मैनेजर आशीष जायसवाल,शाखा प्रबंधक नितिन त्रिपाठी,एरिया मैनेजर आशीष जायसवाल,गौरव पांडेय सहित दर्जनों ग्राहक मौजूद रहे।

# राजगढ़ के नहर में मृत अवस्था में मिले गोवंश

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ राजगढ़ क्षेत्र के सेमरा बरहो रजवाहा से निकली नहर में एक दर्जन के आसपास मरी हुई गोवंस पानी में तैर रही है ।लेकिन पशुपालन विभाग को इसकी भनक नहीं लगी रोजाना इसी रोड से कितने अधिकारी क्षेत्र में जा रहे है ।इन गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है ग्राम प्रधान की



उदासीनता भारी पड़ रही है। राजगढ़ के सेमरा बरहो राजवाहा के नहर के तुलसीपुर गांव के पास सेमरा बरहो और निकरिका दोनों गांव के बिच नहर मे मृत गोवंस पानी मे तैर रहे है। यह पानी मे कहा से आए है किसी को पता नहीं है ।मृत गोवंस मे पानी मे होने है दुर्गन्ध निकल रही है। बेजुबान जानवर की ऐसी दसा देखकर मन व्यथित है। आज जैसे ही यह सूचना जिले के आला अधिकारियों को मिली उन्होंने इसकी सूचना तुरंत राजगढ़ ब्लाक पर प्राप्त होने पर राजगढ़ ब्लाक के कृषि अधिकारी संतोष कुशवाहा की टीम मौके पर जाकर रेस्क्यू करने की कोशिश नाकाम हो गई क्योंकि नहर में इतना पानी चल रहा है रेस्क्यू करना भारी पड़ रहा है नहर बंद होने पर ही संभव हो पाएगा। संतोष कुशवाहा ने बताया कि नहर बंद होने पर ही मृत्यु गोवंश को बाहर निकाला जाएगा।

# कलश यात्रा संग प्रारंभ हुई मां की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी।। ब्रह्म महा विद्या मां श्री बंगला मुखी प्राण प्रतिष्ठा एवं हवनात्मक शत चंडी महायज्ञ का का शुभारंभ मंगलवार को गाजीपुर में हुआ।जिसमे पहले दिन कलश यात्रा और मंडप प्रवेश की पूजा संपन्न हुआ।कथा आगामी 27 जनवरी प्रसाद वितरण के साथ पूर्ण होगी।आचार्य डॉ शीतला प्रसाद त्रिपाठी ज्योतिषाचार्य के सानिध्य में पूजन कार्य चल रहा हैं।इस मौके पर उन्होंने कहा



हिंदू धर्म परंपरा में प्राण प्रतिष्ठा एक पवित्र अनुष्ठान है, जो किसी मूर्ति या प्रतिमा में उस देवता या देवी का आह्वान कर उसे पवित्र या दिव्य बनाने के लिए किया जाता है। 'प्राण' शब्द का अर्थ है जीवन जबकि प्रतिष्ठा का अर्थ है 'स्थापना। ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा का अर्थ है 'प्राण शक्ति की स्थापना' या 'देवता को जीवंत स्थापित करना। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा कीर्तन किया गया। शाम के समय भव्य श्रृंगार एवं अभिषेक कर विधि-विधान से आरती संपन्न हुई।इस धार्मिक आयोजन में पूरे गांव के साथ-साथ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भंडारे में भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

मुख्य पुजारी राजेंद्र पांडेय ने बताया मां का मूर्ति स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख और समृद्धि बनी रही,जिससे क्षेत्र के लोगों का विकास हर क्षेत्र में हो पाए इसी मनोकामना से मां की स्थापना किया गया।

# वन कर्मचारियों का आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल ने किया नेत्र की जांच

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी द्वारा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निशुल्क आंख जाँच शिविर का आयोजन किया।मुख्य अतिथि डॉ. रवि सिंह (आईएफएस) आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल, वाराणसी ने वन विभाग के सहयोग से आयोजित सामूहिक वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रवि सिंह, आईएफएस रहे। इस अवसर पर अस्पताल द्वारा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का भी आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, अस्पताल प्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न देशी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि डॉ. रवि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे प्रयास स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। उन्होंने आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल, की इस पहल की सराहना की।

आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल, द्वारा आयोजित शिविर में कुल 100 लाभार्थियों की निःशुल्क नेत्र जाँच की गई। अस्पताल की चिकित्सकीय टीम—जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, ऑप्टोमेट्रिस्ट एवं सहयोगी स्टाफ शामिल थे सभी प्रतिभागियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श, दवाइयाँ एवं आगे के उपचार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

अस्पताल प्रबंधन की तरह से डॉ भारत सिंह ने कहा कि यह पहल आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल, की उस प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसमें बेहतर दृष्टि के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण को भी समान महत्व दिया जाता है। वन विभाग के अधिकारियों ने चिकित्सा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई ।कार्यक्रम का समापन लगाए गए पौधों के संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के संकल्प के साथ हुआ।

# अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल ने आर्थिक सहयोग देकर परिवार वालों की मदद

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ के राजगढ़ गांव में पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में दशमी सोनी मौत हो गई थी। मृतक दशमी सोनी बहुत ही गरीब घर से ताल्लुक रखता था। मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। तभी अचानक एक दिन उसकी अबुझ परिस्थितियों में आकस्मिक मृत्यु हो गई। मृतक अपने पीछे लक्ष्मी देवी पत्नी , पुत्र आदित्य , अदिति को छोड़कर हमेशा के लिए रुखसत हो गया। गरीबी इस कदर हावी थी कि परिवार को रहने के लिए छत भी नसीब नहीं था। तिरपाल लगाकर परिवार रह रहा था। पति के अचानक मृत्यु से विधवा पत्नी लक्ष्मी के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। किसी तरह से परिवार का भरण पोषण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था इसी को देखते हुए शकतेशगढ़ के युवा समाजसेवी शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वारा शहनाई परिवार के सदस्यों को मौके पर भेजा।



विधवा महिला के पीड़ा को देखते हुए अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल मैनेजिंग डायरेक्टर शहनाई कंस्ट्रक्शन शहनाई परिवार को मौके पर भेजा और शहनाई परिवार राजगढ़ पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर दुख की एक इस घड़ी में शांत बना दिया और साथ ही कहा कि शहनाई परिवार आप आपके दुख में हमेशा खड़ा रहेगा इसके अलावा उन्होंने शहनाई परिवार की तरफ से पंद्रह हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया। साथ ही साथ भविष्य में आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया। शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह छोटू पटेल के द्वारा क्षेत्र में इन दिनों असहायो, गरीबों, लाचारों सहित समाज के हर वर्ग का निरंतर सहयोग जारी है। क्षेत्रीय लोगों ने युवा समाजसेवी के इस कार्य का प्रशंसा की है। शिक्षा एवं धार्मिक क्षेत्र में भी निरंतर सहयोग का क्रम जारी है। इस मौके पर शहनाई परिवार की तरफ से शिब्बू पटेल, अमरेश चंद्र, सत्येंद्र पटेल, पीयूष पटेल, मनीष सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य नदिहार शहनाई परिवार रहे।

# डीडीएम नाबार्ड ने किया परमंदापुर बीपैक्स का निरीक्षण।

## ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना सहकारी समितियो की जिम्मेदारी: सोनिका राणा

वाराणसी। डीडीएम नाबार्ड सोनिका राणा ने मंगलवार को आराजीलाईन ब्लाक स्थित बीपैक्स परमंदापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीडीएम नाबार्ड ने समिति की कैशबुक, संतुलनपत्र और सदस्य खातो का अवलोकन किया ।सहकारी सचिव परिषद के जिलाध्यक्ष तथा बीपैक्स कै सचिव ऋषिकुमारसिंह ने अधिकारी को समिति की वित्तीय स्थिति और व्यवसाय के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।




डीडीएम नाबार्ड ने समिति सचिव और अन्य कर्मचारीगण से कहा कि बीपैक्स मे समयबद्धता और वित्तीय अनुशासन ही समिति के सशक्तिकरण का मूल आधार है तथा ग्रामीण भारत को सशक्त करना ही सहकारी समिति की सफलता का मानक है।

सोनिका राणा ने जहाँ एक ओर समिति के डाटा बाउचर फीडिंग को नियमित रूप से सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया वहीं समिति के ऋण वितरण, वसूली तथा मिनी बैंक के संचालन की प्रशंसा भी की।

सहकारी सचिव परिषद के जिलाध्यक्ष ऋषिकुमारसिंह ने डीडीएम नाबार्ड को धन्यवाद देते हुए कहा कि उच्चाधिकारियो का समिति पर आगमन हमारा मार्गदर्शन करता है तथा हम सब कर्मचारियो की हौसलाअफजाई भी करता है।

# हरहुआ क्षेत्र में एक ही रात में हुई चार चोरियाँ, हजारों का किया माल पार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना अंतर्गत पुलिस चौकी हरहुआ क्षेत्र में एक ही रात में गोमती तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये के माल व नगद चोरी करने में सफल रहे। हरहुआ चौराहा दासेपुर में श्यामसुंदर चौहान के चाय पान की गोमती तोड़कर दो हजार रुपये से अधिक के सामान की चोरी हुई। वहीं 200मीटर दूर पुरानी सब्जी मंडी के पास विवेक मौर्य के गोमती तोड़कर 10 हजार नगद सहित हजारों के सामान चुरा ले गए। तीसरी घटना पास में ही अवधेश गुप्ता के नाश्ते की दुकान का ताला तोड़कर हजारों की सामग्री के साथ खाने के बने सामान चुरा ले गए। चौथी चोरी करोमा गाँव के पंचक्रोशी सड़क किनारे नत्थू यादव के गोमती को तोड़कर 4000/चार हजार नगद कुल लगभग 17 हजार की चोरी चोर करने में सफल रहे। घटना की सूचना पर हरहुआ चौकी की पुलिस घटना स्थल का अवलोकन किया साथ ही पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांचकर चोरों के पता लगाने में जुट गई है।

चोरी की घटना से ग्रामीण व व्यापारी इस घटना से दहशत में हैं। पुलिस अधिकारी से पुलिस गश्त मजबूत किये जाने और चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरों के गिरफ्तारी की मांग उठाई है।

# विद्यालय वाहनों की फिटनेस को लेकर परिवहन विभाग का सघन प्रवर्तन अभियान

विद्यालय वाहनों की फिटनेस एवं मानक अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी विद्यालय प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की गई कि वे अपने विद्यालय वाहनों के सभी आवश्यक कागजात समय से पूर्ण रखें।

परिवहन विभाग ने निर्देश दिए कि विद्यालय वाहनों में खिड़कियों पर ग्रिल बार, अग्निशमन/फायर रिटार्डेंट उपकरण, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट-एड बॉक्स सहित सभी अनिवार्य उपकरण एवं फिटिंग्स उपलब्ध हों। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन विद्यालय स्तर पर पूर्ण हो।

विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी विद्यालय वाहनों के पास वैध फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज होना अनिवार्य है। आज की कार्रवाई के




दौरान कुल 24 वाहनों का चालान किया गया, जबकि विद्यालय वाहन मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर 2 वाहनों को सीज किया गया।

परिवहन विभाग ने बताया कि इस प्रकार के आकस्मिक (सरप्राइज) निरीक्षण लगातार किए जा रहे हैं तथा आगामी दिनों में सभी विद्यालयों को इस अभियान के अंतर्गत कवर किया जाएगा। अतः सभी विद्यालय प्रबंधन को सलाह दी गई है कि विद्यालय स्तर पर लंबित सभी वाहन संबंधी कागजात तत्काल पूर्ण कर लें।

यह भी स्पष्ट किया गया कि विद्यालय वाहन मानकों से संबंधित किसी भी प्रकार का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वे पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। यह प्रवर्तन अभियान श्री सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन), वाराणसी के नेतृत्व में संचालित किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# फूल मंडी खाली कराने के दौरान बवाल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। नगर निगम की कार्रवाई के दौरान मलदहिया स्थित फूल मंडी में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब संचालक ने आत्महत्या का प्रयास किया। संचालक ने अचानक खुद पर पेट्रोल डाल लिया और पुलिसकर्मियों तथा मौके पर मौजूद लोगों पर भी पेट्रोल छिड़क दिया। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल बल प्रयोग करते हुए उसे काबू में कर लिया और बड़ी अनहोनी होने से बचा लिया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



नगर निगम अधिकारियों के अनुसार फूल मंडी पर कब्जेदार पिछले चार दशकों से अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए था और किसानों से जबरन वसूली करता था। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए मंडी परिसर को कब्जा मुक्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि मंडी को किसानों के हित में मुक्त कराया गया है, ताकि वे बिना किसी दबाव और अवैध वसूली के अपना व्यापार कर सकें। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या का प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा डालने और सार्वजनिक शांति भंग करने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से फूल मंडी में अवैध कब्जा और वसूली का आतंक था, जिससे किसान और छोटे व्यापारी परेशान थे। नगर निगम की इस कार्रवाई को किसानों के हित में बड़ा कदम बताया जा रहा है।

# विद्यालय की छात्रा कुआं में गिरी ग्रामीणों द्वारा रस्सी के सहारे से बाहर निकाला

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के रामपुर बरहो गांव की अर्पिता 2 वर्ष पुत्री अनिल यादव माता पुष्पा देवी। छात्र अर्पिता कक्षा 2 की छात्रा निजी इंग्लिश मीडियम स्कूल बाबू कुंवर सिंह सेमरा बरहो पढ़ती थी।छुट्टी होने पर साइकिल से घर आते समय गांव के त्रिमुहानी पर कुआं है उसी में अनियंत्रित होकर साइकिल सहित कुआं में चली गई किसी तरह रस्सी के सहारे गांव के लोग बाहर निकाले जिसे कमर व सर में चोट है। तत्काल उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया। जहां पर इलाज के बाद डॉक्टर में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।जहां पर कुआं खतरे की घंटी है कभी भी आदिवासी बस्ती के बच्चे गिर सकते हैं उस कुआं को तत्काल ब्लॉक के माध्यम से स्टील का जाल बनवाकर ढका जाए जिससे गांव के छोटे-छोटे बच्चे उसी के आजू-बाजू में खेलते रहते हैं इसलिए इसको तत्काल ढकने की व्यवस्था की जाए नहीं तो कभी बहुत बड़ा हादसा घट सकतीहै जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

# पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह ने 15 लाख धनराशि से किया 218 मीटर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास

वाराणसी मंगलवार को रोहनिया विधानसभा में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वीकृत रोहनिया मंडल में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनांतर्गत 2025-26 में 15लाख रुपये से 218 मीटर इंटरलॉकिंग कार्य का विधि -विधान पूजन संग शिलान्यास किया गया।

ग्राम पंचायत दाऊदपुर, तथा कर्दमेश्वर मंडल के नगर निगम में कंदवा वार्ड ,अवलेशपुर, एवं कंदवा, में माननीय प्रधानमंत्री जीके निधि से बनने वाली तीन सड़कों का शिलान्यास ग्रामीणों की उपस्थिति में किया।

पूर्व विधायक रोहनियां सुरेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड वाराणसी द्वारा कन्दवा वार्ड नं0 19 अवलेशपुर में सत्ती माता मंदिर से शैलेन्द्र सोनी के मकान तक 32 मीटर लागत 3लाख 32 हजार रुपये



व वार्ड 19 में ही शिवजी नगर कालोनी में ध्रुव दादा के मकान तक



81 मीटर लागत 7 लाख व काशी विद्यापीठ ब्लाक के दाउदपुर में चेखुरी पटेल के घर से दरोगा राजभर के घर तक 105 मीटर लागत राशि 4 लाख 83 हजार रुपए से इन्टरलाकिंग कार्य का शिलान्यास किया गया ।जो जल्द ही आम जन के आवागमन में सहूलियत रहेगी।

शिलान्यास के दौरान रोहनिया मण्डल के अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति तथा कर्दमेश्वर मंडल के अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र केशरी, अमित सिंह सहित शक्ति केंद्र संयोजक ,बूथ अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# खरहरा गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मंगलवार को विकासखंड सिटी के खरहरा गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। डॉ. सुरेश ने किसानों को जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। गगन यादव ने किसानों



को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# डेरामारी पंचायत में सड़क निर्माण घोटाला, ग्रामीणों की जान खतरे में

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डेरामारी में ग्रामीण सड़क एवं सुधार प्रबंधन कार्यक्रम( RRSMP) और मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना (अवशेष) के तहत कराए जा रहे सड़क निर्माण एवं रख-रखाव कार्यों में भ्रष्टाचार और भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। घटिया निर्माण कार्यों ने ग्रामीणों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि PCC ढलाई के बाद सड़कों के दोनों किनारों पर मिट्टीकरण नहीं किया गया, जबकि सड़क की चौड़ाई भी निर्धारित मानक के विपरीत केवल 10 से 12 फीट रखी गई है। इसके परिणामस्वरूप सड़क और किनारे के बीच खतरनाक ऊँच-नीच बन गई है। वाहन साइड लेते ही असंतुलित होकर पलट रहे हैं और दुर्घटनाएँ आम हो गई हैं। आरोप है कि ठेकेदारों की मनमानी और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सड़क निर्माण केवल कागजों में



पूरा दिखाया जा रहा है। रख-रखाव के नाम पर हर साल लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर न मरम्मत होती है और न ही सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। बिना भौतिक निरीक्षण के भुगतान ने पूरे तंत्र की पोल खोल दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत डेरामारी के मुखिया शाहबाज आलम ने जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, किशनगंज के समक्ष लिखित शिक ायत दर्ज कराई है। मुखिया ने सभी निमार्णाधीन, निर्मित और मेंटेनेंस वाली सड़कों की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कर दोषी ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता विद्यानंद प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ आव श्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार और सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, तो सड़क हादसों की स्थिति गंभीर हो सकती है।

# पटना में पुलिसकर्मियों को कुचलने के प्रयास में दो गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

दुल्हिन बाजार/ थाना क्षेत्र के इचीपुर गांव के पास सड़क पर सोमवार की शाम बालू से लदे एक ट्रक से ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास किया गया। घटना में एस आई सियाराम पासवान एवं महिला सिपाही सोनी कुमारी बाल-बाल बच गए। आरोप है कि ट्रक चालक एवं उसके सहयोगियों ने जानबूझकर दोनों पुलिसकर्मियों पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। घटना के बाद आरोपी ट्रक से उतरकर दोनों पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने लगे तथा जाति सूचक गाली-गलौज भी किया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरातफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सोनु कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए




पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। हमले में घायल एसआई सियाराम पासवान एवं महिला सिपाही सोनी कुमारी को प्राथमिक उपचार के लिए भरतपुरा अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज किया गया। पुलिस की सतर्कता से स्थिति को जल्द ही नियंत्रण में ले लिया गया। इस संबंध में दुल्हिन बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में नामजद अभियुक्तों की पहचान केशव कुमार (पिता-मृत्युंजय कुमार) एवं विश्व कांत कुमार (पिता-रविन्द्र कुमार), दोनों निवासी चांदचक, थाना लहसुना, जिला पटना के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# पटना के दुल्हिन बाजार में स्वच्छता कर्मियों व पर्यवेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित भवन में मंगलवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीनिवास पांडे के अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड समन्वयक के द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षकों और स्वच्छता कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य रूप से काब, धाना निसरपुरा, राजीपुर, सिही ,सोनियावां ,नरही पिरही एवं भरतपुरा पंचायत के कर्मियों ने इसमें भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कार्यों के बेहतर निष्पादन और रखरखाव पर चर्चा करना था। प्रशिक्षक समन्वयक राजेश कुमार नंदन ने बताया कि विभागीय निदेशों का पालन करते हुए दुल्हिन बाजार प्रखंड की सभी 14 पंचायतों के लिए एक रोस्टर बनाया गया है। इसी



रोस्टर के आधार पर सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों और कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व में भी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में उन्हें अपनी कार्य कुशलता को और बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपने कार्यों को और अधिक कुशलता से निष्पादित कर सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीनिवास पांडे ने कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका लक्ष्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को लंबे समय तक सुचारू बनाए रखना है। स्वच्छता कर्मियों को विशेष रूप से संसाधनों के उचित रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, विशेष रूप से स्वच्छता शुल्क कलेक्शन के बारे में बताया गया ,ताकि स्वच्छता अभियान बिना किसी बाधा के जारी रह सके। इस प्रशिक्षण शिविर में कुन्दन कुमार ,अमित कुमार ,अनिल कुमार ,भोला कुमार ,पिंटू कुमार, अरविंद कुमार, श्री भगवान मोची, राहुल कुमार आदि स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्य वेक्षक उपस्थित हुए।

# पटना के बेउर जेल में गांजा-स्मैक सप्लाई करने वाले गिरोह का चार अपराधी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बेउर थाना पुलिस ने बेउर जेल के अंदर गांजा और स्मैक पहुंचाने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह जेल के अंदर बंद कैदियों तक मादक पदार्थ पहुंचाने का संगठित नेटवर्क चला रहा था। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गांजा, कई आपत्तिजनक सामान और नकद रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि जेल से सटे एक मकान की छत का इस्तेमाल कर मादक पदार्थ जेल परिसर के अंदर फेंका जाता था। इस पूरे नेटवर्क का संचालन जेल के अंदर बंद कुख्यात अपराधी विक्की कुमार के इशारे पर किया जा रहा था, जो बाहर से गांजा और स्मैक मंगवाकर जेल के भीतर कैदियों को सप्लाई करता था। पुलिस ने संबंधित मकान को चिन्हित कर लिया है और इस संबंध में जेल प्रशासन को कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है। साथ ही जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने का सुझाव भी दिया गया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बेउर थाना को सूचना मिली थी कि बेउर अखाड़ा के पास कुछ अपराधी मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करने पहुंचे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई, जहां से शैलेंद्र मिस्त्री और गोविंद चौधरी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि दुल्हन बाजार थाना क्षेत्र के लाल भदसारा निवासी धनंजय कुमार गांजा की सप्लाई करता है। इसके बाद पुलिस ने धनंजय कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि बेउर जेल के सटे जितेंद्र कुमार के मकान की ऊंची छत से गांजा जेल के अंदर फेंका जाता था। पुलिस ने जितेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह जेल में बंद कुख्यात अपराधी विक्की कुमार को अपने मकान की छत से गांजा की सप्लाई करता था। सिटी एसपी ने बताया कि विक्की कुमार वही कुख्यात अपराधी है, जिस पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इस पूरे नेटवर्क के अन्य कड़ियों की तलाश में जुटी है और जेल प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुनपुन महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया चिकित्सा शिविर

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के टंडवा में कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महोत्सव में आए ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार (नवीनगर), डॉ. विनोद कुमार, सीएचओ पुष्पा कुमारी, एएनएम उषा कुमारी, एएनएम शीला कुमारी एवं ईएमटी राजेश कुमार की सक्रिय भागीदारी रही। चिकित्सकीय टीम ने शिविर में पहुंचे लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर में सामान्य रोगों से पीड़ित दर्जनों मरीजों की जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक भी किया। स्थानीय लोगों ने पुनपुन महोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने की सराहना की और इसे जनहित में एक सराहनीय पहल बताया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि आगे भी ऐसे आयोजनों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिल सके।

# किशनगंज में टीबी मरीजों को ठंड से राहत देने कंबल वितरण कार्यक्रम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, किशनगंज के तत्वावधान में जिला पदाधिकारी और सोसायटी अध्यक्ष विशाल राज के निदेर्शानुसार गोद लिए गए टीबी मरीजों के बीच आज कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 टीबी मरीजों को कंबल प्रदान किए गए, जिससे उन्हें सर्दियों में राहत मिल सके। विशाल राज ने कहा कि टीबी मरीजों की देखभाल केवल चिकित्सीय उपचार तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें सामाजिक और मानवीय सहयोग भी दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को हर संभव सहायता दी जाएगी। रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव मिक्की साहा ने




बताया कि संस्था लगातार जरूरतमंद लोगों की पहचान कर ठंड के मौसम में कंबल वितरण और अन्य सेवा कार्य करती रही है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन राज कुमार चौधरी, जिला संचारी रोगी पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम, डॉ. अनवर हुसैन, डीएस, डीपीएम, हॉस्पिटल मैनेजर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य उपस्थित थे।

# नवीनगर को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर किया सभा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति ने नबीनगर में एक आम सभा किया।सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शिवहर के पूर्व सांसद और नबीनगर के विधायक चेतन आनंद के पिता आनंद मोहन आमंत्रित थे।सभा की अध्यक्षता संतान सिंह एवं संचालन श्यामबिहारी सिंह द्वारा किया गया।सभा को कई वक्ताओं ने संबोधित किया और नबीनगर को अनुमंडल बनाए जाने पर जोर दिया।नबीनगर को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति द्वारा मुख्य अतिथि आनंद मोहन को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया और अनुरोध किया गया कि इसे मुख्यमंत्री तक प्रेषित करते हुए नबीनगर को अनुमंडल बनाने में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करें।समिति का कहना है कि नवीनगर प्रखंड भौगोलिक, आर्थिक, औद्योगिक और प्रशासनिक दृष्टि से अनुमंडल बनने के लिए उपयुक्त है। यहाँ 25 ग्राम पंचायत और एक नगर पंचायत है, और यह प्रखंड औरंगाबाद जिला का



सबसे बड़ा प्रखंड है। यहाँ 8 थाना, एक आरक्षी निरीक्षक कार्यालय, विद्युत अवर अभियंता कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल कार्यालय, वन विभाग कार्यालय आदि हैं समिति ने ज्ञापन में कहा है कि नबीनगर की आबादी 5 लाख है, और 2011 की जनगणना के आधार पर अद्यतन आबादी 7-8 लाख हो गई है। यहाँ के लोग अनुमंडल दूर होने के कारण वैधानिक लाभ से वंचित रह जाते हैं।समिति ने मुख्यमंत्री से नवीनगर को अनुमंडल बनाने की घोषणा शीघ्र करने की मांग की ।सभा को संबोधित करते हुए आनंद मोहन ने आश्वासन देते हुए कहा कि नबीनगर अनुमंडल बनाने के सभी मानकों को पूरा करता है।उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री से मिलकर नबीनगर को अनुमंडल बनाए जाने के लिए अनुरोध करूंगा ।उन्होंने आश्वासन दिया कि नबीनगर को अनुमंडल का दर्ज शीघा मिलेगा। मौके पर आयकर आयुक्त श्वेताभ सुमन, समिति के सचिव शंकर प्रसाद,भाजपा नेता रामलखन सिंहपूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह, पूर्व जिला पार्षद पंकज पासवान,पूर्व मुखिया सतेंद्र सिंह ,अंजार खान,रविन्द्र पांडे,गुड्डू सिंह, दिवाकर चंद्रवंशी, सुरेंद्र सिंह, मुन्ना मुस्ताक, वीरेंद्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# तीन गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को आईजीआईएमएस पटना रेफर किया गया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के तहत जिले में गंभीर और जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों को समय पर इलाज दिलाने का काम जारी है। इसी क्रम में आज तीन बच्चों को सदर अस्पताल किशनगंज से



आईजीआईएमएस पटना रेफर किया गया। रेफर किए गए बच्चों में आकाश मरांडी (9 माह, होंठ व तालू का कटाव), मोहित आलम (5 वर्ष, जन्मजात हृदय रोग) और इंटरा बेगम (6 वर्ष, जन्मजात हृदय रोग) शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से बच्चों की स्क्रीनिंग, यात्रा व्यवस्था और परिजनों का मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि गंभीर और जन्मजात रोगों से पीड़ित बच्चों को समय पर विशेषज्ञ इलाज उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि आरबीएसके जैसी योजनाएं गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही हैं और प्रशासन परिजनों को हरसंभव सहयोग सुनिश्चित कर रहा है।

# किशनगंज में 74.28 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई जारी है। उत्पाद विभाग के निरीक्षक मोहम्मद हैदर अली और उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली और



उन्होंने सिंघिया चौक पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक टेम्पो को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 74.28 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। शराब के साथ तस्कर मोहम्मद अजीज, अररिया जिला निवासी, को गिरफ्तार कर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। निरीक्षक मोहम्मद हैदर अली ने बताया कि शराब बंगाल से लोड कर अररिया भेजी जा रही थी। मुख्य तस्कर की गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# पटना में तीन मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार की रात बड़ी कार्रवाई की गई। बिहटा पुलिस ने अलग-अलग तीन मामलों में तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोहों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और चोरी की घटनाओं से जुड़े पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, पहली गिरफ्तारी बाइक चोरी के एक मामले में हुई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जयकुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि बिहटा



इलाके में हाल के दिनों में बाइक चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों और बढ़ते अपराध के मद्देनजर बिहटा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की रात बिहटा थाना क्षेत्र के बेटा चौक के पास वाहन जांच अभियान लगाया गया था। इस दौरान एक बाइक सवार पुलिस चेकिंग को देखकर घबराकर भागने लगा। पुलिस ने संदेह के आधार पर तत्काल पीछा कर उसे पकड़ लिया। जब बाइक की जांच की गई तो सामने आया कि वह बाइक चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी जयकुमार से यह भी पूछताछ की जा रही है कि चोरी की बाइक कहां से चुराई गई थी और उसे बेचने या छिपाने की उसकी क्या योजना थी। इसके साथ ही पुलिस यह पता लगाने में भी लगी है कि आरोपी किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या अकेले ही चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। दूसरी ओर, पुलिस ने बैटरी चोरी के मामले में भी बड़ी सफलता हासिल की है। यह मामला राघोपुर गांव का है, जहां पहले खड़े ट्रक से बैटरी चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. हुसैन और मो. साकिब के रूप में हुई है। बताया गया है कि दोनों आरोपी काफी दिनों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे और चोरी के मामले में उनकी तलाश की जा रही थी। पुलिस ने गुप्त सूचना और लगातार छापेमारी के बाद दोनों को राघोपुर इलाके से पकड़ लिया। बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया है और लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक चोर गिरफ्तार किया गया है, वहीं राघोपुर गांव में ट्रक से बैटरी चोरी मामले में दो चोरों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस का उद्देश्य केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि चोरी की घटनाओं के पीछे सक्रिय पूरे नेटवर्क को उजागर करना है। थानाध्यक्ष के अनुसार, तीनों आरोपियों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि चोरी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं, चोरी किए गए सामान की सप्लाई कहां होती है और इलाके में चोरी की घटनाओं को कौन संचालित कर रहा है। यदि पूछताछ में किसी अन्य गिरोह या आरोपियों का नाम सामने आता है तो उनके खिलाफ भी त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान स्कूटी सवार की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पटना सिटी इलाके में सोमवार की देर रात सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बाईपास थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ पर हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक वाहन के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। मृतक की पहचान पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत बटाउ कुआं निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद साबिर के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद साबिर सोमवार की देर रात अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर बाईपास थाना पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और वाहन उसे कुचलते हुए आगे निकल गया। अंधेरे और तेज रफ्तार की वजह से लोग वाहन की पहचान नहीं कर सके। वहीं हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और उसे इलाज के लिए तत्काल नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। बाईपास थाना के सब इंस्पेक्टर अनमोल कुमार ने बताया कि सोमवार रात करीब 12:50 बजे सूचना मिली कि गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के नजदीक एक स्कूटी सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया है। सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घायल अवस्था में युवक को एनएमसीएच ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएम सीएच) भेज दिया गया है, ताकि मृत्यु के सही कारण और दुर्घटना से जुड़ी अन्य अहम जानकारी प्राप्त की जा सके। पुलिस ने मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन के जरिए उसके परिजनों को सूचना दी। जैसे ही खबर परिजनों तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन एनए मसीएच पहुंचे, जहां उन्हें युवक की मौत की जानकारी दी गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। आसपास के लोग भी अस्पताल पहुंचे और परिवार को सांत्वना देने की कोशिश करते रहे।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि यह पता चल सके कि दुर्घटना किस वाहन से हुई और वह किस दिशा में गया। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की पहचान होते ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव टंडवा का हुआ शानदार आगाज

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) मंगलवार को नबीनगर प्रखंड के टंडवा में दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग के एवं जिला जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव का उद्घाटन कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र के विधायक ललन राम, प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी, एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीएम संतन कुमार,उप प्रमुख लव सिंह,



जिला पार्षद हरिराम ,महोत्सव के सचिव राजेश अग्रवाल,अध्यक्ष रामजन्म सिंह एवं अन्य द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।उद्घाटन के पश्चात बिहार गीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई।सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत पौधा, अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन के बाद कार्यक्रम की शुरूआत मध्य विद्यालय टंडवा के छात्राओं द्वारा स्वागत गाण से किया गया। वहीं मंच संचालन शिक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने ने कहा कि सनातन धर्म में पुनपुन नदी मे प्रथम पिण्डदान का महत्व है ।वही कार्यक्रम को विधा यक ललन राम सहित कई गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में सचिव राजेश अग्रवाल ने पुनपुन महोत्सव के आयोजन को लेकर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।वही जिला कला एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी पप्पू राज ने सभी अतिथियों के प्रति स्वागत भाषण किया। धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ अरुण सिंह ने किया।वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेहा सिंह निष्ठा और सुर संग्राम सिंगर अंकित सिंह ने अपनी गायकी से समा बांधा।महोत्सव में सुरक्षा के दृष्टिकोण कार्यक्रम स्थल सहित टंडवा बाजार एवं अन्य चौराहों पर पर्याप्त संख्या में में थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व मे सुरक्षा बल के जवान तैनात थे।कार्यक्रम में जिला पार्षद हरि राम,अंचलाधिकारी निकहत परवीन, कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार, बीईओ राजनारायण राय,महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी,मुखिया अमोद चंद्रवंशी,प्रधानाध्यापक बिनोद दास,धनंजय सिंह, चुन्नू सिंह, रोहित सिंह अशोक पांडेय,परमेंद्र सिंह, प्रवीणता कुमारी,सहित बड़ी संख्या में जिला एवं प्रखंड के पदाधि कारीगण ,गणमान्य नागरिक एवं दर्शक मौजूद थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विकसित भारत की रूपरेखा तैयार किया- मधु मनोहर।

**समाज जागरण**



शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी- अपनी कला का प्रदर्शन कर दिखलाया कि किस प्रकार विज्ञान का सही प्रयोग कर हम विकसित भारत के निर्माण में सहयोग दे सकते हैं और देश का विकास में सहयोगी बन सकते हैं । विद्यालय के निर्देशक मधुप मनोहर के संरक्षण में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल की प्रस्तुति दिए ' विद्यार्थियों में सुकरी कुमारी, दीक्षा कुमारी, गुलनाज परवीन, अंशु कुमारी, संकेत कुमार, आयुष राव, आदित्य कुमार, इंशा प्रवीण, दिव्या कुमारी, तृषा कुमारी, खुशी रानी, सूरज कुमार, रिंकी कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रतीक्षा कुमारी, सुमन कुमारी, प्रियंका गुप्ता, आयुषी लकड़ा, संदीप कुमार, युवराज कुमार, सनाया कुमारी, तन्वी कुमारी, मिस्कात परवीन, कंचन कुमारी, अर्जुन कुमार, श्रवण श्रवण कुमार, चंदन कुमार, दीपक हंसदा, शाहनवाज अंसारी, विशाल कुमार, खुशी गुप्ता, अर्चना रानी, संप्रीत कुमारी, साफिया परवीन, तनु प्रिया, सुमन कुमारी, बेबी कुमारी, सोनू कुमार, पायल कुमारी ने अदभुत कला का प्रदर्शन किया ' विजेता चुनने में विद्यालयपरिवार में बहुत देर तक विचार विमर्श किया गया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि आयुषी लकड़ा एवं प्रियंका कुमारी (आपदा अलर्ट), सूरज कुमार (एएल रोबोट) तथा अर्जुन कुमार ( हृदय क्रियाविधि) के लिए चयन कर पुरस्कृत किया गया ' इस अवसर पर सभी शिक्षकों का भी योगदान अतुल्यनीय रहा '

# स्टील हाउस साकची में सहयोगी बंधु का भव्य पारिवारिक मिलन सह वितरण समारोह, 450 लोगों की रही सहभागिता

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण,**
**ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड): जमशेदपुर के स्टील हाउस, साकची में सहयोगी बंधु के तत्वावधान में पारिवारिक मिलन सह वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार प्रसाद ने की। समारोह में समाज के करीब 450 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कपिल देव पंडित, अपर सचिव, झारखंड सरकार उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में चंद्रशेखर पंडित, डिप्टी डायरेक्टर, रेवेन्यू एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, झारखंड (रांची) तथा एंड हेड रिफॉर्म्स, झारखंड सरकार, रांची शामिल रहे। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।कार्यक्रम में सहयोगी बंधु संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि संस्था का मुख्य लक्ष्य प्रजापत (कुम्हार) समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए संस्था प्रतिवर्ष विभिन्न शैक्षणिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है, जिसमें सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाता है। साथ ही मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक कार्यों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस वर्ष भी संस्था द्वारा तीन मेधावी छात्रों को कुल 36 हजार रुपये की सहायता राशि मंच से प्रदान की गई। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया कार्य क्रम को सफल बनाने में काशीनाथ प्रजापति, नरेंद्र प्रसाद पंडित, विकास पंडित, रविंद्र कुमार सिन्हा, प्रदीप पंडित,जवाहर प्रसाद, आनंद विकार, प्रकाश संजय अप्पा पंडित सहित अन्य कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 : जिले में चला व्यापक जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**

सरायकेला-खरसावाँः राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत मंगल वार को जिले के विभिन्न स्थानों पर व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में तामोलिया स्थित जेवियर इंग्लिश स्कूल में कक्षा 8वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सुरक्षित सड़क व्यवहार और दुर्घटना से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,
जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शैक्ष णिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में गम्हरिया स्थित केपीएस स्कूल के



समीप छात्राओं को ले जाने वाले सवारी वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान वाहन की सुरक्षा व्यवस्था, चालकों के आवश्यक दस्तावेज एवं यातायात नियमों के अनुपालन की गहन समीक्षा की गई। वहीं गम्हरिया थाना के समीप बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को रोककर सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। नियम उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार जुमार्ना अधिरोपित किया गया तथा उन्हें हेलमेट भी प्रदान किया गया, ताकि भविष्य में नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। अभियान के माध्यम से आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं के जीवन और दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधि कारी श्री गिरिजा शंकर महतो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजू, दिलीप कुमार, रवि प्रसाद सहित सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# झामुमो नेता अखिलेश महतो के पहल से कोठी के ग्रामीणो को मिला ट्रांसफार्मर ।

**भुनेश्वर कुमार महातो,**
**संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो /ऊपरघाट ; नावाडीह प्रखण्ड स्थित ऊपरघाट के मुंगोरंगामाटी पंचायत के कोठी (हरिजन टोला) मे बिजली ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब था। इस समस्या को लेकर ग्रामीणो ने झामुमो केंद्रीय सदस्य सह डुमरी विधानसभा प्रभारी अखिलेश महतो उर्फ राजू को अवगत कराया। झामुमो केंद्रीय सदस्य ने इस समस्या को गंभीरता से लेकर ट्रांसफार्मर का उपलब्ध कराया। साथ ही मंगलवार को स्वय झामुमो केंद्रीय सदस्य सह डुमरी विधानसभा प्रभारी अखिलेश महतो उर्फ राजू, मुखिया मोहन महतो, पसस प्रतिनिधि बालेश्वर महतो, वार्ड सदस्य गीता शर्मा ने संयुक्त रुप से ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। वही पथ निर्माण कार्य मे ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर झामुमो नेता अखिलेश महतो उर्फ राजू पेंक पहुँचे और ठीकेदार को हिदायत देते कहा कि किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग को बर्दाश्त नहीं करेंगे। जबतक ग्रामीणों के बीच आपका संवेदक बैठकर बात नही करते काम बन्द रहेगा। इस बीच उन्होंने कई स्थानीय कई ग्रामीणों की समस्या भी सुने । मौके पर झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष सोनाराम हेम्ब्रम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी, पंचायत समिति नवीन सोरेन, समाज सेवी भुनेश्वर तुरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गुरुप्रसाद पटेल, धानेशवर मुर्मू, सरयू पांडेय, भागीरथ महतो, कुतुब अंसारी, हरेंद्र महतो, रामेश्वर महतो, निर्मल महतो, खुर्शीद आलम, खेमलाल सोरेन एंव स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध पत्थर उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई , एक अवैध खदान व 6 क्रशर इकाइयां जप्त

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**




ईचागढ़ःसरायकेला जिला के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर चांडिल थाना क्षेत्र में अवैध पत्थर उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान एक अवैध पत्थर खदान (क्वारी) और छह अवैध क्रशर इकाइयों का खुलासा हुआ, जिन्हें जप्त कर संबंधित लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मंगलवार को जिला खनन पदाधिकारी श्री ज्योति शंकर सतपथी, क्षेत्रीय प्रदूषण पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी चांडिल के नेतृत्व में जिला खनन विभाग और चांडिल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौजा चिलगु और मौजा करनीडीह में छापेमारी की। निरीक्षण के क्रम में मौजा चिलगु में अवैध रूप से संचालित पत्थर खदान पाई गई, जबकि उसके आसपास छह क्रशर इकाइयां बिना वैध अनुमति के स्थापित मिलीं। इन इकाइयों में संग्रहित व उत्खनित पत्थर को विधिवत जप्त कर पुलिस को सुपुर्द किया गया। प्रशासन ने अवैध खदान और क्रशर इकाइयों से जुड़े भूमि स्वामियों एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ चांडिल थाना में मामला दर्ज कराया है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा संबंधित अधि नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा टीम ने क्षेत्र में स्थित पांच ईंट भट्ठा इकाइयों का निरीक्षण किया, जिनमें से तीन संचालित और दो बंद पाए गए। संचालित ईंट भट्ठों से खनन विभाग ने नियमानुसार जुमार्ना वसूला, जबकि प्रदूषण विभाग द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में उपायुक्त श्री नितिश कुमार सिंह ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन, भंडारण या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
दोषियों के खिलाफ संपत्ति जप्ती सहित कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए संयुक्त निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी।

# विधायक सविता महतो ने फीता काटकर बिरीगोड़ा टुसू मेला में किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**




ईचागढ़ः चांडिल प्रखंड अंतर्गत बिरीगोड़ा में आयोजित पारंपरिक टुसू मेला में मंगलवार को लोगों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।टुसू मेला समिति बिरीगोड़ा के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित क्षेत्र की विधायक सविता महतो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है और इसे सहेज कर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे इस तरह के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, ताकि हमारी लोक परंपराएं आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, कमिटी के संरक्षक दिलीप कुमार महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, विधायक की पुत्री स्नेहा महतो, ग्राम प्रधान प्रबोध उरांव, पूर्व मुखिया गुरुचरण सिंह सरदार, प्रदीप कुमार महतो, बादल महतो, रवीन्द्र तंतुवाई सहित बड़ी संख्या में मेला प्रेमी उपस्थित थे।

# भारत दूरदर्शी लीडर अवार्ड से नवाजे गए डॉ कौशल किशोर जायसवाल , पलामू पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

- पटना में आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी के हाथों मिला अवार्ड
बॉलीवुड के महिमा चौधरी ने किया पर्यावरणविद डॉ कौशल के कार्यों की सराहना

**समाज जागरण दीपक सरकार**



पटना /पलामू /झारखंड पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता सह ट्री मैन ऑफ इंडिया पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल को भारत दूरदर्शी नेता अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम से लौटने के बाद पलामू मंगलवार को पहुंचने पर उनके परिजनों व शुभचिन्तकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फूल माला व पुष्पगुच्छ देकर लोगों ने उनका अभिनंदन किया। उक्त अवार्ड से सम्मानित किए जाने से उनके लोगों में काफी हर्ष का माहौल है। पटना में आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन बॉलीवुड की अभिनेत्री महिमा चौधरी और बिहार सरकार से पूर्व पर्यटन मंत्री वर्तमान विधायक राजू सिंह ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर ट्री मैन ऑफ इंडिया पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि उनके द्वारा वर्ष 1967 से संचालित निशुल्क पौधा वितरण सह रोपण और 1977 से पर्यावरण धर्म सह वन राखी मूवमेंट को निजी खर्चों पर अब तक चलाया जा रहा है। इसके तहत अबतक जापान, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया. थाईलैंड, अजरबाईजान, वियतनाम, नेपाल, भूटान, बर्मा समेत देश के 25 राज्यों के 171 जिलों में 55 लाख से अधिक पौधों का निशुल्क वितरण सह रोपण और 23 लाख वन वृक्षों पर रक्षाबंधन किया है । इतना ही नहीं उनकी जीवनी की पढ़ाई सीबीएसई के कक्षा 8 आईसीएसई के कक्षा 6 में झारखंड मैन ऑन मिशन नामक शीर्षक से होती है। उक्त पुस्तक के लेखक अमेरिका के नील ओ ब्रेन व बेली ओ ब्रेन व इंडिया के अंजना शाह उर्मिला राय हैं।। कौन बनेगा करोड़पति तथा यूपीएससी के परीक्षा में डॉ कौशल के जीवनी के बारे में प्रश्न पूछे जाते हैं । उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने जन्मभूमि पलामू जिले के छतरपुर के डाली गांव में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क विकसित किया है। पार्क परिसर में उन्होंने दुनिया का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण कराया है जिसका उद्घाटन 12 फरवरी को होगा । जिसमें देश के कई राज्यों समेत अमेरिका के पर्यावरणविद और रिसर्चर सह लेखक श्री जॉर्ज जेम्स और नेपाल के पर्यावरण विद श्री सरोज कुमार शर्मा, कर्नाटक के पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े, उत्तराखंड के धूम सिंह नेगी व अर्चना बहुगुणा भी शामिल होगे। उन्होंने उद्घाटन में बिहार के लोगों को शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। उक्त अवसर पर छतरपुर के चिरू के सचिन पांडेय, करमा के सुभाष गुप्ता, डाली बाजार के रामजी प्रसाद जायसवाल, राम जन्म यादव, विनोद यादव, सत्या सिंह, संतोष कुमार भी उपस्थित थे। डॉ कौशल किशोर जायसवाल को उक्त अवार्ड मिलने पर देश-विदेश में उनको जानने वालों एवं पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

# कुड़मी अधिकार महारैली को सफल बनाने हेतु बैठक का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ - कुकड़ू प्रखंड के हाटतला में मंगलवार को कुड़मी समाज का एक बैठक किया गया। जिसमें आगामी 22 फरवरी को प्रभात तारा मैदान धुर्वा रांची में कुड़मि अधिकार महारैली को सफल बनाने हेतु केंद्रीय सचिव सुनिल महतो के अध्यक्षता में प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से समाज के अगुआ शीतल ओहदार उपस्थित हुए। वही शीतल ओहदार ने बताया कि कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन आगामी 22 फरवरी को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजन किया गया है। जिसमें टोटेमिक कुड़मी(महतो) जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचिबद्ध करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का मुख्य मांग है। बैठक में समाज के सखीचंद महतो, संदीप महतो, सचिदानंद महतो, अरुण महतो, उकील महतो, सुनील महतो, विष्णु पदो महतो, संजय कुमार महतो, बुद्धेश्वर महतो, रोहीन महतो, जगन्नाथ महतो, ज्योतिन महतो, मनोज कुमार महतो, सुभाष महतो,परान महतो सहित कुकड़ू प्रखंड कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने माननीय मंत्री जी को दिया पत्रक।

**योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। राजकीय स्नात कोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने माननीय अनुसूचित जाति/जनजाति एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जी से मिलकर उन्हें ओबरा तापीय विद्युत परियोजना प्रबंधन/ प्रशासन द्वारा टूट क्षेत्र से बाहर ओबरा तापीय परियोजना कॉलोनी में उन्हें उनके पद के अनुरूप अन्य कोई समुचित आवास आवंटित किए बिना, परियोजना कॉलोनी में उन्हें वर्तमान में आवंटित आवासों को खाली करने के लिए, की जा रही मनमानी एवं बनाए जा रहे अनुचित दबाव के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें पत्रक देकर उन्हें अवगत कराया कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के स्वामित्व वाली पूर्णतः सरकारी संस्था है। इसके प्राचार्य एवं प्राध्यापक सभी प्रथम श्रेणी के राजपत्रित अधिकारी हैं। इस महाविद्यालय की स्थापना 1982 में तत्कालीन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यहां के नागरिकों को ओबरा में ही उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन से अनुरोध करके यहां पर करवाई थी तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को निगमीय कर्मचारियों की भांति परियोजना कॉलोनी में ही आवास, विद्युत, पानी एवं चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने का वचन देते हुए उन्हें उक्त सुविधायें परियोजना कॉलोनी में ही उपलब्ध कराई गई थी। इसी कारण उस समय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र के निर्माण की कार्यदायी संस्था तत्कालीन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा महाविद्यालय परिसर में आवासों का निर्माण नहीं किया गया था बल्कि परियोजना कॉलोनी में ही महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को आवास आवंटित किए गए थे। राजकीय स्नातकोत्तर, महाविद्यालय ओबरा द्वारा भी प्रवेश में ओबरा के बच्चों को अतिरिक्त अधिभार (वेटेज)अंक प्रदान कर ओबरा के बच्चों को प्रवेश में वरीयता दी जाती रही है। आज ओबरा तापीय परियोजना प्रबंधन/प्रशासन द्वारा 1982 में ओबरा में इस स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार/ उच्च शिक्षा विभाग को दिए गए वचनों से मुकरते हुए ओबरा डी परियोजना के नाम पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों से निजी संस्था के कर्मचारी मानते हुए उनसे अवैधानिक रूप से आवास रिक्त करने के संबंध में अपनी मनमानी करते हुए उन पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। एक तरफ महाविद्यालय के प्राचार्य/ प्राध्यापकों के ठीक बगल में, समीप में एवं उसी कॉलोनी में निगमीय अधिकारी/कर्मचारी रह रहे हैं, दूसरी तरफ महाविद्यालय के प्राध्यापकों/ कर्मचारियो से ओबरा डी परियोजना के नाम पर आवास खाली करने को कहा जा रहा है। लग रहा है कि ओबरा डी परियोजना का बॉयलर, टरबाइन, कोल हैंडलिंग प्लांट, स्विचयार्ड सब चुन -चुन कर राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों / कर्मचारियो के आवासों में ही केवल लगाया जाएगा। यह ओबरा डी परियोजना के नाम पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के प्राध्यापकों/कर्मचारियो से आवास खाली करने की सोची समझी साजिश, षड्यंत्र मात्र प्रतीत हो रहा है। परियोजना प्रबंधन की इस प्रकार की कार्यवाही पूर्णतः अनुचित एवं अन्याय पूर्ण है। किसी भी परियोजना की स्थापना के लिए सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत परियोजना प्रबंधन/ प्रशासन द्वारा वहां के लोगों के आवास, चिकित्सा, शिक्षा, विद्युत,पानी इत्यादि आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनके निमित्त स्थापित संस्थाओं के अधि कारियों एवं कर्मचारियों को भी उक्त समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्राध्यापको ने ओबरा तापीय परियोजना प्रबंधन प्रशासन द्वारा की जा रही मनमानी, सौतेले व्यवहार एवं अनुचित दबाव का विरोध करते हुए, परियोजना प्रबंधन प्रशासन, अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड सहित माननीय राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री महोदय, माननीय अनुसूचित जाति जनजाति एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री सहित जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि ओबरा एक अत्यंत छोटी सी जगह है जहां पर निजी आवासीय सुविधा न के बराबर है। अतः महाविद्यालय परिसर में ही महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के लिए आवासों का निर्माण कराया जाए तथा जब तक आवासों का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक ओबरा तापीय परियोजना,उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड , द्वारा महाविद्यालय की स्थापना के समय दिए गए वचन का पालन करते हुए अपने अधिकारियों, कर्मचारियों की भांति महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को भी अपनी परियोजना कॉलोनी में ही आवास उपलब्ध कराए। टूट क्षेत्र से बाहर परियोजना कॉलोनी में बिना दूसरा आवास आवंटित किए, उनसे वर्तमान आवास रिक्त न कराया जाए। जिससे वे लोग बिना किसी मानसिक तनाव के स्वस्थ मन से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

# विकास योजनाओं के प्रति नगर उदासीन,विकास योजनाओं में धांधली का आरोप,करवाई की मांगःअरविन्द

**समाज जागरण दीपक सरकार**



छतरपुर (पलामू): छतरपुर नगर पंचायत में संचालित विकास योजनाओं में भारी अनियमितता और धांधली का आरोप लगाते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह छतरपुर विकास मंच के सह संस्थापक अध्यक्ष नगर पंचायत के पूर्व और भावी अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कायापालक अधिकारी, छतरपुर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत गठन के लगभग दस वर्षों बाद भी नगर की बुनियादी स्थिति जस की तस बनी हुई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद न तो आवास योजना के लाभुकों को समय पर भुगतान मिल पा रहा है और न ही सड़कों व नालियों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो पा रहा है। निर्माण कार्यों में स्टोन डस्ट के प्रयोग से सड़कें बनने के कुछ ही समय बाद टूट जा रही हैं। अरविंद गुप्ता ने नगर पंचायत द्वारा खरीदी गई कई सरकारी गाड़ियों के वर्षों से खराब पड़े होने, बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड के अभाव, टाउन हॉल निर्माण में देरी तथा संभावित जल संकट के बावजूद पानी टंकी चालू नहीं होने पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने होल्डिंग टैक्स वसूली में मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों से जबरन बढ़ा कर राशि वसूली जा रही है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच कर नगर पंचायत में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है।

# फादर पी विक्टर प्रधानाचार्य हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर के 59 वें जन्मदिन पर विशेष

## कन्याकुमारी से 1982 में काशी आने पर विक्टर को भा गयी काशी नगरी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

फादर पी विक्टर का जन्म 24 जनवरी 1967 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में नायर कोयल स्थान पर हुवा था।पिता स्व० ए पीटर एवम माता श्रीमती विन्सेन्ट के संरक्षण में आपकी प्रारंभिक शिक्षा तमिलनाडु में हुइ। हाई स्कुल प्रथम श्रेणी से उत्तिर्ण करने के बाद इण्टर मिडिएट की शिक्षा ग्रहण करने के लिए 1982 में पी विक्टर पहली बार काशी आये इनको काशी से उसी समय गहरा लगाव हो गया।इन्होंने इण्टर मिडिएट की शिक्षा सेंण्ट जांस स्कूल डी एल डब्ल्यू वाराणसी से प्रथम श्रेणी से पास की।

स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त करने के बाद आपने प्रयाग संगीत समिति से संगीत प्रभाकर की डिग्री प्राप्त की।25 अप्रैल 1995 को आपको कन्याकुमारी में आपके जन्म स्थान पर आयोजित पुरोहिताभिषेक कार्यक्रम में फादर (पुरोहित) बनाया गया।फादर बनने के बाद आपको वाराणसी धर्म प्रान्त के गाजीपुर जनपद के ग्रामीण इलाके में स्थित मरियाबाद मिशन पर फादर के रूप में नियुक्त होनें का सौभाग्य प्राप्त हुवा। यह गाजीपुर जनपद में फादर के रूप में आपका प्रथम आगमन था। मरियाबाद मे 2 साल की सेवा के बाद फादर पी विक्टर को वाराणसी स्थित नवसाधना कालेज आफ भरतनाट्यम का प्रशासक बनाया गया।

1997 से 1998 तक आपने इस पद को सुशोभित किया। उसके बाद जिस कालेज से आपने स्वयं शिक्षा ग्रहण की थी उसी सेंट जांस स्कूल वाराणसी का उप प्रधानाचार्य बनने का सौभाग्य प्राप्त हुवा। 3 साल के बाद आपको उच्च शिक्षा के लिए सेण्ट जेवियर्स कालेज कलकत्ता भेजा गया।1वर्ष के पश्चात आपको शाहगंज जौनपुर स्थित सेण्ट थामस इण्टर कालेज का उप प्रधानाचार्य बनाया गया। आपने 5 वर्ष तक शाहगंज में ज्ञान का दीपक जलाने का कार्य किया।डयोसिस आफ वाराणसी के द्वारा आपकी काबिलियत एवम आपके अन्दर की उर्जा को देखकर 2005 में सेंट जान्स स्कूल लोहता का प्रथम फादर एवम प्रधानाचार्य बनाया गया।2007 में काशी विद्वत परिषद के द्वारा काशी रत्न से आपको वाराणसी की जमीं पर नवाजा गया

2007-8 में आपको गाजीपुर जनपद



के ग्रामीण इलाके मे स्थित सबसे पुराने बिद्यालय हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर का काया कल्प करने के लिए प्रधानाचार्य के रूप में भेजा गया। आपके देख रेख में हार्टमन ईण्टर कालेज हार्टमन पुर का जनपद में एक सम्मान जनक स्थान हो गया है। आपके कार्यकाल में हार्टमन पुर मिशन में जनपद का सबसे खुबसूरत चर्च ,बोडिंग, समेत अनेक निर्माण कार्य बिकास के कार्य कराये गये है। आपने जनपद को हरा भरा करने के लिए एक संस्था बनायी है जिसे लोग मिशन ग्रीन गाजीपुर के नाम से जानते है। इस संस्था के माध्यम से आपने 2014 में एक वर्ष में 25000 बृक्षारोपण कराकर एक रिकार्ड कायम किया है।आपके पर्यावरण के प्रति विशेष लगाव एवम बृक्षारोपण के लिए समर्पित भाव को देख कर वाराणसी धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष परम श्रद्धेय डा०यूजिन जोसफ के द्वारा भी प्रोत्साहन मिलता है। 2018 में भी आपने वाराणसी धर्म प्रान्त से प्राप्त 25000 पौधो को गाजीपुर बलियां मऊ जनपद में रोपण कराने का कार्य किया है। हर वर्ष आपका यह कार्य निरन्तर आगे बढ रहा है।फादर पी विक्टर अब तक लगभग एक लाख से ज्यादा की संख्या में पौधा रोपण कार्य कराकर एक अनोखा रिकार्ड पूर्वांचल में कायम कर दिये है।पर्यावरण प्रेम की वजह से फादर पी विक्टर को अब लोग ग्रीन फादर के नाम से जानने लगे है।जो भी फादर विक्टर से मिला वह उनके ब्यवहार से उनका कायल हो गया.

आप पर्यावरण प्रेमी के साथ साथ लेखक,गीतकार, गायक एवम वादक भी है।आप के द्वारा स्वरचित अनेक गीत भजनों की रिकार्डिंग भी की गयी है। कुछ भजनों को तो आप की आवाज मे भी रिकार्ड किया गया है।आप बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति है।

आपने हार्टमनपुर की उसर माटी को अपने प्रयास से हरा भरा कर दिया है।आपको अब तक गाजीपुर बलिया जनपद के अनेक कार्यक्रमों में सम्मानित किया जा चुका है।

1जुलाई 2019 को आपको सेण्ट जान्स सिद्दिकपुर जौनपुर का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया।तब से आप प्रधानाचार्य के पद को सुशोभित कर रहे थे।पांच वर्ष के पश्चात आपको पुनः 24 जून 2024 को जौनपुर से गाजीपुर के हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर का प्रशासक नियुक्त किया गया।तब से आप हार्टमन इण्टर कालेज के प्रशासक के पद पर आसीन हैं।आपके पुनः आगमन के पश्चात हार्टमन इण्टर कालेज के नये भवन का निर्माण कार्य सम्पन्न हो गया है।

आपको वाराणसी में काशी रत्न.राष्ट्रीय गौरव रत्न.यूपी गौरव.चन्द्रशेखर रत्न जैसे सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

फादर पी विक्टर का 24 जनवरी को 59 वां जन्मदिन है।जिसे विद्यालय के छात्र छात्राओं शिक्षक स्टाफ एवं उनके सभी शुभचिंतकों के द्वारा मनाया जायेगा।

# मां कष्टहरणी धाम के पुजारी स्व० हरिद्वार पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि पर उमड़े लोग

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीन पुर स्थित मां कष्टहरणी धाम के पूर्व पुजारी स्व० हरिद्वार पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि के निमित्त मां कष्टहरणी धाम में रविवार को अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। सोमवार को हवन पुजन आरती के पश्चात श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भण्डारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर हृदय नारायण दूबे, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय,हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर, हिमांशु राय प्रबन्धक सरजू राय मेमोरियल पीजी कालेज गांधीनगर, कृष्णानंद राय,पं श्याम राज तिवारी, रविशंकर राय, यशवंत सिंह प्रबंधक आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचंवर, दिनेश राय गुड्डू, मनन जी वर्मा, मनोज सिंह थानाध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य सत्येन्द्र यादव, अखिलेश राय, धनंजय प्रधान, अशोक राय,





संजय राय,ओंकार नाथ राय, सुनील राय,रमेश राय, सत्यदेव पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य,गोपाल राय, सत्यजीत राय,राजेश राय पूर्व प्रधान, बैकुंठ राय,बृहद राय, देवेन्द्र राय, टिंकू राय,डिंपल राय, अवनीश राय, आशुतोष राय, दिनेश पाण्डेय समेत हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने स्व० हरिद्वार पाण्डेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के अंत में गरीब महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया।सभी का स्वागत राजकुमार पाण्डेय एवं महेश्वर पाण्डेय के द्वारा किया गया।

# गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग 2025-26 के फाइनल मैच में मवेरिक्स 110 रनों से विजयी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध झ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के तत्वाधान में गाजीपुर के स्थानीय स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के जीडीसीए मैदान पर खेले जा रहे गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग 2025-26 श्रृंखला का फाइनल मैच आज मवेरिक्स और सीपीसी - ब्लू के बीच खेला गया मैच के पूर्व गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने अंपायर स्मृति राय और आरू के साथ मिलकर पिच का निरीक्षण कर दोनों टीम के खिलाडियों का परिचय लिया

फाइनल मैच में मवेरिक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया` पहले बल्लेबाजी करते हुए मवेरिक्स की टीम ने प्रिंस के 42 गेंद पर 65 रन तथा कप्तान अभिषेक कश्यप के 62 रनों की बदौलत निर्धारित 35 ओवर में छःविकेट के नुकसान पर 263 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया` सीपीसी-ब्लू के तरफ से अजय यादव व अभिनव कुमार ने सर्वाधिक २-२ एवं पवन राय व विनीत सिंह राजपूत ने 1-1 विकेट लिया` मैच के दूसरी पारी में 264 रनों के लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी सीपीसी-ब्लू की टीम मैच के 30वें ओवर की चौथी गेंद पर मात्र 153 रन बनाकर आल आउट हो गई` सीपीसी झ ब्लू के तरफ पवन राय ने 37 गेंद पर 53 रन व सूर्यांश ने नाबाद 50 रन का योगदान दिया` मवेरिक्स के तरफ से प्रशांत राय ने सर्वाधिक 4 यश यादव ने 3 एवं अमन वर्मा ने २ तथा संदीप निषाद ने 1 विकेट लिया` आज के मैच में स्मृति राय एवं रोहित ने अंपायर तथा आरू, शिखर, मनीष और पियूष ने स्कोरर की भूमिका निभाई`

मैच की समाप्ति के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सानंद सिंह तथा गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह के कर-कमलों द्वारा विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की गई` मैन ऑफ द मैच का खिताब संजीव कुमार सिंह के हाथों मवेरिक्स के यश यादव को तथा श्रृंखला के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ी का पुरस्कार शाश्वत सिंह के हाथों पवन राय को दिया गया` इसके अतिरिक्त फाइनल मैच के दोनों टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र और पदक से सम्मानित किया गया` साथ ही सम्पूर्ण लीग श्रृंखला में अभूतपूर्व योगदान के सभी वालंटियर को सीपीसी के अध्यक्ष वैभव सिंह के हाथों सम्मानित किया गया`





इस अवसर पर मुख्य अतिथि रो० डॉ. सानंद सिंह ने अपने वक्तव्य कहा कि गाजीपुर क्रिकेट लीग 2025-26 का बहुत ही कुशलता पूर्वक सुनियोजित ढंग से आयोजन किया गया है` जनपद में क्रिकेट के विकास में गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन निःसंदेह बेहतर कार्य कर रही है जिसके लिए संजीव कुमार सिंह व गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह और उनका पूरा परिवार पूर्ण रूप से समर्पित हैं` विगत वर्षों में जनपद से कई खिलाड़ी क्रिकेट के आसमान में नए सितारे के रूप उभर रहे हैं और निकट भविष्य और भी खिलाड़ी उभर कर सामने आयेंगे` उन्होंने बताया कि वह सीपीसी के संरक्षक भी है।उन्होंने सीपीसी अध्यक्ष वैभव सिंह व सचिव रंजन सिंह को जीडीसीए अध्यक्ष शाश्वत सिंह के साथ मिलकर कर्मवीर सत्यदेव सिंह स्मारक नॉक आउट मैच कराये जाने का भी प्रस्ताव रखा।उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के गवर्निंग कौंसिल सदस्य तथा गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन संजीव कुमार सिंह ने 51 मैचों के इस गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग 2025-26 श्रृंखला के सफलतापूर्वक संपन्न कराये जाने के लिए संस्था के अध्यक्ष शाश्वत सिंह व सीपीसी के अध्यक्ष वैभव सिंह व उनकी पूरी टीम विशेषकर रंजन सिंह की भूरी-भूरी प्रशंसा की` उन्होंने कहा कि जी.डी.सी.ए. संस्था के अध्यक्ष शाश्वत सिंह के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है जिसकी सराहना राज्य स्तर पर भी की जाती है` गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि उनकी संस्था गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन प्रतिवर्ष इस प्रकार के लीग तथा अन्य मैच श्रृंखला का आयोजन करते रहेगी` इस प्रकार के मैच श्रृंखला से खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है तथा उनके खेल में निरंतर निखार आता है ताकि भविष्य में उन्हें बेहतर मंच मिल सके इस पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित शिक्षण संसथान सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक व रोटरी क्लब गाजीपुर के सक्रिय सदस्य व समाजसेवी रो० डॉ. सानंद सिंह सहित गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह, सीपीसी के अध्यक्ष वैभव सिंह रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो० बरुन कुमार अग्रवाल सचिव रो० अरबिंद कुमार शर्मा रो० जीशान जिया, रो० संजर नासिर, रो० असित सेठ, संजय राय, रंजन सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे

# खेल और शिक्षा युवाओं के जीवन में दोनों आवश्यक है-हिमांशु राय

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के पतार में रघुवंशी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि सरजू राय मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्रबंध निदेशक हिमांशु राय ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल और शिक्षा युवाओं के जीवन में दोनों आवश्यक है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ होता है।

पातर गांव में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान पहुंचे मुख्य अतिथि हिमांशु राय ने कहा कि ग्रामीण अंचल से खेल के क्षेत्र में निकालकर युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। खेल से जहां एक तरफ तन और मन दोनों स्वस्थ होता है वहीं दूसरी तरफ एकता और भाईचारा भी कायम होता है।

खिलाड़ी को चाहिए कि वह खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलें। हर और जीत मायने नहीं रखता खिलाड़ी की प्रतिभा हमेशा उसे ऊंचाइयों पर ले जाती है। इस प्रतियोगिता के दौरान लठ्ठूडीह व पतार के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें





पहले खेलते हुए लठ्ठूडीह की टीम ने निर्धारित ओवरों में 106 रन का लक्ष्य दिया।

जिसका पीछा करते हुए पतार की टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल करते हुए लठ्ठूडीह की टीम को पराजित कर दिया। मैन ऑफ द मैच राहुल सिंह को दिया गया। अंत में आयोजन कमेटी के द्वारा सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त कियागया।

इस दौरान प्रमुख रूप से स्वदेशी जागरण मंच के प्रात सहसंयोजक कृपाशंकर सिंह, दिवाकर पाण्डेय, श्रीभगवान राजभर, सुशील सिंह आदि प्रमुख रूप से रहे।

# निगोहां में राहुल 11 की शानदार जीत, चुरुवा को 9 विकेट से हराया.....

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

निगोहा क्षेत्र के शेखपुर दखिना टोल प्लाजा के समीप बने खेल मैदान में आयोजित आठवें भोले बाबा क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत मंगलवार को अंतिम आठवां लीग मैच खेला गया। यह मुकाबला राहुल 11 जरौली और चुरुवा टीम के बीच हुआ, जिसमें राहुल 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की।

मैच में राहुल 11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चुरुवा की टीम राहुल 11 के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बिखर गई और मात्र 39 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



राहुल 11 के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ घातक गेंदबाजी की, जिससे चुरुवा के बल्लेबाज टिक नहीं सके।इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी राहुल 11 की टीम ने बिना किसी दबाव के खेलते हुए केवल 4.3 ओवर में ही 9 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। राहुल 11 के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में रन बनाते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।मैच में हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले पोखर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पोखर ने पहले गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, वहीं बल्लेबाजी में 9 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया।टूनार्मेंट के सफल आयोजन में समाजसेवी अनमोल तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में खेल भावना विकसित होती है और क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मैच के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# विधायक भूपेश चौबे ने बेढिगांव संपर्क मार्ग का किया शिलान्यास

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सदर विकास खंड क्षेत्र के बेठिगांव संपर्क मार्ग का मंगलवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों में प्रमाण पत्र एवं कार्ड वितरित किया। इस दौरान उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पढ़ाई से लेकर दवाई तक छत से लेकर इज्जत तक सबका ख्याल रख रही है।

# कानपुर : पुलिस की लापरवाही से तीसरे दिन हुआ हत्या की शिकार विवाहिता का पोस्टमार्टम

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। पुलिस की लापरवाही अब उन लोगों को भी भारी पड़ रही है ,जिनके परिजन हत्या के रूप में मौत का शिकार बन चुके हैं। जिसका ज्वलंत उदाहरण है महाराजपुर में अवैध संबंधों के शक में हत्या का शिकार बनाई गई विवाहिता का मामला। उसके शव का पोस्टमार्टम घटना के तीन दिन बाद आज सोमवार को किया गया। उसकी तीन दिन पहले उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी थी।

कुल मिलाकर हत्या के इस मामले में मामले में पुलिस की एक बड़ी लापरवाही देखने को मिली। घटना के तीसरे दिन पुलिस ने मृतका श्वेता का पोस्टमार्टम कराया, इस दौरान बॉडी डिकंपोज होने लगी।

जानकारी देते हुए मृतका के चचेरे भाई आशीष सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस से पंचायतनामा भरने की बात कही, तो पुलिस ने शहर में वीआईपी मूवमेंट में हवाला दिया और रविवार देर शाम पंचायतनामा भरकर भेजा, लेकिन देर होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं सका ,जिससे



परिजन पूरे दिन भटकते रहे। इस दौरान गाजीपुर के मोहनपुर गांव निवासी श्वेता की मां ऊषा देवी ने कहा कि हत्यारोपी सचिन झूठ बोल रहा था कि बेटी के साथ कमरे में लड़के मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिन व उसके परिजन दहेज में 10 लाख रुपए की मांग करते थे। दहेज न देने पर सचिन ने परिजनों के साथ मिलकर बेटी को मौत के घाट उतार दिया। ऊषा ने बताया कि सचिन उनकी बेटी को खाने तक के लिए मोहताज रखता था।

मृतका की मां ने बिलखते हुए बताया कि बेटी चोरी छिपे उन्हें इंस्टाग्राम के जरिए कॉल करती थी। दामाद सचिन हम लोगों से बात करने को मना करता था, 10 जनवरी को बेटी से बात करने पर सचिन ने श्वेता की बेरहमी से पिटाई की थी।

# सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए चुनाव में सतनारायण गोयल पैनल की ऐतिहासिक जीत

नोएडा। सेक्टर-55 में रविवार को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राजीव अग्रवाल एवम सुधीर श्रीवास्तव, राजेंद्र शर्मा ने जीत की घोषणा की।

इस चुनाव में सतनारायण गोयल - नीरज शर्मा पैनल तथा गजेंद्र बैसला पैनल के मध्य सीधा मुकाबला था। सेक्टर-55 की जनता जनार्दन ने ऐतिहासिक एवं प्रचंड बहुमत के साथ सतनारायण गोयल एवं उनकी पूरी टीम को विजयी बनाकर अपने विश्वास और समर्थन की मुहर लगाई। यह जनसमर्थन उनके द्वारा विगत वर्षों में किए गए विकास कार्यों, निष्कलंक सेवा, समर्पण, पारदर्शिता एवं सेक्टर के प्रति अटूट लगन का प्रतिफल था।

सेक्टर के समस्त परिवारजनों ने वर्षों पुरानी चुनावी परंपराओं से अलग हटकर इस बार संपूर्ण सतनारायण



गोयल पैनल को एकजुट होकर भारी बहुमत से विजयी बनाया, जिससे यह चुनाव सेक्टर-55 के इतिहास में एक मिसाल बन गया।

वर्तमान अध्यक्ष सतनारायण गोयल ने अपने पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में सेक्टर-55 को विकास की नई दिशा दी। विशेष रूप से गेट नंबर-5 का निर्माण, जो आज पूरे नोएडा में चर्चा का विषय बना हुआ है, सहित अनेक विकासात्मक कार्यों और सामाजिक सरोकारों ने इस चुनाव को ऐतिहासिक शिखर तक पहुँचाया।

**निर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्य:**

अध्यक्ष सतनारायण गोयल, महासचिव नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजरानी अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुदेश खोखर, आंतरिक लेखा परीक्षक), विद्या रावत, संयुक्त सचिव दिनेश पाठक, दिनेश मिश्रा, ब्लॉक प्रतिनिधि निशांत गर्ग, अजय अरोड़ा, जोगेंद्र शर्मा, विपिन अग्रवाल, अजय शुक्ला, ललित मोहन, मीरा वार्ष्णेय, रेणुका भट्ट, सुरेंद्र शर्मा, शरद चौहान।

नव-निर्वाचित टीम ने सेक्टर-55 के समग्र विकास, सुरक्षा, स्वच्छता और पारदर्शी प्रशासन के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# उ०प्र० सहकारी ग्राम विकास बैंक चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अशोक तिवारी का निर्विरोध चुना जाना तय

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

(भाजपा प्रत्याशी समेत तीन उम्मीदवारो ने किया नामाकंन)

मोहनलालगंज। उ०प्र० सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड मोहनलालगंज शाखा के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। भाजपा प्रत्याशी अशोक तिवारी ने जिला सहकारी बैंक लखनऊ के अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य विधायक अमरेश कुमार रावत,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी,वरिष्ठ भाजपा नेता राज कुमार सिंह चौहान,पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोविंद पांडे,जिला सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी,वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र दीक्षित, मोहनलालगंज ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला व गोसाईगंज ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा,चेयरमैन निखिल मिश्रा,जिला महामंत्री रामलाल,भाजपा नेता अविचल शुक्ला,जिलामंत्री हंसराज,मंडल



अध्यक्ष चक्रवीर सिंह समेत भाजपा नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र भरकर निर्वाचन अधिकारी( तहसीलदार) रितुराज शुक्ला के समक्ष जमा किया।

अध्यक्ष पद के लिए दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नामांकन दाखिल किया है, जबकि समाजवादी पार्टी की ओर से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।सूत्रो की माने दोनो निर्दलीय उम्मीदवारो की नामवापसी के बाद भाजपा उम्मीदवार अशोक तिवारी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय माना जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी रितुराज शुक्ला ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि गुरुवार को निर्धारित समय के भीतर नामांकन वापसी की प्रक्रिया होगी।नामाकंन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण करने के लिये एसीपी विकास कुमार पांडे व प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी भारी पुलिस फोर्स व पीएसी बल के साथ मौजूद रहें।

# टीबी-एचआईवी कोऑर्डिनेशन बैठक संपन्न

**समाज जागरण संवाददाता**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**

सीएमओ कार्यालय सभागार में मंगलवार को टीबीझएचआईवी कोऑर्डिनेशन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत भी उपस्थित रहे।

बैठक में टीबी एवं एचआईवी के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि टीबी और एचआईवी दोनों ही गंभीर संक्रामक रोग हैं, जिनकी समय पर पहचान और समन्वित उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित



व्यक्तियों में टीबी होने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए दोनों कार्यक्रमों के बीच बेहतर तालमेल से रोगियों को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है।

सीएमओ ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर टीबी मरीजों की एचआईवी जांच तथा एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही काउंसलिंग, दवा वितरण एवं फॉलोअप व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीबी उन्मूलन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत ने टीबीझएचआईवी कोऑर्डिनेशन की कार्ययोजना तथा जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

बैठक के माध्यम से जिले में टीबी मुक्त अभियान को गति देने तथा एचआईवी से प्रभावित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।